@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 28 फरवरी 2026

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 115 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)


# अजमेर में नरेंद्र मोदी का दौरा आज

## 16,686 करोड़ की 43 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

**एजेंसी**

**जयपुर।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 28 फ़रवरी को राजस्थान के अजमेर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा अजमेर शहर की कायड़ विश्रामस्थली पर आयोजित होगी।

दौरे के दौरान प्रधानमंत्री लगभग 16 हजार 686 करोड़ रुपये की लागत की 43 प्रमुख विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इनमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों की 8 हजार 554 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाएं शामिल हैं, जो शहरी विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण, ऊर्जा, जल संसाधन और उद्योग क्षेत्रों से संबंधित हैं। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री बालिकाओं को एचपीवी टीके की पहली खुराक देकर अभियान की शुरुआत करेंगे। यह पहल सर्वाइकल



कैंसर की रोकथाम और किशोरियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। अभियान का उद्देश्य प्रारंभिक अवस्था में टीकाकरण के माध्यम से बीमारी की रोकथाम करना और महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी 8 हजार 132 करोड़ रुपये की नौ परियोजनाओं को भी इस अवसर पर समर्पित किया जाएगा। इनमें बांदीकुई से जयपुर तक 4 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, दिल्ली-वडोदरा एक्सेस कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के एक पैकेज तथा प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार और

- इसके अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा पारेषण प्रणाली के तहत 3,616 करोड़ रुपये की परियोजना का लोकार्पण तथा 220 केवी और 400 केवी ग्रिड सब-स्टेशनों का शिलान्यास भी प्रस्तावित है।

चौड़ाईकरण से जुड़े कार्य शामिल हैं। जयपुर में सांगानेर से मालपुरा गेट तक एलिवेटेड रोड और जोधपुर में महामंदिर से अखलिया चौराहा तक 4 लेन एलिवेटेड रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का भी शिलान्यास होगा। स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नोनेरा वृहद् पेयजल परियोजना और परवन अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के विभिन्न पैकेजों की आधारशिला रखी जाएगी।

# आज कोर्ट ने भी कह दिया केजरीवाल कट्टर ईमानदार है: केजरीवाल

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली/पंजाब। एक ऐतिहासिक फैसले में दिल्ली की विशेष अदालत ने शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य सभी आरोपियों को कथित शराब नीति मामले में बरी कर दिया और कहा कि यह मामला मुकदमा चलाने लायक भी नहीं है। आम आदमी पार्टी ने इस फैसले को आजाद भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक साजिश का पर्दाफाश बताया। इस फैसले को ईमानदार राजनीति की पूर्ण जीत करार देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह मामला आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए गढ़ा गया था क्योंकि भाजपा उन्हें शासन के मोर्चे पर हरा नहीं पाई। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि इस फैसले ने केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को उजागर किया है, संवैधानिक सुरक्षा को फिर से मजबूत किया है और न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल किया है। विशेष अदालत द्वारा बरी किए जाने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से भाजपा ने भारतीय राजनीति में %शराब घोटाला% शब्द का जमकर इस्तेमाल किया, लेकिन आज अदालत और हमारी न्याय व्यवस्था ने इस मामले में बेहद ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। उन्होंने कहा कि वे न्यायपालिका और माननीय जज का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं।



केजरीवाल ने कहा कि आज के माहौल में जब संस्थाओं और अधिकारियों को डराया-धमकाया जा रहा है, तब जज साहिब ने इतना बड़ा फैसला सुनाकर अद्भुत साहस दिखाया है। उन्होंने उन सभी वकीलों का भी शुक्रिया अदा किया जिन्होंने हर कदम पर साथ खड़े रहकर अदालत में यह लड़ाई लड़ी। साथ ही उन्होंने देशभर के उन लोगों का भी आभार व्यक्त किया जो पिछले चार साल के दमन के दौरान उनके साथ खड़े रहे। मामले की पृष्ठभूमि बताते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले चार साल से ईडी, सीबीआई और अन्य संस्थाओं का इस्तेमाल करके उन पर %शराब घोटाले% का आरोप लगाया गया। आज अदालत को यह तय करना था कि क्या मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सामग्री भी है या नहीं। फैसले के विवरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि करीब 600 पन्नों के आदेश में सभी सबूतों और गवाहों की जांच के बाद अदालत ने कहा है कि मुकदमा चलाने के लिए एक छोटा सा भी सबूत नहीं है। अदालत ने कहा कि यह मामला इतना कमजोर, इतना फर्जी, इतना बेबुनियाद और इतना गलत है कि मुकदमा शुरू करने के लिए एक भी सबूत या एक भी गवाह नहीं है। सीधा हमला बोलते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह साजिश दो लोगों ने रची थी - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने। उन्होंने कहा कि आज दोनों को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि उन्होंने आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश रची, क्योंकि वे काम की राजनीति पर हमें हरा नहीं सके।

शेष पृष्ठ 3 पर

# तमिलनाडु विधानसभा चुनाव-2026 देश के लिए बनेगा आदर्श उदाहरण : ज्ञानेश कुमार

**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव-2026 को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राज्य में होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण साबित होगा। दो दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। दिल्ली लौटने से पूर्व उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चुनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कानून के दायरे में संपन्न कराए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। मतदान केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा और उनके सुरक्षित रख-रखाव के लिए अलग व्यवस्था की जाएगी। ज्ञानेश कुमार ने बताया कि मतदान कर्मियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे कि वे बिना किसी दबाव या भय के स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें। मतदान की प्रगति से संबंधित जानकारी प्रत्येक दो घंटे में ऑनलाइन अपलोड की जाएगी। फर्जी खबरों और भ्रामक सूचनाओं पर रोक लगाने के लिए सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जाएगी तथा आवश्यक होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# शाह ने सुरक्षा मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

- भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी, प्रबंधन और सुरक्षा समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई

**बैठक में सीमा प्रबंधन से जुड़े कई अहम बिंदुओं की समीक्षा की गई और भविष्य की कार्ययोजना पर सहमति बनी**

**एजेंसी**

**पूर्णिया।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने तीन दिवसीय सीमांचल दौरे के अंतिम दिन शुक्रवार को पूर्णिया में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े सुरक्षा मुद्दों पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। जीरो माइल स्थित एक होटल में आयोजित यह बैठक में लगभग 700 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी, प्रबंधन और सुरक्षा समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा



व्यवस्था, अवैध घुसपैठ पर रोक तथा खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर सीमावर्ती क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों, तस्करी और अवैध आवाजाही पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नई रणनीति तैयार की गई। सीमा क्षेत्रों में तकनीकी निगरानी बढ़ाने, खुफिया तंत्र को मजबूत करने तथा विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

सीमांचल क्षेत्र के नेपाल एवं बांग्लादेश सीमा से सटे होने के कारण इसे संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

सीमावर्ती थानों की सक्रियता बढ़ाने, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर तालमेल तथा नियमित संयुक्त अभियान चलाने पर सहमति बनी।

# कनाडाई पीएम मार्क कार्नी मुंबई पहुंचे

- 2 मार्च को पीएम मोदी संग करेंगे क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर चर्चा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी पत्नी डायना फॉक्स कार्नी के साथ चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंच चुके हैं। मार्क कार्नी का बतौर प्रधानमंत्री पहला भारत दौरा है। पीएम कार्नी भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 2 मार्च को देश की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का भारत के अपने पहले आधिकारिक दौरे पर मुंबई पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत है। यह दौरा भारत-कनाडा संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल और मार्केटिंग मंत्री जय कुमार रावल ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। भारत-कनाडा पार्टनरशिप साझा डेमोक्रेटिक मूल्यों, लोगों के बीच मजबूत संबंधों और अलग-अलग सेक्टर में बढ़ते सहयोग पर आधारित है।' विदेश मंत्रालय की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को पीएम कार्नी मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह 1 मार्च को नई दिल्ली पहुंचेंगे। नई दिल्ली में वह 2 मार्च को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से सुबह 9 बजे होटल लीला पैलेस में मुलाकात करेंगे। फिर सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर वह हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे।

11 बजकर 40 मिनट पर दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज होगा और फिर प्रेस स्टेटमेंट जारी किए जाएंगे। एक बजकर 50 मिनट पर भारत मंडपम में भारत-कनाडा सीईओ फोरम की शुरुआत होगी, जिसमें दोनों देशों के प्रधानमंत्री शामिल होंगे। शाम छह बजे पीएम कार्नी अपने देश के लिए रवाना होंगे।

## शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपित राशिद नसीम यूएई में गिरफ्तार

**लखनऊ।** शाइन सिटी घोटाले मामले के फरार मुख्य आरोपित राशिद नसीम को सयुंक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यूपी में निवेश धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में भगोड़े राशिद नसीम के खिलाफ लखनऊ समेत कई जिलों में मुकदमें दर्ज हैं। उस पर आरोप है कि उसने निवेश के नाम पर लोगों से लुभावने रिटर्न का वादा कर करोड़ों की ठगी की है। पुलिस का शिकंजा कसता देख 2019 में राशिद नसीम देश छोड़कर दुबई फरार हो गया था।

# छत्तीसगढ़ में 120 पूर्व नक्सलियों ने किया विधानसभा का भ्रमण

**सीएम ने दिया बेहतर भविष्य का भरोसा**

**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ जारी संघर्ष में आ रहा बदलाव दिखने लगा है। झीरम घाटी के हमले में शामिल रहे 120 पूर्व नक्सलियों ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा की गैलरी से सदन की कार्यवाही देखी। विधानसभा की गैलरी में कई इनामी नक्सली भी मौजूद रहे। इनमें से एक करोड़ का इनामी रहा माओवादी कमांडर रुपेश और 25 लाख का इनामी चैतू भी शामिल रहा। 2013 में झीरम कांड के हमले में चैतू भी शामिल था, जिसमें कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी मारे गए थे। इन सभी नक्सलियों ने तीन माह पहले जगदलपुर में समर्पण किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन सभी से समाज की मुख्य धारा में शामिल होने की अपील की। बाद में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने आवास पर इन सभी पूर्व नक्सलियों से व्यक्तिगत संवाद किया और उनकी सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इससे पहले नक्सलियों ने विधानसभा की कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल, बहस और विभिन्न मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष को बहस करते देखा।



विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे पूर्व माओवादियों का यह दौरा साबित करता है कि छत्तीसगढ़ में हो रहे सुधारों में उनका विश्वास बढ़ा है और ये सभी सामान्य जीवन का हिस्सा बनने की राह पर हैं।

विधानसभा दौरे से एक शाम पहले, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नवा रायपुर स्थित अपने आवास पर इन पूर्व विद्रोहियों की मेजबानी की। औपचारिक समारोह से बिल्कुल अलग, इस आयोजन में गर्मजोशी से स्वागत किया गया, फूलों की वर्षा की गई और साथ में भोजन किया गया जिससे सभी के बीच व्यक्तिगत जुड़ाव महसूस हुआ।

शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति से व्यक्तिगत रूप से बात की, उनकी कहानियां सुनीं और रायपुर में उनके अनुभव के बारे में मार्गदर्शन दिया। इन प्रयासों का उद्देश्य प्रशासन और हिंसा से दूर रहने वाले लोगों के बीच विश्वास को मजबूत करना था। अगली सुबह, गहन सुरक्षा जांच के बाद, समूह उत्साह से भरा हुआ आगंतुक कक्ष में प्रवेश किया।

# बौद्ध धर्म एक जीवन पद्धति है: किरेन रिजिजू

- भारत सरकार बौद्ध विरासत के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है।

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** संसदीय मामलों एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि बौद्ध धर्म केवल एक पहचान नहीं बल्कि एक जीवन पद्धति है।

किरेन रिजिजू ने यह बात आज नई दिल्ली स्थित सार्वजनिक उद्यमों के स्थायी सम्मेलन कॉम्प्लेक्स में आधुनिक भारत में बौद्ध धर्मः सांस्कृतिक और सामाजिक मार्ग पर आगे बढ़ना विषय पर आयोजित एक विशेष संगोष्ठी में कही। रिजिजू ने कहा, बुद्ध धर्म अपनाने के लिए किसी कठिन तकनीकी प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं है, उनके मूल विचारों को जीवन में उतारना ही सच्चा बौद्ध होना है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी धर्म का हो बुद्ध के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चल सकता है। शांति स्थापित करने के लिए शक्तिशाली बनना आवश्यक है, और यदि शक्ति बुद्ध के ज्ञान के साथ आती है, तो वह समाज की रक्षा करती है।

मंत्री ने कहा कि भारत सरकार बौद्ध विरासत के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। करुणा, सहिष्णुता और सह-



अस्तित्व के बौद्ध मूल्यों पर चलते हुए समावेशी विकास को आगे बढ़ाया जाएगा। भारत बुद्ध की जन्मभूमि है और विश्वभर के बौद्धों की आस्था का केंद्र है।

# उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

- पीड़ितों के बयान और मेडिकल भी हो चुका है।

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।

गौरतलब है कि आशुतोष ब्रह्मचारी की अर्जी पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट के आदेश के अनुपालन मेंअविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बीते रविवार झूंसी थाने में पॉस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज़ किया गया है। झूंसी



पुलिस मुकदमा दर्ज़ होने के बाद इस मामले में पूछताछ कर चुकी है। पीड़ितों के बयान और मेडिकल भी हो चुका है।

# तेज भूकंप से फिर कांपा पूरा बंगाल

**कोलकाता समेत कई जिलों में दहशत**

**एजेंसी**

**कोलकाता।** शुक्रवार दोपहर एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से समूचा बंगाल दहल उठा। दोपहर करीब 1:20 बजे कोलकाता और आसपास के जिलों में जोरदार झटके महसूस किए गए। अचानक आए भूकंप से दहशत फैल गई और लोग घरों व दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। लोगों का कहना है कि इस तरह का तीव्र कंपन उन्होंने पहले कभी महसूस नहीं किया था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.9 से 5 के बीच रही। वहीं, कई मोबाइल अलर्ट में इसकी तीव्रता पांच बताई गई। ऊंची इमारतों में रहने वाले लोगों ने तेज झटकों का अनुभव किया। भूकंप का असर लगभग एक मिनट तक महसूस किया गया। सूत्रों के मुताबिक, यह भूकंप सिर्फ बंगाल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी इसके झटके महसूस किए गए। कोलकाता में रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.6 दर्ज की गई, जबकि बांग्लादेश में इसकी तीव्रता 5.5 रिकॉर्ड की गई है। प्रारंभिक तौर पर भूकंप का केंद्र बांग्लादेश के खुलना क्षेत्र में होने की बात सामने आ रही है।

पश्चिम बंगाल में नदिया, हुगली, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा सुंदरबन समेत कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। हालांकि, खबर लिखे जाने तक कहीं से भी जान-माल के नुकसान की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। भूकंप के बाद कुछ समय तक लोगों में भय का माहौल बना रहा और कई इलाकों में लोग एहतियातन खुले स्थानों पर खड़े नजर आए।

# चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली पर बनेगा 5 करोड़ की लागत से पार्क- सीएम मोहन यादव

**एजेंसी**

**अलीराजपुर।** आजादी के नायक चंद्रशेखर आजाद की 95वीं पुण्यतिथि के मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उनकी जन्मस्थली अलीराजपुर के भाबरा (चंद्रशेखर आजादनगर) में पांच करोड़ की लागत से आजाद पार्क के निर्माण का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अलीराजपुर जिले में आज़ाद स्मृति समारोह में कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद की जन्मभूमि पर आना मेरे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। भाबरा क्षेत्र में चंद्रशेखर आज़ाद की स्मृति में पांच करोड़ की लागत से 'आज़ाद पार्क' का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि हमारा नेतृत्वकर्ता चंद्रशेखर आज़ाद जैसा होना चाहिए, जो स्वाधीनता के लिए हर परिस्थिति में अडिग रहे। 14 वर्ष की उम्र में जब अदालत में नाम पूछा गया, तो उनका उत्तर था- माता आज़ाद, पिता स्वाधीनता और घर का पता जेल; ऐसा साहस केवल क्रांतिकारी ही दिखा सकता है।

# सबूतों के अभाव में बरी हुए केजरीवाल : भाजपा

**सबूतों को नष्ट करने के लिए 173 मोबाइलों को नष्ट किया गया: भाजपा**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले के सीबीआई से संबंधित मामले में बरी किए जाने पर कहा कि अदालत ने सबूतों के अभाव में उन्हें बरी किया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यह एक तकनीकी मामला है और इसमें सैकड़ों मोबाइल फोन और सिम कार्ड नष्ट किए गए। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सबूतों के अभाव में अदालत से बरी हुए हैं। सभी लोग जानते हैं कि सबूतों को नष्ट करने के लिए



173 मोबाइलों को नष्ट किया गया। भाजपा के नेता हर समय सबूतों को नष्ट करने के बात कहते रहे। आआपा नेताओं की सच्चाई दिल्ली की जनता जानती है, इसलिए उन्होंने सजा देकर आआपा को सत्ता से बाहर किया। तिवारी ने कहा कि कानून को सबूत नष्ट करके ज्यादा देर तक भ्रमित नहीं कर सकते हैं। सीबीआई उच्च अदालत जा रही है और दिल्ली को लूटने वाले भ्रष्टाचारियों को सजा जरूर मिलेगी।

अगर आबकारी नीति में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ था तो उसे केजरीवाल ने हटाया क्यों उच्चतम न्यायालय ने भी इस मामले में केजरीवाल को मुख्यमंत्री के तौर पर फाइलों पर साइन करने से रोक था। दिल्ली की जनता केजरीवाल की सच्चाई जानती है।

## 1000 करोड़ का ठग दुबई से गिरफ्तार : ईडी नसीम को लखनऊ लाएगी

लखनऊ (एजेंसी)। शाइन सिटी समूह के प्रमोटर और करीब 1000 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मुख्य आरोपी राशिद नसीम को दुबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर की गई। अब प्रर्वतन निदेशलय (ईडी) की टीम नसीम को दुबई से लखनऊ लाने की तैयारी में है। लगभग 10 महीने पहले लखनऊ की विशेष अदालत ने राशिद को भगौड़ा घोषित किया था। राशिद नसीम और उसकी कंपनियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में करीब 554 एफआईआर दर्ज हैं। आरोप है कि निवेश के नाम पर लोगों से 800 से 1000 करोड़ रुपये तक की ठगी की गई। निवेशकों को ऊंचे और आकर्षक रिटर्न का लालच दिया गया, लेकिन 2019 में राशिद देश छोड़कर दुबई फरार हो गया। दुबई पुलिस ने ईडी और ईओडब्ल्यू के अनुरोध पर नसीम को गिरफ्तार किया। संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय एजेंसियों के समन्वय से उसकी लोकेशन ट्रेस की गई थी। सरकारी एजेंसियां पहले ही राशिद और उससे जुड़ी कंपनियों की सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुकी हैं। 2021 में सामने आए ऑडियो में राशिद ने दावा किया था कि सरकार उसकी करीब 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कब्जे में ले चुकी है, जिसकी मौजूदा कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये बताई जाती है। उसी ऑडियो में करीब 300 करोड़ रुपये किसानों और ब्रोकरों के बीच फंसे होने की बात कही गई थी। जमीन सौदों में विवाद और कुछ दलालों के फरार होने से कंपनी कानूनी उलझनों में घिरी रही। हालांकि जांच एजेंसियां इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि कर रही हैं। राशिद और उसके भाई आसिफ पर गृह विभाग ने 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पहले यह इनाम 50-50 हजार रुपये था। कंपनी से जुड़े पांच अन्य आरोपियों पर भी एक-एक लाख रुपये का इनाम रखा गया है। आसिफ को पहले ही प्रयागराज से गिरफ्तार किया जा चुका है। कोर्ट के आदेश पर ईओडब्ल्यू और ईडी जांच आगे बढ़ा रहे हैं। जांच एजेंसियों का दावा है कि राशिद दुबई में बैठकर पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। 2018 में नेपाल में गिरफ्तारी और जमानत के बाद वह दुबई पहुंचा था। अब उसकी गिरफ्तारी के बाद बड़े वित्तीय नेटवर्क और ठगी की रकम विदेश भेजने के चैनलों का खुलासा होने की उम्मीद है।

## केजरीवाल को मिली राहत, तेजस्वी ने कहा... दिल्ली में फिर से चुनाव कराए जाएं

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने से पहले तेजस्वी ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजीरवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब नीति मामले में कोर्ट से राहत मिलने पर प्रतिक्रिया दी। तेजस्वी ने कहा कि, 'इस फैसले से बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। यह साफ हो गया है कि किस तरह विपक्षी नेताओं पर राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमे होते हैं।' तेजस्वी ने आरोप लगाया कि, 'केंद्र संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने चुनावी फायदे के लिए कर रही है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज दबाने के लिए हो रहा है।' उन्होंने मांग किया है कि दिल्ली में फिर से चुनाव कराए जाएं। तेजस्वी ने कहा कि, 'सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, बल्कि पिता लालू यादव और राहुल गांधी के खिलाफ भी राजनीतिक साजिश के तहत कार्रवाई की गई। उन्होंने भरोसा जताया कि वे और उनकी पार्टी भी कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि न्यायपालिका से उन्हें भी इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, 'लोकतंत्र में न्यायपालिका पर जनता का विश्वास सबसे बड़ा सहारा है और सच की जीत तय है।'



## माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई की गोली मारकर हत्या... बाइक सवार हमलावार फरार

बाराबंकी (एजेंसी)। बाराबंकी में माफिया मुख्तार अंसारी के शूटर शोएब किदवई उर्फ बॉबी की गोली मारकर हत्या की गई। वारदात शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे हुई, जब वहां कार से लखनऊ से बाराबंकी जा रहा था। तभी दो बाइक सवार बदमाश आ गए। जब तक शोएब कुछ समझ पाता, उससे पहले ही पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शोएब पर 15 से ज्यादा गोलियां चलाई गईं। वारदात के बाद हमलावर अयोध्या की तरफ फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंची और शोएब को अस्पताल ले आई, जहां डॉक्टरों ने शोयब को मृत घोषित किया। वारदात लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर असेनी मोड़ के पास हुई। कार पर जगह-जगह बुलेट के निशान हैं। पुलिस ने घटनास्थल को सील किया है। फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटाया है। बॉबी पर हत्या, रंगदारी और गैंगवार से जुड़े 12 मुकदमे दर्ज थे। सूत्रों के मुताबिक, मुख्तार की मौत के बाद गैंग के भीतर वर्चस्व की लड़ाई और आपसी रंजिश चल रही थी। शोएब वकील भी था। करीब 15 साल से कचहरी में वकालत कर रहा था। हत्या के विरोध में वकीलों ने पहले जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक जिला अस्पताल में हंगामा करने के बाद वकीलों ने बस अड्?डे के सामने सड़क पर जाम लगा दिया।

## चंडीगढ़ में स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। शहर में कई शिक्षण संस्थानों और पंजाब सचिवालय को बम धमाके की धमकी देने वाले ईमेल मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी में अगले दो दिनों में बम फोड़ने की चेतावनी दी गई थी। ईमेल में प्रमुख निशाना बनाए गए स्कूल थे डीपीएस स्कूल, संत कबीर स्कूल और विवेक हाई स्कूल सेक्टर-38। धमकी मिलते ही स्कूलों के प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। स्कूल परिसरों को खाली कराया गया और आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। पुलिस की साइबर सेल ईमेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हुई है। सचिवालय परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आने-जाने वालों की सख्ती से जांच की जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों और अभिभावकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध सूचना की तुरंत पुलिस को सूचना दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। करीब एक महीने पहले भी शहर के लगभग 30 स्कूलों को इसी तरह धमकी ईमेल प्राप्त हुई थी।

# अमेरिकी वाणिज्य सचिव अचानक पहुंचे नई दिल्ली, पीयूष गोयल के साथ की लंच मीटिंग

### -बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वैश्विक टैरिफ के फैसले को अमान्य घोषित किए जाने के कुछ ही दिनों बाद, अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने नई दिल्ली का अचानक दौरा किया। गुरुवार को उन्होंने भारतीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ लंच पर मीटिंग की। इस बैठक का मुख्य फोकस दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना था।




भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और मंत्री पीयूष गोयल दोनों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मुलाकात की पुष्टि की। सर्जियो गोर ने तीनों की एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- हॉवर्ड लुटनिक और पीयूष गोयल के साथ एक बेहद शानदार लंच। हमारे दोनों राष्ट्रों के लिए सहयोग के ढेरों क्षेत्र मौजूद हैं। पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने व्यापार और आर्थिक साझेदारी को विस्तार देने के लिए बहुत ही फलदायी चर्चा की है। अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि दोनों पक्षों ने अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक और आर्थिक संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

आधिकारिक मुलाकात के बाद लुटनिक जोधपुर के लिए रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक वे वहां टेक एग्जीक्यूटिव निकेश अरोड़ा की बेटी आयशा अरोड़ा और आइस हॉकी स्टार जैक ह्यूजेस की शादी में शामिल होने गए हैं। यह बैठक भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों के लिहाज से एक बेहद नाजुक समय पर हुई है। 20 फरवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल करके लगाए गए राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापक टैरिफ को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापारिक बातचीत की पूरी समय-सीमा को बदल कर रख दिया है।

संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ के मुताबिक टैरिफ पर भारत-अमेरिका की कोई भी द्विपक्षीय व्यवस्था अब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय की गई संवैधानिक सीमाओं के भीतर ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि टैरिफ दरों पर सहमत होने का कार्यपालिका का अधिकार निरंकुश नहीं है, यह न्यायिक रूप से लागू करने योग्य संवैधानिक सीमाओं के अधीन है। कोई भी टैरिफ प्रतिबद्धता जो वैधानिक शक्तियों को पार करती है या संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करती है, वह कानूनी रूप से टिक नहीं पाएगी और उसे रद्द किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिकी संवैधानिक ढांचे के तहत, टैरिफ तय करने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि कार्यपालिका के पास।

## तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर, पन्नीरसेल्वम द्रमुक में शामिल

### -पूर्व मुख्यमंत्री ने समर्थकों संग सीएम स्टालिन की मौजूदगी में की औपचारिक एंट्री



चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके ओ पनीरसेल्वम शुक्रवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) में शामिल हो गए। उन्होंने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पनीरसेल्वम को वर्ष 2022 में आल इंडिया अन्ना द्रविण मुनेत्रकणगम (अन्नाद्रमुक) से निष्कासित कर दिया गया था। वह दिवंगत नेता जे जयललिता के विश्वस्त सहयोगी माने जाते थे और पार्टी में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाते रहे। अन्नाद्रमुक में दोबारा वापसी के उनके प्रयास पिछले तीन वर्षों में सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने नई राजनीतिक दिशा चुनते हुए द्रमुक में शामिल होने का निर्णय लिया। उनके साथ उनके कई समर्थकों ने भी द्रमुक की सदस्यता ली। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पनीरसेल्वम के द्रमुक में आने से राज्य की सियासत में नए समीकरण बन सकते हैं। आगामी चुनावी रणनीतियों और गठबंधनों पर इसका प्रभाव पड़ना तय माना जा रहा है।

## राजस्थान कांग्रेस की लीडरशिप देश की कांग्रेस नेतृत्व से बेहतर, राज्यवर्धन सिंह राठौर का तंज

**जयपुर (एजेंसी)।** राज्यवर्धन सिंह राठौर ने राजस्थान की राजधानी जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडिमय में मीडिया से बात कर कांग्रेस और राज्य सरकार के फैसलों पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस की लीडरशिप देश की कांग्रेस नेतृत्व से बेहतर है। उनके अनुसार यदि राजस्थान के कांग्रेस नेता राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की कमान संभाल लें, तब शायद कांग्रेस की स्थिति बेहतर हो सकती है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व कमजोर हो चुका है और इसका असर पूरे संगठन पर दिखाई देता है।



राठौड़ ने पंचायत और निकाय चुनाव में दो से अधिक बच्चों वाले उम्मीदवारों पर लगी पाबंदी हटाने के फैसले का बचाव किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह नियम करीब 30 साल पहले परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लागू हुआ था। उनका कहना था कि उस समय जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जागरूकता फैलाने की जरूरत थी, लेकिन अब समाज में पर्याप्त जागरूकता आ चुकी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश के अन्य राज्यों में ऐसा कोई कानून लागू नहीं है, तब केवल राजस्थान में ही इस कानून को जारी रखने का औचित्य क्या है।

विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देकर राठौड़ ने कहा कि भजनलाल सरकार की मंशा जनसंख्या बढ़ाने की नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर ऐसा होता, तब भजनलाल सरकार तीन बच्चों वाले माता-पिता को ही चुनाव लड़ने की अनुमति देती, जिससे जनसंख्या तेजी से बढ़ती। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर गलत बयानबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पास ठोस मुद्दों का अभाव है। इसके अलावा उन्होंने राजस्थान में आईपीएल के मुकाबलों के आयोजन को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने आवश्यक कदम उठाए हैं और अन्य खेल आयोजनों की तरह आईपीएल मैचों के सफल आयोजन की पूरी संभावना है।

# फिर से सत्ता में लौटने के लिए ममता ने साध लिए युवा और महिला वोटर... दो योजनाएं बनेगी चुनाव में गेंमचेंजर

**कोलकत्ता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर जारी है। राज्य में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ ममता बनर्जी की ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच दिख रहा है। 294 सदस्यीय विधानसभा में टीएमसी की मजबूत पकड़ है, जबकि भाजपा 77 सीटों के साथ दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है। अन्य वाम दलों और नवगठित पार्टियों का गठबंधन चुनावी समीकरण को प्रभावित कर सकता है, लेकिन असली टक्कर युवाओं और महिलाओं के वोट पर केंद्रित है।

इस लेकर ममता बनर्जी ने इस बार दो प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से राजनीतिक मोर्चा मजबूत किया है। पहली, पहले से चल रही 'लक्ष्मी भंडार' योजना, जो 2.42 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता देना है। इस योजना में मासिक सहायता 1,500 रुपये कर दी गई है, और 2021 में महिलाओं के समर्थन ने टीएमसी को निर्णायक बढ़त दिलाई थी। दूसरी, नई 'युवा साथी' योजना, जिसमें 21-40 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को मासिक 1,500 रुपये दिए जाएंगे।




न्यूनतम योग्यता 10वीं पास है और आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के नौ दिनों में करीब 78 लाख युवाओं ने आवेदन किया। विशेषज्ञ मानते हैं कि इस आयु वर्ग के मतदाता कुल वोटरों का करीब 45 प्रतिशत हो सकते हैं, जिससे योजना चुनावी समीकरण बदल सकती है।

वहीं राज्य में सियासी मुद्दों में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) भी अहम है। भाजपा एसआईआर को अपनी रणनीति के तहत लाभकारी मानती है, जबकि ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग के द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया को राजनीतिक साजिश बताया। उन्होंने मृत 61 लोगों के परिवारों से एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा कर मानवीय संदेश भी दिया। 2021 में टीएमसी को 49 प्रतिशत वोट शेयर और 213 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत से अधिक वोट और 77 सीटें मिली थीं। इस बार भाजपा घुसपैठ और हिंदुत्व जैसे मुद्दों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वहीं, ममता की योजनाएं सीधे लाभ पर केंद्रित होने के कारण महिला और युवा वोटरों को आकर्षित करने की संभावना रखती हैं। कुल मिलाकर, पश्चिम बंगाल का आगामी चुनाव आर्थिक कल्याणकारी योजनाओं और वैचारिक मुद्दों के बीच बेहद रोचक और कड़ा मुकाबला साबित होने वाला है। ममता की दोहरी रणनीति-युवाओं और महिलाओं पर फोकस-भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकती है और चुनावी समीकरण को नया आकार दे सकती है।

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार पुस्तक मामले में कांग्रेस का आरोप... इसके पीछे खुद पीएम मोदी शामिल

### पीएम मोदी सिर्फ दिखावे के लिए नाराजगी दिखा रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एनसीईआरटी की 8वीं के किताब में एक चैप्टर को लेकर हुए विवाद में कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावार है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचारवाले मुद्दे पर पीएम मोदी बनावटी आक्रोश दिखाई हैं। कांग्रेस सांसद और उसके संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद विवाद से अलग दिखाने की कोशिश हिपोक्रेसी के अलावा कुछ भी नहीं है।



कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट लिखा है, इजरायल में वास्तविक नैतिक कायरता दिखाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी, अब एनसीईआरटी की पुस्तकों के मुद्दे पर बनावटी आक्रोश दिखा रहे हैं। साफ तौर पर डैमेज कंट्रोल की कोशिश के तहत यह संदेश दिया गया है कि वे एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों में न्यायपालिका के चैप्टर को लेकर बहुत नाखुश हैं।

दरअसल, इस तरह संकेत मिले हैं कि प्रधानमंत्री मोदी ने (सुप्रीम कोर्ट के स्वत~संज्ञान लेने से पहले) ही कैबिनेट बैठक के दौरान एनसीईआरटी की किताब में न्यायपालिका को लेकर विवादास्पद चीजें शामिल करने पर नाराजगी जाहिर कर चुके थे। सूत्रों के अनुसार पीएम मोदी ने कहा था, आठवीं क्लास के बच्चों को सोशल साइंस के पाठ्य पुस्तक में हम क्या पढ़ा रहे हैं?


लेकिन, कांग्रेस का आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम को लेकर खुद प्रधानमंत्री मोदी हैं। पार्टी सांसद ने लिखा है, एक दशक से उन्होंने इसतरह के शिक्षाविदों और झोला छाप अकादमिकों के नेटवर्क की अगुवाई की है, जिन्होंने अपने विचारधारात्मक वायरस से पाठ्य पुस्तकों को संक्रमित कर गंभीर नुकसान किया है। यह कोई आकस्मिक चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित वैचारिक घुसपैठ अभियान का हिस्सा है...प्रधानमंत्री मोदी स्वयं नागपुर कम्युनल इकोसिस्टम फॉर रिराइटिंग ऑफ टेक्स्टबुक्स, जो असली एनसीईआरटी है, को दिशा और आकार देते रहे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम का कहना है, सुप्रीम कोर्ट को नाराज करने वाली पाठ्य पुस्तकों से खुद को अलग दिखाने की उनकी कोशिश सिर्फ एक हिपोक्रेसी है। अब सुप्रीम कोर्ट को अगला तार्किक कदम ये उठाना चाहिए कि वह इस बात की विस्तृत जांच करवाए कि पाठ्य पुस्तकों को किस तरह से फिर से लिखा गया और वे किस तरह ध्रुवीकरण तथा राजनीतिक हिसाब-किताब चुकाने के औजार में बदल दी गईं।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने खुद विषय पर स्वत~ संज्ञान लेकर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले चैप्टर की एनसीईआरटी की आठवीं किताब को बैन किया है। भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अगवाई वाली बेंच ने इस विवादित किताब के किसी भी फॉर्म में सर्कुलेशन पर रोक लगा दी है और स्कूल शिक्षा सचिव और एनसीईआरटी चेयरपर्सन को नोटिस जारी कर पूछा है कि उनके खिलाफ न्यायपालिका की अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए।

# केरल के प्रसिद्ध अट्टुकल भगवती मंदिर में है पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अनेक परंपराओं और विशिष्टता के कारण मंदिर भारतीय संस्कृति की विविधता और आध्यात्मिक गहराई को और अधिक रोचक बनाते हैं। इन परंपराओं का आधार न तो सामाजिक विवाद है और न ही किसी प्रकार का भेदभाव, बल्कि ये सभी रीति-रिवाज देवी-उपासना, प्रतीकात्मकता और आध्यात्मिक मान्यताओं पर आधारित हैं।



केरल का प्रसिद्ध अट्टुकल भगवती मंदिर, जिसे अक्सर महिलाओं का सबरीमाला भी कहा जाता है, इसका सबसे प्रमुख उदाहरण है। यहां हर साल आयोजित होने वाले अट्टुकल पोंगल उत्सव में लाखों महिलाएं देवी की आराधना करने के लिए एकत्र होती हैं। इस दौरान पुरुषों का प्रवेश प्रतिबंधित रहता है, क्योंकि यह अनुष्ठान देवी के उग्र, रक्षात्मक और स्त्री शक्ति के सामूहिक रूप का प्रतीक माना जाता है। इसी तरह केरल का चक्कुलाथुकावु मंदिर अपनी अनोखी नारी पूजा के लिए जाना जाता है, जहां महिलाओं को देवी का स्वरूप मानकर पूजा की जाती है और मंच पर स्त्री ऊर्जा ही प्रमुख रहती है।

राजस्थान के पुष्कर में स्थित ब्रह्मा मंदिर में भी कुछ विशेष पूजा स्थलों पर विवाहित पुरुषों का प्रवेश वर्जित है। यह परंपरा पौराणिक घटनाओं से जुड़ी है और सदियों से चली आ रही आस्था के कारण आज भी निभाई जाती है। वहीं असम का मां कामाख्या मंदिर स्त्री-शक्ति और प्रजनन क्षमता के प्रतीक के रूप में पूरे विश्व में अद्वितीय माना जाता है। अंबुबाची मेले के दौरान मंदिर तीन दिनों के लिए बंद रहता है, जिसे देवी के मासिक धर्म का संकेत माना जाता है और इस दौरान पुरुषों के प्रवेश पर भी रोक रहती है। वृंदावन का संतोषी माता मंदिर भी ऐसी ही धार्मिक मान्यता का केंद्र है, जहां कुछ अवसरों पर पुरुषों को गर्भगृह में प्रवेश नहीं दिया जाता और पूजा का पूरा महत्व महिलाओं को ही दिया जाता है।

तमिलनाडु के कुछ भगवती मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठानों के समय पुरुषों के प्रवेश पर पारंपरिक रोक रहती है, क्योंकि यहां देवी को कुंवारी रूप में पूजा जाता है, जिसका संबंध पवित्रता और स्वतंत्र स्त्री शक्ति से है। इन मंदिरों की परंपराएं भारत की धार्मिक विविधता को दर्शाती हैं, जहां आस्था और आध्यात्मिकता का हर रंग अपनी अनूठी मान्यता के साथ मौजूद है। मालूम हो कि भारत के धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरों में जहां एक ओर कुछ मंदिरों में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध की चर्चा होती है, वहीं दूसरी ओर देश में कई ऐसे मंदिर भी हैं जहां पुरुषों को विशेष अवसरों पर या मंदिर के कुछ हिस्सों में प्रवेश की अनुमति नहीं होती।

# 2007 के सफल फॉर्मूले के साथ 2027 में उतरेगी बसपा... मायावती का ब्राह्मण-दलित गठजोड़ पड़ेगा किस पर भारी



**लखनऊ (एजेंसी)।** साल 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने अभी से तैयारी शुरु कर दी है। इतना ही नहीं बसपा ने प्रत्याशियों की घोषणा का काम भी शुरू कर दिया है। साल 2007 के चुनाव में मायावती ने जिस सोशल इंजीनियरिंग के दम पर यूपी की सत्ता में वापसी की थी, अब उसी फॉर्मूले को 2027 में फिर से करने की कोशिश कर रही है। 2007 में वह परंपरागत दलित वोटों के साथ-साथ ब्राह्मण वोटरों को लेकर मैदान में उतरीं और इस सोशल इंजीनियरिंग ने विपक्षी दलों को चुनावी रण में धूल चटा दी थी। अब मायावती उसी फॉर्मूले को फिर आजमाना चाहती है। मायावती पिछले 3 महीने में हुई सभी बैठकों में यह बात कहती रही हैं कि ब्राह्मण-दलित गठजोड़ के साथ वे 2027 के विधानसभा चुनाव में उतरेंगी और फिर से सत्ता में पूर्ण बहुमत के साथ वापसी करेंगी।

मायावती की अगुवाई वाली बहुजन समाज पार्टी ने यूपी चुनाव के लिए पहला टिकट आशीष पांडेय को दिया है। उन्हें जालौन जिले की माधौगढ़ सीट से प्रत्याशी बनाया गया। माधौगढ़ बीएसपी का गढ़ माना जाता है। पार्टी जल्द ही चुनाव के लिए कई अन्य प्रभारियों के नाम का भी ऐलान करेगी। पार्टी सूत्रों का कहना है कि बीएसपी होली के बाद कानपुर मंडल की 5 और सीटों पर प्रभारियों की घोषणा कर सकती है। चुनाव तारीख के ऐलान से पहले घोषित प्रभारियों को ही पार्टी अपना प्रत्याशी बनाती है। कहा यह भी जा रहा है कि 2027 में बसपा 80 ब्राह्मण उम्मीदवारों को मैदान में उतार सकती है। इसका ऐलान जून तक हो सकता है।

मायावती लगातार ब्राह्मण मुद्दों पर मुखर होकर बोलती रही हैं। बीते दिनों उन्होंने कहा था कि ÷यहां सोचने की असल बात यह है कि उच्च जातियों खासकर ब्राह्मण बिरादरी को जितना आदर-सम्मान, पद और सुरक्षा सभी कुछ बीएसपी प्रमुख की ओर से पार्टी और सरकार के स्तर पर दिया गया, क्या उतना कोई दूसरी पार्टी अथवा सरकार उन्हें दे पायी है?÷ साफतौर से मायावती का यह बयान ब्राह्मण समाज को जोड़ने वाला है।

बीतें दिनों चर्चा में आई फिल्म 'घूसखोर पंडत' में ब्राह्मण समाज के कथित अपमान को लेकर मायावती ने नाराजगी जताकर आलोचना की थी। साथ ही यह मांग भी की कि इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार की ओर से तुरंत बैन लगा देना चाहिए। मायावती ने अपने जन्मदिन पर कहा था कि ब्राह्मणों का सम्मान नहीं हो रहा है। हालांकि समाजवादी पार्टी पूरे मामले पर चुप है और 2027 का इंतजार करने की बात कह रही है।

# आज कोर्ट ने भी कह दिया केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैः केजरीवाल

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

अपनी ईमानदारी पर हुए हमले का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि जनता जानती है कि अरविंद केजरीवाल ईमानदार है, इसलिए उन्होंने मेरी ईमानदारी पर हमला किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक भी नया पैसा नहीं कमाया, उन्होंने सिर्फ ईमानदारी कमाई है और वे उसी ईमानदारी पर हमला करना चाहते थे। अदालत के निष्कर्ष का हवाला देते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज के अदालती आदेश के बाद यह देश के सामने साबित हो गया है कि अरविंद केजरीवाल %कट्टर ईमानदार% है, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, दुर्गेश पाठक और आम आदमी पार्टी %कट्टर ईमानदार% है। उन्होंने कहा कि यह वे नहीं कह रहे, बल्कि अदालत ने पूरे देश के सामने यह कहा है। पीएम मोदी को सीधे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अनगिनत साजिशों के बावजूद आप मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सके और अब अरविंद केजरीवाल से निपटने का बस एक ही रास्ता बचा है कि केजरीवाल को मरवा दो। दिल्ली की बात करते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और अमित शाह की सत्ता की लालसा से दिल्ली के 3 करोड़ लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने पीएम मोदी को चुनौती दी कि दिल्ली में नए सिरे से चुनाव कराएं और अगर भाजपा 10 से ज्यादा सीटें जीत जाती है तो वे राजनीति छोड़ देंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह देश की राजनीति में एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि अदालत ने अरविंद केजरीवाल और 23 अन्य लोगों को बरी कर दिया जिन पर सीबीआई ने गलत तरीके से मामला दर्ज किया था। उन्होंने कहा कि यह मामला आम आदमी पार्टी को रोकने की हताश कोशिश थी जो अपने अच्छे कामों के बूते अपने पंख फैला रही थी। उन्होंने कहा कि अंधेरी रात चाहे कितनी भी लंबी हो, अंत में उजाले की ही जीत होती है। यह फैसला सीबीआई के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े करता है और लोकतंत्र की आवाज दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग को उजागर करता है। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक्स पर लिखा कि सत्यमेव जयते। आज एक बार फिर बाबासाहेब अंबेडकर की दूरदर्शी सोच और उनके दिए संविधान पर गर्व महसूस होता है। मोदी जी की पूरी पार्टी और सभी एजेंसियों ने हमें बेईमान साबित करने की हर कोशिश की, लेकिन आज यह साबित हो गया कि अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया कट्टर ईमानदार हैं। राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य आप नेताओं के खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया था और अदालत ने अब उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने देश की सबसे ईमानदार नेतृत्व की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए गहरी साजिश रची क्योंकि वे स्कूलों और अस्पतालों में सुधार बर्दाश्त नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि अगर उनमें जरा भी शर्म है तो वे पूरे देश से माफी मांगें। एक रुपया या एक सबूत तो दिखाओ, लेकिन कुछ नहीं मिला। जांच एजेंसियों को कठपुतली बनाकर हमें बदनाम करने की कोशिश की गई। पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने कहा कि विशेष अदालत ने अरविंद केजरीवाल को राजनीतिक रूप से बर्बाद करने के लिए गढ़ी गई साजिश को पूरी तरह खारिज कर दिया। प्रथम दृष्टया कोई मामला ही नहीं बनता था। यह सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी को नहीं बल्कि सच्चाई और न्याय की जीत है। पीएम मोदी और अमित शाह को केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इसमें कोई सबूत नहीं था, बस बदले की भावना थी। यह फैसला बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की सर्वोच्चता की पुष्टि करता है। ईमानदार राजनीति को अपराध बनाने की कोशिश कानून के सामने विफल हो गई है। पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि 100 करोड़ रुपये के घोटाले का दावा पूरी तरह धराशायी हो गया है। सालों की जांच के बावजूद एक भी पैसा बरामद नहीं हुआ। यह सच्चाई और ईमानदारी की सबसे बड़ी जीत है और तानाशाही ताकतों को करारा तमाचा है। पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि सभी आरोपियों का बरी होना इस बात का सबूत है कि आरोप न्यायिक जांच में टिक नहीं पाए। यह फैसला संवैधानिक नैतिकता और कानून के शासन की पुष्टि करता है। पंजाब के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि झूठ का जाल बिखर गया है। लगातार किए गए प्रचार-प्रसार की हवा निकल गई है और अदालत के इस फैसले ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की ईमानदारी पर मुहर लगा दी है। आप पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज सिंह पन्नू ने कहा कि न कोई बरामदगी हुई, न नकदी मिली, न कोई दस्तावेज और न ही कोई ऐसा सबूत जो मुकदमा चलाने के लायक हो। यह फैसला सिर्फ आप की जीत नहीं बल्कि ईमानदार राजनीति और न्याय की ऐतिहासिक जीत है और इसने आम आदमी के मन में न्यायपालिका के प्रति विश्वास को फिर से जगाया है।

## गोली मारी और चाकू से काटा गला, लुक्सर में सरेराह युवक की बेरहमी से हत्या

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के गांव लुक्सर में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते एक युवक की बेरहमी से हत्या का मामला सामने आया है। मृतक युवक की पहचान नितिन निवासी गांव लुक्सर के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची ईकोटेक-1 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप है कि नितिन पर सचिन नामक युवक व उसके कुछ अन्य साथियों ने अचानक फायरिंग की गई है। दोनों पक्षों के बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा था। जिसे लेकर यह हमला किया गया है। वहीं फायरिंग की घटना के समय इलाके में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मीडिया सेल के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा है। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मृतक के परिजनों का कहना है कि नितिन नागर गांव लुक्सर का निवासी था। वह अपने घर से लगभग तीन घर दूर दुकान पर शैम्पू लेने गया था। नितिन पेशे से व्यवसायी था और पानी की बोतल पैकेजिंग का काम करता था। तीन आरोपी ने उसे घेरकर सरेराह आरोपी गोली मारी और चाकू से गला काटा है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बेखौफ बदमाश नितिन को गोली मारते दिखाई दे रहे हैं। जो वीडियो सामने आया है। उसमें एक एक गली में जा रहा है। उसके आगे एक बच्चा चल रहा है। फिर आरोपी उसे घर के जमीन पर गिराने के बाद गोली मारते है। वहीं, एक महिला जब उसे बचाने के लिए बाहर निकलती है तो एक आरोपी उसे बेखौफ होकर बंदूक दिखकर डराता है।

### PUBLIC NOTICE

I, Sh. Ajoy Kumar S/o Late Vinoda Nand Prasad, residing at RZG - 86, Rajnagar Part -2, Palam Colony, New Delhi - 110077, do hereby give notice to the general public that I have permanently severed all personal, social, and familial ties with my daughter, Ms. Medha Chaurasiya, with immediate effect.
This decision has been taken on account of her continuous disobedience, misconduct, and irresponsible behaviour, which has caused great distress and dishonour to the family despite sincere and repeated efforts at reconciliation. The general public is hereby notified that from the date of publication of this notice, I, Sh. Ajoy Kumar, shall not be responsible for any act, deed, contract, liability, debt, obligation, or conduct of Ms. Medha Chaurasiya, whether civil, criminal, financial, or social in nature. Any person dealing with Ms. Medha Chaurasiya in any matter, whether financial, legal, or otherwise, shall do so entirely at their own risk. I shall have no concern with any such dealings whatsoever. Further, Ms. Medha Chaurasiya shall have no right, title, interest, or claim over any of my movable or immovable properties, assets, bank accounts, or any other belongings of any nature.

**Sd/-**
**Sh. Ajoy Kumar**

# दिल्ली पुलिस के हवलदार ने ईडी कर्मचारी को मारी गोली, आशीष की थी प्रवेश की पत्नी से नजदीकियां!

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद इलाके में सोमवार तड़के दिल्ली पुलिस के हवलदार ने पुरानी रंजिश में गांव से आई बरात में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की शिनाख्त गांव काठा, बागपत, यूपी निवासी आशीष (25) के रूप में हुई है। गोली चलते ही बरात में अफरा-तफरी मच गई। फौरन युवक को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया, वहां पहुंचने पर आशीष को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने आशीष के भाई अनुज के बयान पर हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी प्रवेश, उसके भाई संदीप व साले मेरठ निवासी विपिन को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी विकास मौके से फरार होने में कामयाब रहा। आशीष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में एमटीएस था जबकि आरोपी प्रवेश दिल्ली ट्रैफिक पुलिस में हवलदार है, फिलहाल उसकी तैनाती उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा ट्रैफिक सर्किल में है। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल आरोपी प्रवेश की लाइसेंसी पिस्टल भी बरामद कर ली है। सोमवार को ही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया ने बताया कि आशीष अपने परिवार के साथ गांव काठा, बागपत, यूपी में रहता था। इसके परिवार में पिता सतपाल, मां के अलावा दो भाई अनुज और अरुण व एक शादीशुदा बहन है। आशीष के पिता यूपी पुलिस से रिटायर हैं। रविवार को काठा से दिल्ली के वजीराबाद में पड़ोसी गौरव की बरात आई थी। बरात का इंतजाम गुलशन वाटिका, गली नंबर-14/4, वजीराबाद में था। यहां पर गांव का प्रवेश अपने भाई संदीप और साले विपिन व विकास के साथ आया हुआ था। पूरी रात बरात का जश्न चला। सभी ने खूब शराब भी पी। तड़के बरात वापस गांव काठा जाने की तैयारी कर रही थी। इस बीच प्रवेश ने आशीष के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उसके साथ भाई संदीप व दोनों साले विकास व विपिन भी थे। प्रवेश ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर उसकी बट से पहले आशीष को पीटा। बाद में उसके सीने में गोली मार दी। बाद में सभी आरोपी फरार हो गए। आशीष का भाई अनुज उसे नजदीकी अस्पताल, बाद में ट्रामा सेंटर ले गया, जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। तड़के पुलिस को खबर मिली। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी भेजा। बाद में हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी प्रवेश, संदीप और विपिन को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रवेश ने बताया है कि उसका आशीष से विवाद चल रहा था। काफी समय से दोनों के बीच रंजिश थी। उसी वजह से उसने आशीष की हत्या की। आरोपी प्रवेश को लगता था कि आशीष और उसकी पत्नी के बीच नजदीकियां हैं। इसी वजह से दोनों के बीच विवाद रहता था। कई बार गांव में दोनों के बीच तू-तू मैं-मैं भी हुई। 3-4 माह पहले प्रवेश ने आशीष के पिता सतपाल से शिकायत की थी। उस समय भी मारपीट की नौबत आ गई थी। पिता सतपाल ने बीच-बचाव कराया था। उस समय बात रफा-दफा हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शक की वजह से ही आरोपी ने आशीष की हत्या की। अब परिजनों ने उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। एक ही गांव से आई बरात में लोग खुशी मना रहे थे। जैसे ही प्रवेश ने आशीष को गोली मारी, वहां पर अफरा-तफरी गई। किसी के गुमान में भी नहीं था कि प्रवेश ऐसा कर सकता है। बाद में जब आशीष की मौत का पता चला तो गांव में मातम छा गया। लोगों का कहना था कि छोटी सी बात पर दो परिवार बर्बाद हो गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद कई बरातियों के बयान लिए। मौके से सीसीटीवी फुटेज और वीडियो कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई।

## निर्माणाधीन सोसाइटी में 18वें तल से गिरी महिला श्रमिक की मौत

नोएडा। सेक्टर 43 स्थित एक निर्माणाधीन सोसाइटी में काम करते समय एक महिला मजदूर 18वीं मंजिल से गिर गई। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है। पश्चिम बंगाल की रहने वाली 28 वर्षीय सुखी सोरेन सोमवार को निर्माणाधीन साइट पर काम कर रही थी। इस दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह 18वीं मंजिल से नीचे गिर गईं। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत घायल महिला को इलाज के लिए नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना सेक्टर 39 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसीपी प्रवीण सिंह का कहना है कि पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। अभी परिजनों की तरफ से कोई शिकायत नहीं मिली है। वहां काम करने वाले लोगों का कहना है कि ऊंची इमारतों पर काम करते समय सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए

### NAME CHANGE

I, SITA BAI is legally mother of No. 13627523A Rank-LHAV Name- JADHAV TUKARAM RAMCHANDRA presently residing at VILL-KHIRKHINDI, POST- ?????? ???-KOREGAON, DIST-SATARA (MAHARASHTRA)-415501, have changed my name from SITA BAI TO SITABAI RAMCHANDRA JADHAV and date of birth from 13/02/1960 to 01/01/1951 for all future purposes. vide affidavit dated. 16.02.2026 before Public Notary Delhi.

### सार्वजनिक सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री सुनील कुमार, एक दुकान प्राइवेट नं. 105 के स्वामी हैं, जो द्वितीय तल पर स्थित है (बिना छत/टेरेस अधिकारों के), क्षेत्रफल 10.868 वर्ग मीटर, जो मुस्तातिल नं. 4119 का भाग है, स्थित नयाबाज़ार, New Delhi – 110006, में है। उक्त संपूर्ण संपत्ति के मूल स्वामी श्री सुरेश कुमार मित्तल एवं श्री नरेश कुमार मित्तल थे, जिन्होंने यह संपत्ति शीलावती, सावित्री देवी, राजिंदर कुमार एवं नरेंद्र कुमार से विक्रय विलेख दिनांक 30.11.1989 के माध्यम से क्रय की थी। तत्पश्चात, दिनांक 16.06.2003 के विभाजन विलेख के माध्यम से उक्त संपत्ति का आपसी बंटवारा कर लिया गया। दुर्भाग्यवश, श्री सुरेश कुमार मित्तल का देहांत हो गया, जिनके पश्चात उनके वैध उत्तराधिकारी क्रमश: श्रीमती पुष्पा मित्तल, सिम्मी गर्ग, श्वेता कुमार, निशा अग्रवाल, भरपाई देवी एवं श्री मनोज कुमार मित्तल रहे। इसके उपरांत, श्रीमती पुष्पा मित्तल, सिम्मी गर्ग, श्वेता कुमार, निशा अग्रवाल एवं भरपाई देवी ने अपने-अपने हिस्से का त्याग श्री मनोज कुमार मित्तल के पक्ष में परित्याग विलेख दिनांक 26.06.2013 के माध्यम से कर दिया। तत्पश्चात, श्री मनोज कुमार मित्तल ने उक्त दुकान को श्री राम चरण के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 24.01.2014 द्वारा विक्रय किया। इसके बाद, श्री राम चरण ने उक्त दुकान को श्री सुनील कुमार के पक्ष में विक्रय विलेख दिनांक 02.07.2025 के माध्यम से विक्रय कर दिया। अत:, श्री सुनील कुमार उपर्युक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं। उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के वाद-विवाद, बंधक, भार, ग्रहणाधिकार या अन्य किसी दावे से मुक्त है। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति के क्रय हेतु RBL Bank Ltd., इंदिरापुरम गाजियाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश के द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw®wvashwani@gmail.com

### NAME CHANGE

I, SONTAKKE PANDURANG SHIVRAM is legally Father of No. 2812147W Rank- SEP Name-SONTAKKE SANTOSH PANDURANG R/o VILL-PIMPARKHED POST-BASAMBA TEH- HINGOLI DIST- HINGOLI (MAHARASHTRA)-431513, have changed my date of birth from 8/12/1957 to 01/01/1947 for all future purposes. Vide affidavit dated 29.01.2026 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE

I, YAMUNA is legally Mother of No. 2811669A Rank-HAV Name KOGHE SURESH ATMARAM presently residing at VILL-ADOLI, POST-ADOLI TEH-WASHIM, DIST -WASHIM (MAHARASHTRA)-444505, have changed my name from YAMUNA to YAMUNA ATMARAM KONGHE and date of birth from 05/03/1970 to 01/01/1973 for all future purposes. Vide affidavit dated 21.01.2026 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE

I SURAJ KUMAR PAL S/O SANAT PAL R/O H NO-F1/95, 1ST FLOOR, RUDRA APT., STREET NO-2, MAHAVIR ENCLAVE, PALAM VILLAGE, DELHI-110045. have changed my name to SURAJ PAUL for all future purpose.

### NAME CHANGE

I, hitherto known as SACHIN S/O TRILOK CHAND R/O 2/104, KHICHRIPUR EAST DELHI, PATPARGANJ DELHI, CHILLA SARODA KHADAR, DELHI-110091 have changed my name and shall hereafter be known as SACHIN AGGARWAL. It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

### NAME CHANGE

I, Ritu Gupta W/o Arvind Gupta R/o A/C-48, Ground Floor, Tagore Garden, West Delhi, Delhi-110027 have declare that in my Passport No. B3683054 name of mine and my husband has been mentioned as RITU and ARVIND instead of RITU GUPTA and ARVIND GUPTA and also declare that Ritu and Ritu Gupta are the name of one and the same person and my husband's correct name is Arvind Gupta and Arvind and Arvind Gupta are one and the same person.

### NAME CHANGE

I, NO-2611627K, Rank-HAV, Name-SHELAR SANDEEP BABASAHEB residing at 368 B, SADARBAZAR, SATARA, MAHARASHTRA-415001, have changed my father's name from SHELAR BABASHEB BABEROA to BABASAHEB BABURAO SHELAR for all future purposes vide Affidavit dated 27/02/2026 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE

I, NO-2611627K, Rank-HAV, Name-SHELAR SANDEEP BABASAHEB residing at 368 B, SADARBAZAR, SATARA, MAHARASHTRA-415001, have changed my mother's name from SHELAR SITABAY BABASHEAB to SITABAI BABASAHEB SHELAR for all future purposes vide Affidavit dated 27/02/2026 before Notary Public Delhi.

### PUBLIC NOTICE

Be known to the all concerned that my clientess Smt. Geeta Arora W/o Late Sh. Luv Kumar Arora R/o 124, Janta Flat, Near B-Block, Market, Vivek Vihar, East Delhi, Delhi-110095, have severed her all kind of relation with Mohan Arora (Elder son), Monica Arora her (daughter in law) Dhruv Arora and Aryan Arora her grand son and also debarred as well as disown them from her all movable and immovable properties due to their misbehaviour, Disobedience and cruel attitude with my said clientess. If any person deals with them, shall do so at their own risk(s), peril cost and consequence, my said clientess shall not be liable and responsible in any manner.

**M. N. KHAN Advocate**
Ch. No. G-503,
Karkardooma Courts Delhi

### PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given by RMG Steels Private Limited & Mr. Rajat Mittal who is owner of Land area measuring 1 Bigha, 6 Biswas and 10 Biswansi, bearing Mustalil No. 30, Killa No. 12 min (1-6-10), situated in the revenue estate of Village Mehrauli, Tehsil Mehrauli, New Delhi vide Sale Deed dated 22.01.2024 which is registered as Doc. No. 11478, Book No. 1, Vol. No. 5887, Page No. 134-145, dated 22.01.2024, SR-VA Hauz Khas and will be taking financial assistance from Aditya Birla Capital Ltd. That The Original Gift Deed dated 02.12.2016 executed by Mrs. Deepti Gupta in favour of Mr. Praveen Gupta alias Praveen Kumar Gupta in respect of Agriculture Land area measuring 2 Bigha, 11 Biswas and 10 Biswansi, Mustalil No. 30, Killa No. 12 min (2-11-10), situated in the revenue estate of Village Mehrauli, Tehsil Mehrauli, New Delhi (Doc. No. 6560, Book No. 1, Vol. No.1615, Page No. 137-146, dated 06.12.2016, SR-VA Hauz Khas) & Original Gift Deed dated 06.09.2018 executed by Mr. Praveen Gupta alias Praveen Kumar Gupta in favour of Mrs. Deepti Gupta in respect of Agriculture Land area measuring 2 Bigha, 11 Biswas and 10 Biswansi, Mustalil No. 30, Killa No. 12 min (2-11-10), situated in the revenue estate of Village Mehrauli, Tehsil Mehrauli, New Delhi (Doc. No. 6164, Book No. 1, Vol. No. 2461, Page No. 140-152, dated 06.09.2018, SR-VA Hauz Khas) are lost/Misplaced. Public is being warned not to deal with the said document. Any person dealing with the said document would do so at their own risk & responsibility. Owner shall not be liable in any manner whatsoever for any loss incurred by such person. If anybody found these document or notice any misuse of the above mentioned document, Concern person is required to communicate in writing to the undersigned at below address.

**Khaitan & Khaitan**
Plot No. 100 ,1st floor
Okhla Phase III, New Delhi
Ph. No: 011-49774545

### PUBLIC NOTICE

I, AFREEN BANO D/O ASHFAQ AHMAD R/O. PA61, MALHPUR, New Haider Ganj, Lucknow UP-226003, do hereby solemnly affirm and declare that I have embraced HINDUISM and renounced ISLAM with effect from 27-02-26, have changed my name and shall hereafter be known as AFREEN @ANU. we known as ANU for all future purposes

### NAME CHANGE

I, SRIKESH YADAV S/o SURESH YADAV R/o VILL-PALIYA, PO-RUHIPUR, TEHSIL-SADAR, DIST-GHAZIPUR, UTTAR PRADESH-233300, have changed my son's name from SIRYANSHU YADAV to SRIYANSHU YADAV for all future purposes..

### NAME CHANGE

I, JC-473087H Rank-SUB HONY CAPT Name-KUNDAN SINGH residing at VILL-NAULAGAIR, PO-MANAN, TEHSIL-SOMESHWAR, DIST-ALMORA, UTTARAKHAND-263638, have changed my mother's name from PRAMA DEVI to PREMA NAYAL for all future purposes and in my service record my mother's date of birth wrongly mentioned as 01/07/1949 instead of her correct date of birth as 01/01/1958 vide affidavit dated 21/02/2026 before Notary Public Delhi.

### NAME CHANGE

I, JC-473087H Rank-SUB HONY CAPT Name-KUNDAN SINGH residing at VILL-NAULAGAIR, PO-MANAN, TEHSIL-SOMESHWAR, DIST-ALMORA, UTTARAKHAND-263638, have changed my son's name from CHETAN to CHETAN SINGH for all future purposes vide affidavit dated 21/02/2026 before Notary Public Delhi.

### नाम परिवर्तन

मैं, सुनिता, माँ नं-3015847K, पद- नायक नाम-किरवले निकेश गौतम, देशमुख गली, झोपड पट्टी, ग्राम और पोस्ट- सिरसाला, तहसील-परली, जिला-बीड, महाराष्ट्र-431128 में रहती हूँ, मैंने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम सुनिता (SUNITA) से बदलकर सुनिता गौतम किरवले (SUNITA GAUTAM KIRWALE) रख लिया है और मेरे बेटे के सेवा रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि गलती से 02/05/1978 दर्ज है जबकि मेरी सही जन्मतिथि 25/05/1977 है, शपथ पत्र IN-DL63932945737505Y दिनांक 27/02/2026 के अनुसार कार्यकारी मजिस्ट्रेट, दिल्ली के समक्ष।

### NAME CHANGE

I Baljinder Singh S/o Harnek Singh Ramana R/o 42 GG, PO-Srinagar, Dist-Ganganagar, Rajasthan - 335040, have changed my name to Baljinder Singh Ramana

### NAME CHANGE

I Suman W/o Avdhesh Kumar Singh R/o Kishunpur Ajitpur, Kheri, Pasgawan, Uttar Pradesh - 261505, have changed my name to Suman Lata

### NAME CHANGE

It is for general information that I, Shikha Pathak D/o S.P Pathak and Ex. Wife of Amit Rana, R/o A-22 Nar Vihar, Part 1, Sector 34, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301, declare that I got divorce from my husband Amit Rana vide court decree HMA No. 23/18 dated 18.01.2018. Further I have changed the name of my minor son Vivaan aged 16 years and he shall hereafter be known as Vivaan Pathak

### NAME CHANGE

It is for general information that I, Shikha Pathak D/o S.P Pathak and Ex. Wife of Amit Rana, R/o A-22 Nar Vihar, Part 1, Sector 34, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301, declare that I got divorce from my husband Amit Rana vide court decree HMA No. 23/18 dated 18.01.2018. Further I have changed the name of my minor son Yash aged 12 years and he shall hereafter be known as Yash Pathak

### NAME CHANGE

I ANKUL HAQ S/O GULAM RABBANI R/O K-1-18D/39 GALI NO-18D SANGAM VIHAR SOUTH DELHI -110062 HAVE CHANGED MY NAME TO ANUL HAQ

### NAME CHANGE

I Anu Dutta W/o Raman Kumar Dutta R/o H. No.62-C, Pocket-E, LIG Flats, GTB Enclave, Delhi P.O. Mandoli Saboli, North East Delhi, Delhi-110093 have changed my name to Anupama Dutta for all future purposes.

### NAME CHANGE

I Mohammed Zaid S/o Mohd Juber R/o E-11/82, New Colony, Hauz Rani, Malviya Nagar, S.O. District South Delhi, Delhi-110017 That my educational document i.e. 10'th & 12'th mark-Sheets my father name has been wrongly written as Mohammed Zuber instead of Mohd Juber respectively which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE

I. Harishchandra Ambasta s/o Guneshwer prashad Ambasta R/o H no-1080 singha chowk sector-12 Gurgaon Haryana have changed my name to Harishchandra Prasad

### PUBLIC NOTICE

Mr. Vikrant and Mrs. Komal Kumari Owner of the Sub Leasehold Dwelling Unit bearing No. 11/157, 15th Floor, in Tower No. 11, having Super area 1335 sq. ft., in the complex known as "PALM OLYMPIA", built up Plot no GH-02, , Sector-16C, Greater Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. Mr. Vikrant and Mrs. Komal Kumari have lost Original GPA executed by Mr. Tejinder Singh in favour of Mr. Jaspinder Singh in USA dated 08.03.2017 duly stamped AIG Gautam Budh Nagar, for which complaint lodged to the police. Therefore, by way of this Public Notice it is hereby notified that any person, Attorney and/or entity, firm/company, society and/or member of the Society, Bank, HUF/member of HUF, Financial Institution having any claim, charge, interest, or lien whatsoever with respect to the Said house or otherwise, may notify to undersigned only on his rahulkumargupta281401@gmail.com with documentary proof within 15 days from the date of this publication of notice, failing which any such claim etc. shall be deemed to be null and void, whereas title shall be deemed to be clear, and marketable without any defect or encumbrance and free to create equitable mortgage

**RAHUL KUMAR GUPTA**
(ADVOCATE)
Off. 43B, Third Floor,
Patparganj Village,
Mayur Vihar, Phase-I,
Delhi-1, M-NO- 7252922875

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **प्रमोद उर्फ पोदी पुत्रः** मुलख राज **पताः** डी–8/1, नंद ग्राम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, ने **FIR No. 523/2012 U/s 457/380/411 IPC थानाः खजूरी खास, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद उर्फ पोदी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रमोद उर्फ पोदी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 523/2012 U/s 457/380/411 IPC थानाः खजूरी खास, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रमोद उर्फ पोदी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री श्रुति सारस्वत**
**जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 22, पहली मंज़िल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2618/NE/2026**
**(Court Matter)**

### NAME CHANGE

I Kulvinder Singh S/o Mr Wazir Singh, House No. G171E, First Floor, Palam Vihar, Choma(62), PO Carterpuri, Dist. Gurgaon, Haryana - 122017, have changed my name to Kulwinder Singh for all future purposes.

### NAME CHANGE

I Punit Jain S/o Pawan Kumar Jain, R/o 276/277, Block-A Pkt-1, Sector 4 Rohini, Rohini, North West Delhi, Delhi 110085 have changed my name to Punit Kumar Jain for all future purposes.

### Date of Birth Change

I, BHAGWAN DEVI is legally mother of No. 14862297M Rank- SEP Name ANOKHE SINGH presently residing at VILL-ADREPURVA, POST-BANIPARA, TEH - DERAPUR, DIST-KANPUR DEHAT (UTTER PRADESH)-209303 have changed my date of birth from 01/01/1957 to 01/01/1955 for all future purposes. Vide affidavit dated 15.01.2026 before Public Notary Delhi India.

### NAME CHANGE

I, DRAKSHAYINI is legally Wife of No. 15783977F Rank- HAV Name-PARUTAGOUDA SANAGOUDAR presently residing at VILL-ALADAKATTI (KM), PO-TALLUR, TEH-YARAGATTI, DIST- BELAGAVI, (KARNATAKA)-591117 have changed my name from DRAKSHAYINI TO DRAKSHAYINI SANAGOUDAR for all future purposes. Vide affidavit Dated 27/02/2026 Before Notary Public New Delhi.

### NAME CHANGE

I, BHAGWAN DEVI is legally mother of No. 14862297M Rank-SEP Name ANOKHE SINGH presently residing at VILL-ADREPURVA, POST-BANIPARA, TEH DERAPUR, DIST-KANPUR DEHAT (UTTER PRADESH)-209303, have changed my name from BHAGWAN DEVI to BHAGVANDEI for all future purposes. Vide affidavit dated 15.01.2026 before Public Notary Delhi.

### NAME CHANGE

I, MUKESH W/O SATISH KUMAR R/O 600, SERVICE STATION ROAD, RAJOKRI VILLAGE, DELHI-110038, HAVE CHANGED MY NAME TO MUKESH DEVI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

### NAME CHANGE

I, JASVINDER SINGH MANKU S/O KULWANT SINGH MANKU R/O HOUSE NO-1568/40, WAZIR NAGAR, KOTLA MUBARAK PUR, SOUTH DELHI, DELHI-110003, HAVE CHANGED MY NAME TO JASVINDER SINGH S/O KULWANT SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSES.

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रांशु अग्रवाल पुत्र** परवीन कुमार अग्रवाल, **निवासी** फ्लैट नं0–1622, टावर–1ए, लैंड क्राफ्ट सोसाइटी, पांडव नगर, पुलिस स्टेशन कवि नगर, गाजियाबाद (उ0प्र0), **यहां भीः** म0 नं0–120, 2ए, नेहरू नगर, गाजियाबाद (उ0प्र0), ने **FIR No. 70/2025, Dt. 22.05.25, U/S 61(2)/316(2)/316(5)/318(4)/336(3)/338/340(2)/341(1) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन आर्थिक अपराध शाखा, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 70/2025, Dt. 22.05.25, U/S 61(2)/316(2)/316(5)/318(4)/336(3)/338/340(2)/341(1) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन आर्थिक अपराध शाखा, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रांशु अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मृदुल गुप्ता**
**मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, 26, भूतल,**
**एनेक्स बिल्डिंग, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/2464/EOW/2026**
**(Court Matter)**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **इशू, पुत्रीः स्वर्गीय अश्वनी कुमार, निवासीः मकान संख्या 505, पाल होटल के पास, पूजा कॉलोनी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR/CC No. 000479/2023, U/s: 380/411/454 IPC, पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **इशू** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इशू** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली** की अभियुक्ता **इशू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री करणबीर सिंह**
**जेएमएफसी–02, सेंट्रल, कमरा नंबर 26,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2520/N/2026**

### उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)**

**निविदा संख्याः 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1034 दिनांकः 27.02.2026**

| | |
|---|---|
| **कार्य का नाम तथा स्थानः** 1) गनौर, नोली, साहिबाबाद और जिंद रेलवे स्टेशनों पर आईपीआईएस (एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली) कोच मार्गदर्शन डिस्प्ले बोर्ड (टीआईबी) की व्यवस्था। 2) गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर पीएफ–1 से 5 तक एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली यानी कोच मार्गदर्शन प्रणाली का उन्नयन। 3) एनजेडएम, बीवीएच और पीडब्ल्यूएल रेलवे स्टेशनों पर पुराने टीआईबी के स्थान पर नए टीआईबी की व्यवस्था। 4) दिल्ली डिवीजन के जंक्शन स्टेशनों पर पीएई (पब्लिक एड्रेस इक्विपमेंट) सिस्टम की व्यवस्था। 5) ओल्ड दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पुराने पीएई हार्डवेयर के स्थान पर नए पीएई (पैसेंजर एमिनिटीज इक्विपमेंट) हार्डवेयर की व्यवस्था। | |
| **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** | ₹ 10,35,98,993.33 /–मात्र |
| **धरोहर राशि (₹)** | ₹ 6,68,000 /– मात्र |
| **कार्यालय का पता** | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| **निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय।** | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक **23.03.2026** 15:00 बजे तक |
| **वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।** | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 **681/2026** |

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सुहैल, पुत्रः मोहम्मद इदरीश, निवासीः इमरान का मकान, पूजा कॉलोनी जीवन गेट, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No.: 641/2021, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद सुहैल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद सुहैल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना खजूरी खास, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद सुहैल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.04.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री श्रुति सारस्वत**
**जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 22, प्रथम तल,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/2616/NE/2026**

**कौमी पत्रिका**
**संपादक–गुरचरन सिंह बब्बर**
स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए–4/ए–144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।
**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002
फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300
**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in
**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**
**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## एचकेआरएन से एक लाख युवाओं को मिला रोजगार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अब तक एक लाख 13 हजार युवाओं को रोजगार मिला है। हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने सरकार को एचकेआरएन की कार्यशैली के मुद्दे पर घेरा। सरकार द्वारा पेश की गई रिपोर्ट पर सवाल खड़े करते हुए आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि रजिस्ट्रेशन और वास्तविक रोजगार प्रदान करने के बीच के बड़ा अंतर है। युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता के राज्य मंत्री गौरव गौतम द्वारा दिए गए आधिकारिक जवाब के अनुसार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम पोर्टल पर कुल 14 लाख 63 हजार 428 उम्मीदवारों ने पंजीकरण करवाया है। इसकी एवज में एक लाख 13 हजार 914 उम्मीदवारों को पोर्टल के माध्यम से पोर्ट किया गया है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि इनमें से 97,051 पुराने (पोर्टेड) उम्मीदवार थे। कुल रजिस्टर्ड उम्मीदवारों में से फ्रेश प्लेसमेंट की दर सिर्फ लगभग 1.15 प्रतिशत है, जबकि कुल प्लेसमेंट (पोर्टिंग सहित) भी मात्र 7.8 फीसद के आसपास है। आदित्य सुरजेवाला ने कहा है कि लाखों युवा हरियाणा कौशल रोजगार निगम पर पंजीकृत हैं, लेकिन वास्तविक नौकरियां मिलना बहुत कम है। यह सरकार के कौशल विकास और रोजगार सृजन के दावों पर सवाल उठाता है। उन्होंने हरियाणा के युवाओं और संविदा कर्मचारियों के हित में पारदर्शिता और बेहतर कार्यान्वयन की मांग की है।

## विधानसभा में गूंजा पानी व प्लास्टिक प्रदूषण का मुद्दा

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा में पानी तथा प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने सरकार को घेरा तो मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोर्चा संभालते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ एकजुटता से अभियान चलाने का आहवान किया। विधानसभा में झज्जर की विधायक गीता भुक्कल ने कलियावास, खानपुर कलां, मुंडसा, खोर्रा, बहु आदि गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाने पर सरकार से रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यहां दूषित पानी की सप्लाई हो रही है। पानी में टीडीएस का स्तर लगातार बढ़ रहा है। पानी के कारण कैंसर जैसी घातक बीमारी तेजी से फैल रही है। लोक निमार्ण मंत्री रणबीर गंगवा ने गीता भुक्कल के दावे को खारिज करते हुए कहा कि गांवों में पेयजल तय नियमों के अनुसार सप्लाई हो रहा है। टीडीएस की मात्रा मानकों से अधिक नहीं है। विधानसभा में कांग्रेस के कई विधायकों ने प्रदूषण का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोर्चा संभालते हुए कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक के बढ़ता उपयोग गंभीर है। उन्होंने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, इसलिए हम सभी जनप्रतिनिधियों को आमजन को इसके बारे में जागरूक करना होगा कि प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक के उपयोग से कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने सदन के माध्यम से सभी सदस्यों से आग्रह किया कि इस विषय पर हम सभी को आगे बढ़कर काम करना चाहिए और इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है।

## हरियाणा के 12 शहरों में बसेंगे नए सेक्टर

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश के 12 शहरों में नए सेक्टरों का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी जल्द इस बारे में विस्तृत योजना का ऐलान करेंगे। हरियाणा विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के हवाले से कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने यह जानकारी दी। प्रश्नकाल के दौरान समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना ने समालखा में नए सेक्टरों को विकसित करने की योजना के बारे में सरकार से पूछा। इसके जवाब में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि समालखा में तीन नए सेक्टर बसाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। सेक्टर एक, दो और चार में लगभग 498 एकड़ खाली जमीन मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के जरिए खरीदी जाएगी। इस पर कैबिनेट मंत्री बेदी ने बताया कि हरियाणा सरकार प्रदेश के एक दर्जन शहरों में नए सेक्टरों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए 40 हजार एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने सरकार की इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इसका विस्तार किया जाए और अधिक से अधिक लोगों को बिल्डरों के चंगुल से बचाया जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपनी सीट से संकेत दिए कि प्रदेश के विकास हेतु योजना तैयार हो चुकी है। दो दिन इसका विस्तार पूरे प्रदेश के सामने रखा जाएगा।

## घातक कैंसर जैसी बीमारी पर नियंत्रण पाने के लिए 28 फरवरी से शुरू होगा राष्ट्रव्यापी टीकाकरण :- सीएमओ रेणू चावला

**कैथल।** कैथल में 28 फरवरी से शुरू होने जा रहे राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। घातक सर्वाइकल कैंसर पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महिलाओं में सर्वाधिक पाए जाने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान 28 फरवरी से शुरू किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्तर पर एक साथ प्रारंभ होगा और जिला कैथल में भी इसकी विधिवत शुरुआत की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले की लगभग 12 हजार निर्धारित आयु वर्ग की लड़कियों की सूची तैयार की गई है। सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों एवं नागरिक अस्पतालों में 14 से 15 वर्ष तक की लड़कियों को एचपीवी का टीका निःशुल्क लगाया जाएगा।

# पटवारी अब चौपाल पर बैठकर नहीं बनाएंगे रिपोर्ट, फसल खराबे का पाई-पाई मुआवजा किसानों के खातों में: मुख्यमंत्री

### विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं और सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर भी रखा सरकार का पक्ष

एजेंसी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष पर चौतरफा हमला बोला। उन्होंने न केवल किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस के पुराने 'सिस्टम' को घेरा, बल्कि नई दिल्ली में आयोजित ग्लोबल एआई समिट में कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन को देश का अपमान करार देते हुए उसकी कड़े शब्दों में निंदा की। मुख्यमंत्री ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नई दिल्ली में एक अत्यंत महत्वपूर्ण 'इंडिया एआई समिट' का आयोजन किया गया था, जिसमें पूरी दुनिया के विशेषज्ञों ने भाग लिया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि इस वैश्विक मंच पर कांग्रेस के यूथ कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार का 'नंगा नाच' किया और देश को दुनिया भर में अपमानित करने का काम किया, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश तकनीक के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, तब विपक्ष के ऐसे कृत्य राष्ट्रीय गौरव को ठेस पहुंचाते हैं।

भविष्य की तकनीक पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने बजट में गुरुग्राम और पंचकूला में दो 'एआई हब' बनाने का निर्णय लिया है। ये हब न केवल युवाओं को रोजगार देंगे, बल्कि हरियाणा को तकनीक के वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करेंगे।

किसानों के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के समय में पटवारी गाँव की चौपाल पर बैठकर मनमर्जी से रिपोर्ट तैयार करते थे, जिससे वास्तविक पीड़ित किसान मुआवजे से वंचित रह जाते थे। उन्होंने कहा 'हमारी सरकार ने पटवारियों की सीधी जवाबदेही तय की है। अब फसल खराबे की शत-प्रतिशत रिपोर्ट लिखित में देनी होती है और मुआवजा सीधे किसान के खाते में पहुंचता है। उन्होंने बताया कि महम क्षेत्र के किसानों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया जा चुका है और भविष्य में भी किसी भी पात्र किसान को मुआवजा मिलने में देरी नहीं होगी।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि प्रदेश के 10 जिला अस्पतालों को अपग्रेड किया जा चुका है, जहाँ अब सीटी स्कैन, एमआरआई और प्राइवेट वार्ड जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही, उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे कैंसर जैसी बीमारियों का बड़ा कारण बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'प्लास्टिक मुक्त भारत' के संकल्प को दोहराते हुए सभी जनप्रतिनिधियों से जनता को जागरूक करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि चाहे वह तकनीक हो, किसान कल्याण हो या स्वास्थ्य सेवाएं, सरकार पारदर्शिता और दक्षता के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है।

## वन स्टॉप सेंटरों ने अब तक 63 हजार से ज्यादा पीड़िताओं को दी मदद

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में महिलाओं पर होने वाली हिंसा अब परदे में नहीं छुप रही। राज्य के 22 वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) एक ऐसी सुरक्षित खिड़की बनकर उभरे हैं, जहां महिलाएं बिना झिझक अपनी बात कह पा रही हैं। अहम बात यह है कि सिस्टम भी तुरंत सुन रहा है।

विधानसभा में पूर्व महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा झज्जर विधायक गीता भुक्कल के सवाल पर कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने सदन में रिपोर्ट पेश की। जिसके अनुसार स्थापना से अब तक 63 हजार से अधिक महिलाएं इन केंद्रों तक पहुंच चुकी हैं।पुलिस सहायता से लेकर काउंसलिंग और शेल्टर तक, इन केंद्रों ने महिला सुरक्षा के वास्तविक चेहरे को मजबूती दी है। टेबल किया डेटा बताता है कि सबसे ज्यादा महिलाएं फरीदाबाद (6436), गुरुग्राम (6363) और करनाल (4595) में सहायता लेने पहुंचीं। फरीदाबाद में काउंसलिंग लेने वाली पीड़िताओं की संख्या ही 2436 से ऊपर रही। गुरुग्राम में काउंसलिंग और साइको-सोशल सपोर्ट दोनों श्रेणियों में 4504-4504 मामलों ने गंभीर तस्वीर पेश की। करनाल में कानूनी सहायता लेने वाली महिलाओं की संख्या 3310 और शेल्टर की जरूरत पडने् वाले केस 3950 रहे। ये आंकड़े सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का संकेत भी दे रहे हैं कि अब महिलाएं चुप नहीं, बल्कि अपनी आवाज दर्ज करा रही हैं।

सबसे अधिक मांग काउंसलिंग और साइको-सोशल सपोर्ट की रही, जो बताता है कि महिलाएं शारीरिक ही नहीं, मानसिक और भावनात्मक आघात से भी जूझ रही हैं। आंकड़े बताते हैं कि कई जिलों में पुलिस सहायता से ज्यादा मनोवैज्ञानिक सपोर्ट की मांग दर्ज हुई। यह एक बड़ा सामाजिक संकेत है कि हिंसा की जड़ें कहीं और गहरी हैं। वन स्टॉप सेंटरों तक आए बाल विवाह के मामले भी आंखें खोलने वाले हैं।

## हरियाणा में राज्यसभा चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में राज्य सभा की दो सीटों के लिए अधिसूचना जारी हो गई है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने हरियाणा के सीनियर आइएएस अधिकारी पकंज अग्रवाल को राज्यसभा चुनाव के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि विधानसभा में डिप्टी सेक्रेटरी गौरव गोयल को सहायक रिटर्निंग अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा के राज्यसभा सदस्यों किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल पूरा होने पर यह दोनों सीटें खाली हो रही हैं। राज्य की 90 सदस्यीय विधानसभा में विधायकों की संख्या के आधार पर एक सीट भाजपा और एक सीट कांग्रेस के खाते में जानी तय है। किरण चौधरी और रामचंद्र जांगड़ा का कार्यकाल नौ अप्रैल को पूरा हो रहा है।

पिछले दो चुनाव से आईएएस अधिकारी को राज्यसभा चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। राज्यसभा के चुनाव में पेन की स्याही बदलने के कांड के बाद से विधानसभा सचिवालय के किसी अधिकारी को रिटर्निंग अधिकारी नहीं लगाया गया है। उस समय कांग्रेस व इनेलो समर्थित आरके आनंद चुनाव हार गए थे और भाजपा समर्थित सुभाष चंद्रा चुनाव जीत गये थे। रिटर्निंग अधिकारी पंकज अग्रवाल कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में प्रधान सचिव हैं। उन्होंने बताया कि राज्यसभा की दोनों सीटों के लिए नामांकन पांच मार्च तक जमा किए जा सकते हैं। नामांकनों की स्क्रूटनी छह मार्च को होगी। आवेदक नौ मार्च तक अपने आवेदन वापस ले सकते हैं।

# हरियाणा के 22 पर्यटक स्थलों पर मनाया जाएगा पांच दिवसीय रंगोत्सवः अरविंद शर्मा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** प्रदेश में पहली बार पर्यटन विभाग के टूरिस्ट काम्प्लेक्स होली के रंगों में सराबोर होंगे और आमजन, परिवार, कॉरपोरेट, आरडब्ल्यूए, एसोसिएशन इसका आनंद उठा सकेंगे। विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हरियाणा पर्यटन निगम द्वारा 28 फरवरी से प्रारंभ हो रहे पांच दिवसीय रंगोत्सव 2026 को लांच करते हुए कहा गया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग निरंतर आमजन को जोडने् के लिए नई पहलें कर रहा है। चंडीगढ़ में पर्यटन मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक पार्थ गुप्ता व महाप्रबंधक ममता शर्मा की मौजूदगी में रंगोत्सव 2026 के पोस्टर को



लांच किया। उन्होंने कहा कि 28 फरवरी से 4 मार्च तक हरियाणा पर्यटन निगम प्रदेश में 22 टूरिस्ट काम्प्लेक्सों पर होली कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम, फरीदाबाद, गुरुग्राम, करनाल, रोहतक और पंचकूला जोन के टूरिस्ट काम्प्लेक्सों में आयोजन की तैयारी कर ली गई हैं।

अरविंद शर्मा ने बताया कि रंगोत्सव 2026 में प्रतिदिन डीजे, हरियाणवी कलाकारों की प्रस्तुति, रेन डांस जोन, आर्गेनिक कलर जोन, किड्स प्ले जोन, पारंपरिक होली पर लोक कला अनुसार फाग व रागनी का भी आयोजन होगा। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यटन विभाग द्वारा सूरजकुंड में अंतरराष्ट्रीय शिल्प महोत्सव, दीवाली मेला, पिंजौर में मैंगो मेला और बैसाखी मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस बार होली पर कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है, ताकि आमजन इन आयोजनों में संगीत, नृत्य और खान-पान का लुत्फ उठा सकें।

इस अवसर पर हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक पार्थ गुप्ता ने बताया कि सूरजकुंड टूरिस्ट काम्प्लेक्स, बडख़ल लेक मोटल, अरावली गोल्फ कोर्स, मैगपाई टूरिस्ट काम्प्लेक्स, राजा नाहर सिंह टूरिस्ट काम्प्लेक्स, बारबेट टूरिस्ट काम्प्लेक्स सोहना, सरस टूरिस्ट काम्प्लेक्स दमदमा समेत प्रदेश के 22 स्थानों पर यह आयोजन होगा।

# विकसित भारत संकल्प में खाद्य प्रसंस्करण निर्णायक भूमिका : चिराग पासवान

एजेंसी

**सोनीपत।** सोनीपत के कुंडली स्थित निफ्टेम में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस्ड नेक्स्ट जेनरेशन विजन फॉर इमर्जिंग एंड सस्टेनेबल हेल्दी फूड्स (एनवेश-2026) का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान द्वारा किया गया। इस 26 से 28 फरवरी तक चलने वाले इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 25 से अधिक देशों के विशेषज्ञ, शोधकर्ता, उद्योग प्रतिनिधि, निर्यातक, उद्यमी और नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प में खाद्य प्रसंस्करण निर्णायक भूमिका रहेगी। चिराग पासवान ने कहा कि विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 1.4 बिलियन आबादी वाले देश के लिए तकनीक आधारित विकास अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों और किसानो तक नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक





तकनीक पहुंचाकर गांव और शहर के बीच की दूरी कम करनी होगी। बदलती जीवनशैली के कारण रेडी टू ईट और रेडी टू कुक उत्पादो की मांग बढ़ रही है। भारत के पास पर्याप्त उत्पादन है, अब मूल्य संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कृषि उत्पादो में मूल्य संवर्धन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से निर्मित खाद्य उत्पादो के व्यापार, जिसमें ई कॉमर्स भी शामिल है, में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी गई थी।

उन्होंने कहा कि विश्व की प्रत्येक भोजन मेज तक भारतीय खाद्य उत्पाद पहुंचे, यह लक्ष्य होना चाहिए। गुणवत्ता और नियामकीय मानको से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। किसानो के हित सुरक्षित रखते हुए 23 देशो के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए गए हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव अविनाश जोशी ने बताया कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 10,900 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय में से,625.04 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

योजना के तहत 2.5 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य था, जबकि अब तक 3.29 लाख रोजगार सृजित हो चुके हैं। सम्मेलन में एक हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। आगामी सत्रो में विचार गोष्ठी, मुख्य व्याख्यान, परिचर्चा और प्रदर्शनी आयोजित की जाएंगी। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषदके पूर्व अध्यक्ष टीजी सीताराम तथा विश्व खाद्य पुरस्कार विजेता शकुंतला हरकसिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन का उद्देश्य उभरती प्रौद्योगिकी, मूल्य संवर्धन,डिजिटल अनुपालन प्रणाली, सतत आपूर्ति श्रृंखला, निर्यात उन्मुख नवाचार और खाद्य सुरक्षाजैसे विषयो पर मंथन करना है।

## कॉटन फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का नुकसान

एजेंसी

**हिसार।** बरवाला के अग्रोहा मार्ग पर स्थित एक कॉटन फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची परंतु आग नहीं बुझ पाई और आग ने भयानक रूप धारण कर लिया। दो-तीन फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर और पहुंची। तब जाकर इस आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम को इस आग पर काबू पाया गया। आग से कॉटन फैक्ट्री मालिक को लाखों रुपए का नुकसान का अनुमान है। मौके पर मौजूद तरसेम राजलीवाला और प्रधान जय नारायण राजली वाला ने बताया कि बुधवार शाम को चार बजे किशोरी लाल एंड संस नामक कॉटन फैक्ट्री में आग लग गई। थोड़ी देर की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की मदद से इस आग पर काबू पा लिया गया परंतु को ही एक बार फिर से फैक्ट्री में रखे खल बिनोलों में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। आग नहीं बुझ पाई और बढ़ती गई। फायर ब्रिगेड की और दो-तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची। काफी घटों की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने इस आग पर काबू पाया परंतु तब तक कॉटन फैक्ट्री की मशीने, खल बिनोले व अन्य सामान



जल गया। कॉटन फैक्ट्री की बिल्डिंग भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस आग के लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। बरवाला शहर के अनेक कॉटन फैक्ट्री के मालिकों ने सरकार व प्रशासन से मौके का मुआवना करके इस कॉटन फैक्ट्री में आग लगने से हुए लाखों रुपए के नुकसान की भरपाई यथाशीघ्र करवाए जाने की मांग की है ताकि फैक्ट्री मालिक अपना कार्य सुचारू रूप से चला सके।

# सर्वाइकल कैंसर के जोखिम कम करने को शनिवार से एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

एजेंसी

**गुरुग्राम।** सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर से ह्यूमन पैपिलोमा वैक्सीन (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ करेंगे। गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल से इसकी शुरुआत की जाएगी। सिविल सर्जन डा. लोकवीर ने अभियान के शुभारंभ बारे पत्रकार वार्ता में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला में अभियान के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. जयप्रकाश राजलीवाल भी मौजूद रहे। डॉ. लोकवीर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करना है, जो भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) इसके प्रमुख कारणों में से एक है। विशेषकर इसके 16 और 18 प्रकार सर्वाधिक खतरनाक माने जाते हैं। सरकार द्वारा 6, 11, 16 और 18 प्रकारों से सुरक्षा प्रदान करने वाली वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण पूरी तरह स्वैच्छिक होगा और निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। अभियान में लक्ष्य समूह मुख्यतः 14 वर्ष की किशोरियां



हैं। जिले को प्रथम चरण में प्राप्त डोज को ब्लॉक स्तर पर वितरित किया जायेगा। शुभारंभ दिवस पर लगभग 50 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, हालांकि पात्र बालिकाओं की संख्या अधिक होने पर सभी को टीका लगाया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि यह 0.5 मि ली की सिंगल डोज होगी, जो बाएं हाथ में इंट्रामस्कुलर (मांसपेशी में) दी जाएगी। प्रारंभिक चरण में टीकाकरण जिला अस्पताल, उपमंडल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर किया जाएगा। स्कूलों के माध्यम से भी पात्र छात्राओं को लाकर टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा और विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। अभियान की मॉनिटरिंग और लाभार्थियों की ट्रैकिंग यू विन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके। सिविल सर्जन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों को टीकाकरण के बाद कम से कम आधा घंटा स्वास्थ्य केंद्र पर अवश्य रुकवाएं, ताकि किसी भी संभावित प्रतिक्रिया की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय सहायता दी जा सके। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता बढ़ाने के लिए आशा वर्करों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान बेटियों के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अधिक से अधिक पात्र किशोरियों को इसका लाभ दिलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## घरौंडा मंडी में सरसों की भारी आवक, किसानों ने की सरकारी खरीद की मांग

एजेंसी

**घरौंडा।** नई अनाज मंडी में इस वर्ष सरसों की आवक बहुत तेजी से बढ़ती जा रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल मंडी में कई गुना अधिक सरसों पहुंच चुकी है, जो एक बड़ा चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि किसानों को मंडी में सरसों का अच्छा रेट मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद किसानों ने सरकार से जल्द से जल्द सरकारी खरीद शुरू करने की मांग दोहराई है। मार्केट कमेटी के कार्यकारी सचिव सुनील कुमार ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में बीती 16 फरवरी से ही सरसों की आवक शुरू हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक मंडी में 2,218 क्विंटल सरसों आ चुकी है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान मात्र 351 क्विंटल सरसों मंडी में पहुंची थी। फिलहाल मंडी में किसान मुख्य रूप से काली सरसों लेकर आ रहे हैं और अभी केवल प्राइवेट एजेंसियां ही इसकी खरीद कर रही हैं। मंडी में सरसों के भाव की बात करें तो इस बार किसानों को 5,500 से लेकर 5,700 रुपये प्रति क्विंटल तक का रेट मिल रहा है। पिछले साल यह रेट 5,300 से 5,500 रुपये के बीच था। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अजय राणा और किसान संदीप सिंह ने बताया कि मंडियों में सरसों की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार ने अभी तक सरकारी खरीद



प्रक्रिया शुरू नहीं की है। यूनियन नेताओं ने सरकार के उस दावे पर भी सवाल उठाए जिसमें 24 फसलों को एमएसपी पर खरीदने की बात कही जाती है। उन्होंने कहा कि धान घोटाले का खुलासा होने के बाद ही इस वर्ष सरसों की आवक में इतना बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। किसानों का कहना है कि यदि सरकारी खरीद जल्द शुरू नहीं हुई तो उन्हें नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# हरियाणा में 12 जिलों में अपग्रेड होंगे जिला अस्पताल : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जिला स्तर के अस्पतालों को सीटी स्कैन, एमआरआई, डिजिटल एक्सरे इत्यादि सभी सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। ऐसे 10 अस्पतालों को जनता को समर्पित किया जा चुका है। अन्य अपस्तालों को भी अपग्रेड किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान बोल रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा जिला स्तर के अस्पतालों को अपग्रेड करने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है।इससे पहले करनाल के विधायक जगमोहन आनंद के सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि कल्पना चावला सरकारी मेडिकल कॉलेज करनाल (केसीजीएमसी) में पीपीपी मोड पर कैथ लैब स्थापित की जाएगी। इसके अलावा , पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, कुटैल में कैंसर विज्ञान विभाग स्थापित किया जाएगा।

आरती सिंह राव ने बताया कि करनाल के केसीजीएमसी में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से कार्डियो-थोरेसिक सर्जरी सुविधा सहित सुपर स्पेशियलिटी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी की सेवाएं



शुरू की जाएंगी, इसके लिए निविदा आमंत्रण करने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में पीपीपी मोड पर कैथ लैब स्थापित करने के लिए संयुक्त आरएफपी ( रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल) किया है।

कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला के सवाल के जवाब पर आरती राव ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत लगभग 2694 उपचार पैकेज उपलब्ध हैं। आरती सिंह राव ने बताया कि 20 फरवरी 2026 तक प्रदेश में कुल सक्रिय कार्डों की संख्या एक करोड़ 38 लाख 47 हजार 905 है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के तहत जनवरी 2024, अक्टूबर 2024 और जनवरी 2026 के दौरान कुल 2694 उपचार-पैकेज उपलब्ध रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उपयुक्त उपचार पैकेजों में शामिल न होने वाले उपचार-पैकेजों को सूचीबद्ध अस्पतालों द्वारा अनिर्दिष्ट (अनस्पेसिफाइड) श्रेणी के तहत बुक किया जाता है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2022 से 17 फरवरी 2026 तक राज्य में आयुष्मान योजना सहित कुल उपचारों की संख्या (भुगतान किए गए दावों के अनुसार) 14,28,872 थी जिनकी एवज में अस्पतालों को 2010 करोड़ 33 लाख 66 हजार 180 रुपये की राशि वितरित की गई है।

# ग्रामीण चौपाल में प्रशासन का संवाद, मौके पर ही सुलझीं जनसमस्याएं

एजेंसी

**यमुनानगर।** यमुनानगर जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र में सीधे संवाद की पहल करते हुए सरस्वतीनगर खंड के रपौली स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जनता दरबार एवं रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया। उपायुक्त प्रीति और पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया। कार्यक्रम के दौरान परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों, आवास योजनाओं का लाभ, बिजली कनेक्शन, नालियों और गलियों के निर्माण, राशन कार्ड, पेंशन तथा बिजली बिल से जुड़े मामलों सहित बड़ी संख्या में शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखी गई। कई पात्र लाभार्थियों की विधवा, बुढ़ापा और अविवाहित पेंशन तत्काल स्वीकृत की गई, जबकि लंबित मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य गांव स्तर पर पहुंचकर लोगों को राहत देना है, ताकि उन्हें छोटे-छोटे कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि दसवीं के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों को पुनः शिक्षा से जोड़ें। उनके अनुसार शिक्षा ही सामाजिक कुरीतियों और कम उम्र में विवाह जैसी समस्याओं से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया तथा नाबालिगों को वाहन न चलाने देने की अपील की। उपस्थित लोगों को नशामुक्ति और यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समाज की भागीदारी से ही अपराध और नशे जैसी चुनौतियों पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नशे की गिरफ्त में आए युवाओं की पहचान कर प्रशासन को सूचना दें।

# नेटफ्लिक्स की बोली ठुकराई, पैरामाउंट ने वार्नर ब्रदर्स अधिग्रहण में बढ़त बनाई

**न्यूयॉर्क ।**

नेटफ्लिक्स ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के स्टूडियो और स्ट्रीमिंग व्यवसाय को खरीदने के लिए अपनी नई बोली बढ़ाने से इनकार कर दिया। कंपनी ने कहा कि नई कीमत आर्थिक रूप से आकर्षक नहीं रह जाएगी। इससे पैरामाउंट को अधिग्रहण में स्पष्ट बढ़त मिल गई। स्काइडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए अपनी बोली बढ़ाकर प्रति शेयर 31 अमेरिकी डॉलर कर दी। साथ ही कंपनी ने सात अरब डॉलर की नियामक समाप्ति शुल्क पर भी सहमति जताई। पैरामाउंट अपने प्रस्ताव को पूरा करने के लिए अरबों डॉलर का कर्ज लेगा। वार्नर ब्रदर्स के निदेशक मंडल ने इसे 'कंपनी के लिए श्रेष्ठ प्रस्ताव' करार दिया।

नेटफ्लिक्स के विपरीत, पैरामाउंट वार्नर के सभी संचालन खरीदना चाहता है, जिसमें सीएनएन और डिस्कवरी जैसे नेटवर्क शामिल हैं। इससे सीएनएन का संयोजन पैरामाउंट के सीबीएस के साथ होगा और हॉलीवुड के प्रमुख स्टूडियो में दो




का विलय होगा। पहले वार्नर महीनों तक नेटफ्लिक्स के प्रस्ताव का समर्थन कर रहा था। लेकिन जब पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए प्रतिस्पर्धी बोली और अन्य संशोधन पेश किए, तो निदेशक मंडल ने अपनी राय बदल दी। इसका मुख्य आधार यह था कि किस प्रस्ताव से शेयरधारकों को अधिक मूल्य मिलेगा और नियामक मंजूरी मिलने की संभावना बेहतर है।

# अमेरिका-ईरान तनाव से तेल के 110 डॉलर तक पहुंचने की आशंका

**- पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां बढ़ने से सप्लाई पर पड़ सकता है असर**

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क बैंट क्रूड की कीमतें हाल के दिनों में करीब 10 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। विश्लेषकों का मानना है कि यदि हालात और बिगड़ते हैं तो ब्रेंट कच्चा तेल 110 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है, जो मौजूदा स्तर से लगभग 57 प्रतिशत अधिक होगा। विशेषज्ञों के अनुसार सबसे बड़ा जोखिम स्ट्रेट आफ हारमुज से जुड़ा है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन लगभग 20 मिलियन बैरल कच्चा तेल और पेट्रोलियम उत्पाद इसी रास्ते से गुजरते हैं। साथ ही दुनिया की करीब 20 प्रतिशत गैस सप्लाई भी इसी मार्ग पर निर्भर है। यदि किसी सैन्य टकराव या अवरोध के कारण यहां से आपूर्ति बाधित होती है, तो तेल कीमतों में 20 से 40 डॉलर प्रति बैरल तक का अतिरिक्त जोखिम प्रीमियम जुड़ सकता है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि तनाव गहराने पर कीमतें 95 से 110 डॉलर प्रति बैरल या उससे ऊपर जा सकती हैं। फिलहाल फरवरी में ब्रेंट लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है और हाल ही में यह 72 डॉलर तक पहुंचा था। निवेशकों और कारोबारियों में आशंका है कि पश्चिम एशिया में सैन्य गतिविधियां बढ़ने से सप्लाई पर असर पड़ सकता है। हालांकि अगर अमेरिका और ईरान के बीच कूटनीतिक समाधान निकलता है और किसी प्रकार की सैन्य कार्रवाई नहीं होती, तो कीमतों में तेजी सीमित रह सकती है। ऐसे परिदृश्य में ब्रेंट फिर से 60 डॉलर के निचले स्तर तक आ सकता है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर मौजूद अतिरिक्त उत्पादन क्षमता भी संभावित आपूर्ति झटकों को संतुलित कर सकती है।

# भारत स्मार्टफोन उत्पादन बढ़ाने नई पीएलआई योजना पर कर रहा है विचार

**इस बार वित्तीय प्रोत्साहन मुख्य रूप से घरेलू मूल्यवर्धन से जोड़ा जाएगा**

**नई दिल्ली ।**



भारत सरकार स्मार्टफोन निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने पर विचार कर रही है। मौजूदा योजना 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इस बार वित्तीय प्रोत्साहन मुख्य रूप से घरेलू मूल्यवर्धन से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। 2020 में शुरू हुई पांच साल की मौजूदा पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को वृद्धिशील निवेश और उत्पादन मूल्य लक्ष्य पूरा करने पर 4-6 फीसदी तक प्रोत्साहन मिलता रहा। हालांकि निर्यात और प्रत्यक्ष रोजगार पर नजर रखी जाती रही, पर इन्हें अनिवार्य नहीं माना गया। योजना का कुल बजट 34,193 करोड़ रुपये था, लेकिन वास्तविक भुगतान लगभग 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। ऐपल के आपूर्तिकर्ता टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और फॉक्सकॉन, साथ ही सैमसंग और डिक्सन टेक्नॉलजीज (इंडिया) इसका बड़ा हिस्सा प्राप्त करेंगे। सरकार को उम्मीद थी कि घरेलू मूल्यवर्धन वित्त वर्ष 2026 तक 35-40 फीसदी तक बढ़ेगा, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह केवल 18-20 फीसदी रह सकता है। 2020 में गलवान सीमा विवाद और प्रेस नोट 3 लागू होने के बाद चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर रोक लग गई, जिससे चीन की कलपुर्जा कंपनियों का भारत में प्रवेश प्रभावित हुआ। इसके परिणामस्वरूप ऐपल ने चीन आधारित आपूर्तिकर्ताओं को भारत लाने की योजना छोड़ दी और स्थानीय व दूसरे देशों की कंपनियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने का विकल्प चुना। ऐपल ने अब भारत में लगभग 40 कंपनियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला बनाई है। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का मानना है कि नई पीएलआई योजना से न सिर्फ भारत आत्मनिर्भर होगा, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जा के क्षेत्र में बड़ा निर्यातक भी बनेगा। सरकार ने पहले ही एक बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना शुरू कर दी है ताकि स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला मजबूत हो।

# लॉरस लैब्स के शेयर में तेजी, वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन मजबूत




**पिछले दो कारोबारी सत्रों में शेयर की कीमत में 8 फीसदी का उछाल**

**नई दिल्ली ।**

ठेके पर दवा निर्माण और जेनेरिक दवाओं की प्रमुख कंपनी लॉरस लैब्स के शेयरों ने गुरुवार को बीएसई पर करीब 3 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की और 1,103.35 रुपये के उच्चतम स्तर को छू लिया। पिछले दो कारोबारी सत्रों में इस शेयर की कीमत में कुल 8 फीसदी का उछाल आया है। सत्र के अंत में यह 1,092 रुपये पर बंद हुआ, जो 1.52 फीसदी की बढ़त दर्शाता है। पिछले छह महीनों में शेयर ने बाजार औसत से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 26 फीसदी की वृद्धि की, जबकि बीएसई सेंसेक्स में केवल 2 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। पिछले एक साल में शेयर में 101.5 फीसदी की तेजी रही, जबकि बेंचमार्क इंडेक्स में केवल 10.2 फीसदी की वृद्धि। दिसंबर तिमाही में लॉरस लैब्स ने राजस्व में 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर 1,778 करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ। सकल मार्जिन लगभग 60 फीसदी रहा और परिचालन लाभ मार्जिन में 27 फीसदी से थोड़ी अधिक बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने यह प्रदर्शन मुख्य रूप से अपने जेनेरिक कारोबार और सीडीएमओ प्रोग्राम के मजबूत प्रदर्शन के जरिए हासिल किया। भले ही सीडीएमओ कारोबार में कुछ मंदी रही हो, फिर भी विकसित बाजारों में एंटीरेट्रोवायरल दवाओं की बढ़ी हुई मांग और चुनिंदा मॉलिक्युल की मजबूत मांग ने मार्जिन को स्थिर रखा। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों के अनुसार, वित्त वर्ष 2028 तक सीडीएमओ का योगदान 16 फीसदी से बढ़कर 32 फीसदी होने का अनुमान है।` वित्त वर्ष 2022-26 में कंपनी के कुल 3,900 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च का लगभग 75 फीसदी ऐक्टिव फार्मा और सीडीएमओ पर किया गया।

# डीजीसीए ने हवाई टिकट रिफंड और संशोधन नियमों में किया बड़ा बदलाव

**प्लेन की टिकट कैंसिल करवाने पर नहीं कटेगा पैसा, बस समय का रखें ध्यान**

**नई दिल्ली ।**

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने हवाई टिकट रिफंड और संशोधन के नियमों में अहम बदलाव किए हैं। नए प्रावधानों के तहत यात्री बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या बदल सकते हैं। यदि यात्री नई उड़ान चुनते हैं और उसका किराया अधिक है, तो किराए का अंतर देना होगा। यह सुविधा तब लागू होगी जब उड़ान की तारीख- घरेलू मामलों में कम से कम 7 दिन और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कम से कम 15 दिन दूर हो। 48 घंटे के बाद सामान्य रद्द/रिफंड नियम लागू होंगे। डीजीसीए ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह भी तय किया है कि अगर टिकट सीधे एयरलाइन की वेबसाइट से बुक किया गया है और 24 घंटे के भीतर नाम में कोई गलती बताई जाती है, तो एयरलाइन कोई शुल्क नहीं लेगी। यह नियम केवल सीधे बुकिंग पर लागू होगा और छोटी-छोटी टाइपिंग गलतियों के लिए यात्रियों को राहत देगा। अगर टिकट ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, तो रिफंड की जिम्मेदारी एयरलाइन की होगी, क्योंकि एजेंट उनके अधिकृत प्रतिनिधि माने जाते हैं। एयरलाइन को 14 कार्य दिवसों के भीतर रिफंड प्रक्रिया पूरी करनी होगी। देरी होने पर नियामक कार्रवाई की संभावना होगी, जिससे यात्रियों का पैसा लंबे समय तक फंसा नहीं रहेगा।

चिकित्सा आपात स्थिति में यदि यात्री या उसी पीएनआर पर परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में भर्ती होता है, तो एयरलाइन रिफंड या क्रेडिट नोट का विकल्प दे सकती है। अन्य परिस्थितियों में रिफंड के लिए एयरलाइन या डीजीसीए द्वारा सूचीबद्ध विशेषज्ञ से फिटनेस' प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य होगा। दिसंबर 2025 में एयरलाइंस को 29,212 शिकायतें मिली थीं, जिनमें लगभग 7.5 प्रतिशत रिफंड से संबंधित थीं।

## रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 15 पैसे टूटकर 91.06 पर बंद हुआ। वै श्विक बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.95 पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की नकारात्मक शुरुआत के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में और अधिक गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर खुला लेकिन बाद में टूटकर 90.95 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 90.91 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 फीसदी की गिरावट के साथ 97.70 पर रहा।



## किर्लोस्कर को अडानी पावर से थर्मल पावर पंप के लिए मिला 214 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई ।** किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड को अडानी पावर लिमिटेड और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों से थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स के लिए सर्कुलेटिंग वॉटर पंप की सप्लाई के लिए 214 करोड़ का ऑर्डर मिला है। शुक्रवार एक एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने कहा कि अडानी पावर और उसकी सब्सिडियरी कंपनियों, अनूपपुर थर्मल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड और कोरबा पावर लिमिटेड ने कंक्रीट वोल्यूट पंप टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके सर्कुलेटिंग वॉटर पंप की सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के साथ-साथ सहायक कूलिंग वॉटर पंप और उससे जुड़े इलेक्ट्रिकल और कंट्रोल सिस्टम के लिए एक कॉन्ट्रैक्ट दिया है। किर्लोस्कर ब्रदर्स ने कहा कि पंप पैकेज मध्य प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ और बिहार में मौजूद थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स में लगाए जाएंगे।

## दूरसंचार कंपनियों का राजस्व बढ़ा, जियो ने दर्ज की सबसे तेज वृद्धि

**नई दिल्ली ।** चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारतीय दूरसंचार कंपनियों का राजस्व साल-दर-साल आठ प्रतिशत बढ़कर 34 अरब डॉलर (लगभग तीन लाख करोड़ रुपये) के पार पहुंच गया। यह वृद्धि मुख्य रूप से बाजार के बड़े खिलाड़ियों की मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है। भारती एयरटेल का राजस्व तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़ा, जबकि वोडाफोन आइडिया का केवल दो प्रतिशत का मामूली बढ़ावा देखा गया। वहीं रिलायंस जियो ने सबसे तेज़ बढ़ोतरी दर्ज करते हुए अपने राजस्व में 11 प्रतिशत की वृद्धि की। देश के दूरसंचार क्षेत्र में इन तीनों कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी 95 प्रतिशत रही, जो दर्शाता है कि बाजार अभी भी बड़े खिलाड़ियों के प्रभुत्व में है। पूंजी बाजार एवं निवेश समूह सीएलएसए की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार क्षेत्र में यह वृद्धि उपभोक्ता संख्या बढ़ने और डेटा खपत में तेजी का संकेत देती है। विशेषज्ञों का कहना है कि आगामी तिमाहियों में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बावजूद बड़े नेटवर्क प्रदाता राजस्व वृद्धि बनाए रख सकते हैं।

## आरबीआई ने डिजिटल धोखाधड़ी रोकने बैंकों और पुलिस को दिए कड़े निर्देश

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने 60 प्रमुख बैंकों के कार्यकारी निदेशकों और धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन प्रमुखों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय और महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी भी शामिल हुए। आरबीआई ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं के प्रभावी समाधान के लिए सभी संबंधित पक्षों के बीच मजबूत समन्वय आवश्यक है। कार्यशाला में साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम और उसे कम करने के लिए मजबूत संचालन, निगरानी व्यवस्था, आंतरिक नियंत्रण, सुव्यवस्थित प्रक्रियाएं और अत्याधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया गया। आरबीआई ने बैंकों से लक्षित ग्राहक जागरूकता अभियान चलाने और अपनाई गई तकनीकी और प्रक्रियात्मक उपायों को साझा करने का आग्रह किया।




## सिंगापुर की ठकराल कॉरपोरेशन भारत में ड्रोन कलपुर्जों का करेगा विनिर्माण

**- भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में 20-30 डीजेआई रिटेल स्टोर खोलने की योजना**

**सिंगापुर ।**

सिंगापुर स्थित ठकराल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने नवीनतम वित्तीय विवरण में भारत में विशेषीकृत और एंटरप्राइज-ग्रेड ड्रोन के विनिर्माण की संभावनाओं का अध्ययन करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य औद्योगिक और वाणिज्यिक ड्रोन की बढ़ती मांग को पूरा करना और इस कम सेवा प्राप्त बाजार में अवसरों का लाभ उठाना है। ठकराल की अनुषंगी कंपनी भारत स्काइटेक कृषि ड्रोन क्षेत्र में सक्रिय है और घरेलू विनिर्माताओं को ड्रोन कलपुर्जों का निर्माण और आपूर्ति करती है। इससे समूह को भारत में कृषि ड्रोन खंड में तेजी से विस्तार करने का अवसर मिलेगा। समूह का चीन के डीजेआई टेक्नोलॉजी के साथ समझौता है। अगले 2-3 वर्षों में, ठकराल भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में 20-30 डीजेआई रिटेल स्टोर खोलने की योजना बना रहा है। इनमें प्रमुख शहरों में फ्लैगशिप स्टोर भी शामिल होंगे, जिनकी शुरुआत 2026 की पहली छमाही से होने की संभावना है। ठकराल ने एक उद्योग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत का ड्रोन बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2029-30 तक 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। इस तेजी से बढ़ते बाजार में औद्योगिक, वाणिज्यिक और कृषि ड्रोन की मांग मुख्य प्रेरक होगी। ठकराल भारत में ड्रोन घटकों के विनिर्माण, प्रीमियम ब्रांड वितरण (जैसे नेस्प्रेसो) और रियल एस्टेट परियोजनाओं में सक्रिय है। जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन सहित एशिया के कई देशों में इसके परिचालन समूह को तकनीकी और बाजार विस्तार में मजबूत स्थिति प्रदान करते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 961, निफ्टी 317 अंक गिरा**

**निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान**

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 961.42 अंक टूटकर 81,287.19 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 317.90 अंक फिसलकर 25,178.65 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रियल्टी और ऑटो शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 2.26 फीसदी और निफ्टी ऑटो 1.86 फीसदी नीचे आये। निफ्टी एफएमसीजी 1.69 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.67 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.55 फीसदी, निफ्टी फार्मा 1.50 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी आईटी 0.16 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.17 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.60 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 682.55 अंक टूटकर साथ 59,115.60




और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 188.75 अंक फिसलकर 16,928.90 पर था। इस गिरावट से निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, ट्रेंट, इन्फोसिस भी लाभ में रहे थे। वहीं सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे हैं। आज आई गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली एफआईआई ने 3,465.99 करोड़ रुपए के इक्विटी की बिक्री की थी। इसके अलावा ईरान-अमेरिका के बीच कोई डील न होना, डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट और वैश्विक बाजार से कमजोर संकेत शामिल थे। इससे पहले आज सुबह बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत हुई।

सेंसेक्स 82,246 अंक पर लगभग सपाट खुला। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 237.94 अंक की बढ़त के साथ 82,010.67 पर कारोबार करता दिखा। वहीं निफ्टी 14.05 अंक बढ़कर 25,496.55 अंक पर बंद हुआ था। बाजार पर दबाव की एक बड़ी वजह अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव है।

# सेबी ने सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड किए खत्म, अब निवेश रणनीति पर फोकस

**- ये फंड अब हाइब्रिड या मल्टी-एसेट फंड्स में मर्ज कर दिए जाएंगे**

**मुंबई ।**

सेबी ने स्पष्ट किया कि म्यूचुअल फंड का चयन अब नाम या भावुक टाइटल पर नहीं, बल्कि वास्तविक निवेश रणनीति पर आधारित होगा। इसी आदेश के तहत सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड कैटेगरी को पूरी तरह बंद कर दिया गया। इस श्रेणी में कुल 44 फंड थे, जिनमें 15 चिल्ड्रेन फंड और 29 रिटायरमेंट फंड शामिल थे। सेबी ने कहा है कि निवेशकों का पैसा सुरक्षित रहेगा। ये फंड अब हाइब्रिड या मल्टी-एसेट फंड्स में मर्ज कर दिए जाएंगे, जिनका जोखिम प्रोफाइल और रणनीति समान है। हालांकि, इन फंडों में नई निवेश राशि पर तुरंत रोक लगाई गई है। अब निवेशकों के लिए लाइफ स्टाइल फंड मुख्य विकल्प होंगे। इन फंडों की खासियत यह है कि जैसे-जैसे निवेशक की उम्र बढ़ेगी या लक्ष्य के साल करीब आएगा, यह फंड अपने आप रिस्क कम कर देगा। युवा निवेशकों के लिए अधिक इक्विटी और रिटायरमेंट के नजदीक अधिक डेट इंस्ट्रूमेंट्स शामिल होंगे। सेबी ने साफ कर दिया है कि ये फंड लंबी अवधि के लिए हैं, इसलिए बीच में पैसा निकालने वालों पर कड़ा जुर्माना लगेगा- 1 साल के भीतर निकासी पर 3 फीसदी चार्ज, 2 साल के भीतर निकासी पर 2 फीसदी चार्ज और 3 साल के भीतर निकासी पर 1 फीसदी चार्ज लगाया जाएगा। म्यूचुअल फंड कंपनियों



को अपनी स्कीमों को नए नियमों के अनुरूप ढालने के लिए 6 महीने का समय मिला है। सेबी का उद्देश्य है कि बाजार और अधिक पारदर्शी बने, ताकि निवेशक बिना भ्रम के सही फंड चुन सकें।

## 1 अप्रैल से 20 फीसदी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बिक्री अनिवार्य



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देशभर में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) की बिक्री अनिवार्य कर दी है। इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 17 फरवरी को अधिसूचना जारी की। आदेश के अनुसार तेल विपणन कंपनियों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कम से कम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (आरओएन) वाला एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचना होगा। यह ईंधन भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए। अधिसूचना में कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में केंद्र सरकार तेल कंपनियों को सीमित अवधि और तय क्षेत्रों में मानकों के अनुरूप ईंधन की बिक्री की अनुमति दे सकती है। हाल के महीनों में पेट्रोल में एथनॉल मिलाने को लेकर विवाद भी सामने आए हैं। कुछ दावों में कहा गया कि गन्ने, चावल और मक्के से बने एथनॉल के उपयोग से वाहनों की माइलेज और इंजन क्षमता प्रभावित हो सकती है। हालांकि सरकार का कहना है कि उच्च आरओएन स्तर इंजन प्रदर्शन को संतुलित रखेगा। सरकार इस कदम को आयात निर्भरता घटाने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दिशा में अहम मान रही है।

# रमन की विरासत और नारी नेतृत्व: विकसित भारत का वैज्ञानिक युग




योगेश कुमार गोयल

> राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं।

सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान... मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान् वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी. वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। दरअसल सर सी वी रमन भौतिकी विज्ञान के क्षेत्र में पहले ऐसे भारतीय थे, जिन्होंने भारत में ऐसे आविष्कार पर शोध किया था।

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सी वी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा



माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात् भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीअई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की वर्ष 1999 से लेकर अब तक की थीम पर नजर डालें तो वर्ष 1999 का विषय था 'हमारी बदलती धरती'। वर्ष 2000 का विषय था 'मूल विज्ञान में रूचि उत्पन्न करना, 2001 का 'विज्ञान शिक्षा के लिए सूचना तकनीक', 2002 का 'पश्चिम से धन', 2003 का 'जीवन की रूपरेखा : 50 साल का डीएनए और 25 वर्ष का आईवीएफ', 2004 का 'समुदाय में वैज्ञानिक जागरूकता को बढ़ावा देना', 2005 का 'भौतिकी को मानना', 2006 का 'हमारे भविष्य के लिए प्रकृति की परवरिश करें', 2007 का 'प्रति द्रव्य पर ज्यादा फसल', 2008 का 'पृथ्वी ग्रह को समझना', 2009 का 'विज्ञान की सीमा को बढ़ाना', 2010 का 'दीर्घकालिक विकास के लिए लैंगिक समानता, विज्ञान और तकनीक, 2011 का ह्यदैनिक जीवन में रसायन', 2012 का 'स्वच्छ ऊर्जा विकल्प और परमाणु सुरक्षा', 2013 का 'अनुवांशिक संशोधित फसल और खाद्य सुरक्षा', 2014 का 'वैज्ञानिक मनोवृत्ति को प्रोत्साहित करना', 2015 का 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान', 2016 का 'देश के विकास के लिए वैज्ञानिक मुद्दों पर सार्वजनिक प्रशंसा बढ़ाने के लक्ष्य', 2017 का 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकलांग व्यक्तियों के लिए', 2018 का 'एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी' तथा वर्ष 2019 का राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का विषय 'लोगों के लिए विज्ञान और विज्ञान के लिए लोग' था। देश में अन्य क्षेत्रों के अलावा विज्ञान के क्षेत्र में भी महिलाओं के योगदान के मद्देनजर उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से 2020 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम रखी गई 'विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएं' (वूमेन इन साइंस)।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है। हमारा समाज 21वीं सदी में जिस प्रकार अंधविश्वासों के साये में जीता है, ऐसे में विज्ञान की महत्ता समझते हुए समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करते हुए इन अंधविश्वासों के निर्मूलन की जिम्मेदार हम सबकी है।

## संपादकीय

### सुप्रीम संवेदनशीलता

भारतीय समाज में किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिये न्याय पाने की प्रक्रिया में न्यायिक तंत्र की विसंगतियों से जूझना कष्टप्रद रहा है। समाज में सोच रही है कि पहले ही हिंसा का शिकार हुई स्त्री द्वारा अपनी आपबीती को बार-बार दोहराना पुनः उसी यंत्रणा से गुजरना जैसा होता है। उसकी अभिव्यक्ति की गोपनीयता व पहचान सुरक्षित रखने की भी जरूरत महसूस की जाती रही है। विडंबना यह भी रही है कि अक्सर स्त्री के खिलाफ हुई हिंसा से जुड़े मामले में सामाजिक धारणाओं पर पितृसत्तात्मक सोच वाली मानसिकता का वर्चस्व रहता है। निर्विवाद रूप से हर तरफ से हारा-हताश व्यक्ति न्याय की चौखट पर अंतिम सहारे के रूप में जाता है। लेकिन कई बार देखने में आया है कि स्त्री के विरुद्ध हुए अपराध के मुकदमे के दौरान टिप्पणियों व फैसले पर पूर्वाग्रहों का असर नजर आता है, जिसे पहले से पीड़ित स्त्री के कष्ट में इजाफा ही होता है। कहा जाता है कि इस प्रक्रिया में यदा-कदा संवेदनशीलता व करुणा का भाव नदारद पाया गया। यही वजह है कि समय-समय पर शीर्ष अदालत ने न्यायाधीशों के निर्णयों को रूढ़िवादिता के प्रभाव से मुक्त करने के लिये प्रयास किए हैं। इसी आलोक में पिछले दिनों देश की शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को यौन हिंसा व स्त्री से जुड़े अन्य अपराधों के परिप्रेक्ष्य में जजों तथा न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े लोगों के लिए संवेदनशीलता तथा करुणा विकसित करने की पहल की है। दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं। निस्संदेह, इस संवेदनशील पहल का स्वागत किया जाना चाहिए। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह प्रयास भविष्य में नई लीक बनाएगा, जिसमें न्यायाधीश स्त्री के विरुद्ध यौन हिंसा व अन्य अपराधों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ सुनवाई कर सकेंगे। इसके साथ ही संभव हो सकेगा कि उनके फैसलों पर किसी सामाजिक भेदभाव की धारणा व पूर्वाग्रह का असर नजर न आए। निस्संदेह, इस प्रयास से न्याय को अधिक मानवीय व संवेदनशील बनाने में मदद मिल सकेगी। विगत में भी इस दृष्टिकोण की कमी न्यायिक प्रक्रिया में महसूस की जाती रही है।

## चिंतन-मनन

### इसलिए सबसे छोटा है कलियुग

शास्त्रों में सृष्टि के आरंभ से प्रलय काल तक की अवधि को चार युगों में बांटा गया है। वर्तमान में हम जिस युग में जी रहे हैं उसे कलयुग कहा गया है। इससे पहले तीन युग बीत चुके हैं सतयुग, त्रेता और द्वापर। भगवान श्री राम का जन्म त्रेतायुग में हुआ था और द्वापर में भगवान श्री कृष्ण का। कलियुग के अंत में भगवान कलकि अवतार लेंगे और संसार में फैले पाप और अन्याय के साम्राज्य का अंत करके पुन? धर्म की स्थापना करेंगे। भगवान ने चारों युगों में सबसे कम उम्र कलियुग को प्रदान किया है। शास्त्रों में सतयुग की अवधि 17 लाख 28 हजार वर्ष बतायी गयी है और त्रेता की अवधि 12 लाख 28 हजार। द्वापर युग की अवधि 8 लाख 64 हजार है जो त्रेता से लगभग 4 लाख वर्ष कम है। कलियुग की अवधि द्वापर से ठीक आधी, यानी 4 लाख 32 हजार है।

सतयुग से कलयुग तक सभी युगों की अवधि छोटी होती गयी है। इसका कारण यह है कि, भगवान बताना चाहते हैं, जो जितना पापी होगा उसकी उम्र उतनी कम होगी। भविष्य पुराण सहित कई शास्त्रों एवं पुराणों में बताया गया है कि कलियुग में पाप की पराकाष्ठा होगी। मनुष्य का व्यवहार सृष्टि के नियम के विरूद्ध होता जाएगा। हिंसा में मनुष्य पशुओं को भी पीछे छोड़ देगा। पशु तो सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए दूसरे पशु को मारते हैं मनुष्य अकारण ही दूसरे मनुष्य को मारेगा। सच्चे संत भिखारी कहलाएंगे और अपमानित होंगे। कथावाचक और झूठे संत ऊंचे आसन पर विराजमान होंगे। तुलसीदास जी ने भी कलियुग के इस रूप का वर्णन किया है।

त्रेतायुग में रावण ने सीता का हरण किया लेकिन उनकी मर्जी के बिना उन्हें अपनाना पाप समझा। इस युग में छोटा भाई बड़े भाई के प्रति आज्ञाकारी था। बड़ा भाई अपने स्वार्थ के लिए छोटे भाई के साथ छल नहीं करता था। इसका उदाहरण राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ये चार भाई हैं। त्रेता से जब द्वापर में आते हैं तब पाप बढ़ता दिखता है। द्वापर युग में देवर अपनी भाभी को बीच सभा में नग्न करने की कोशिश करता है जिसका उदाहरण द्रौपदी चीर हरण की घटना है। राजा अपनी शक्ति के मद में अबला स्त्री को हवस का शिकार बनाना चाहता है। इसका उदाहरण जयद्रथ द्वारा द्रौपदी हरण और दुर्योधन द्वारा भीलों की कन्या का हरण करने की घटना है। भाई अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए पूरे परिवार को युद्ध की आग में झोंक देता है इसका उदाहरण महाभारत युद्ध है। लेकिन कलियुग में आये दिन भाई-भाई, बाप-बेटे में स्वार्थ की पूर्ति के लिए लड़ाई होती है। लोगों की काम-वासना इतनी बढ़ गयी है कि आये दिन स्त्रियों का हरण होता है और उन्हें अपमानित किया जाता है। पाप आचरण से भरा हुआ कलियुग अगर अधिक दिनों का होगा तो सृष्टि में हाहाकार मच जाएगा। यही कारण है कि भगवान ने कलियुग को सबसे कम उम्र दिया।

# शांति से डिगती दुनिया पहुंची युद्ध के मुहाने पर



डॉ हिदायत अहमद खान

आज का वैश्विक परिदृश्य अस्थिरता और संघर्ष के संकटों से जूझता हुआ नजर आ रहा है। रुस और यूक्रेन के बीच लगातार जारी तनाव, इजराइल और हमास के बीच गाजा में संघर्ष, सीरिया संघर्ष, ईरान पर अमेरिकी हमले की आशंका, और अब पाकिस्तान एवं अफगानिस्तान के बीच सीमा पर सैन्य टकराव ने स्पष्ट कर दिया है कि दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच डूरंड लाइन पर लगातार बढ़ते तनाव ने स्थिति को सीधे सैन्य संघर्ष में तब्दील कर दिया है। वैसे पाकिस्तान इन दिनों अशांति के चरम दौर से गुजर रहा है, ऐसे में उसका अफगानिस्तान से सीधा टक्कर लेना किसी बड़े झमेले में फंसने से कम नहीं है। तालिबान पर तरह-तरह के आरोप लगाकर एयरस्ट्राइक कर अपनी पीठ थपथपाने के बाद जो तस्वीर सामने आ रही है वह न सिर्फ चिंता में डालने वाली है बल्कि इंसानियत के नाते भयावह भी है। दरअसल पाकिस्तान को जवाब देते हुए अफगान सेना ने दावा किया है कि पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर 55 सैनिकों को मार गिराया और कई को बंदी बना लिया गया है। वहीं पाकिस्तान ने काबुल, कंधार और पक्तिका में हवाई हमले कर 130 से अधिक अफगान लड़ाकों को ढेर करने का दावा किया है। इससे पहले अफगानिस्तान कह चुका है कि पाकिस्तान ने आम नागरिकों को निशाना बनाया है, जिसमें मौतें भी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान ने 'ऑपरेशन गजब लिल हक' के तहत तालिबान ठिकानों और चौकियों पर बमबारी की, जबकि अफगान प्रवक्ता ने पाकिस्तानी चौकियों और ब्रिगेड मुख्यालयों को निशाना बनाने का दावा किया। इस सैन्य संघर्ष में आम नागरिकों की जान पर सबसे ज्यादा खतरा मंडरा रहा है। शरणार्थी शिविरों पर मिसाइल हमलों से महिलाओं और बच्चों सहित दर्जनों घायल और मृत हुए हैं। दरअसल इस पूरे विवाद की जड़ 2,611 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन है, जिसे अफगानिस्तान कभी मान्यता नहीं देता। टीटीपी की गतिविधियाँ और मध्यस्थता के टूटने से सीमा पर हालात और नाजुक हो गए हैं। ऐसे समय में पाकिस्तान द्वारा भारत को इस संघर्ष में घसीटने की कोशिश ने क्षेत्रीय तनाव को और बढ़ा दिया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने तालिबान को भारत का 'प्रॉक्सी' करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि कई विश्लेषक इसे आंतरिक असफलताओं और सीमा पर नियंत्रण खोने का ध्यान भटकाने वाला कदम मान रहे हैं।

दक्षिण एशिया में यह तनाव वैश्विक शांति के लिए भी चिंता का विषय है। अगर यह संघर्ष और बढ़ा, तो क्षेत्रीय अस्थिरता और मानवीय संकट गहरा सकता है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच टकराव न केवल स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए खतरनाक है, बल्कि वैश्विक तेल, वाणिज्य और निवेश पर भी असर डाल सकता है। आखिर यह कैसे भुलाया जा सकता है भारत की सीमा से लगे अधिकांश देशों में हिंसा बढ़ी है, जेन-जी क्रांति ने नेपाल और ढाका में तो सत्ता पलटने का काम भी किया है, ऐसे में पाकिस्तान और अफगानिस्तान का संघर्ष वाकई बड़ी चिंता पैदा करने वाला है। इसलिए वैश्विक स्तर पर शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों का महत्व बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भरोसेमंद सहयोगियों जेरेड कुश्नर और स्टीव विटकॉफ को मध्यस्थता के लिए नियुक्त किया है। उन्होंने जिनेवा में ईरान, यूक्रेन और गाजा से संबंधित कई उच्चस्तरीय वार्ता की। ईरानी परमाणु समझौते और अमेरिका-इजराइल संभावित हमलों को टालने के प्रयासों के अलावा, यूक्रेन-रूस संघर्ष में भी संवाद का रास्ता खोलने की कोशिश की गई। कुश्नर और विटकॉफ की सक्रियता यह दशार्ती है कि कूटनीति केवल सरकारी संस्थानों तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि व्यक्तिगत और व्यावसायिक नेटवर्क भी संकट समाधान में भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, इन प्रयासों में कई चुनौतियाँ हैं। गाजा, अफगानिस्तान और यूक्रेन के मुद्दे तकनीकी, ऐतिहासिक और सामाजिक जटिलताओं से भरे हुए हैं। एक ही समय में इन सभी समस्याओं का समाधान ढूंढना व्यावहारिक रूप से कठिन है। ऐसे में कहना गलत नहीं होगा कि निजी दूतों की भूमिका में पारदर्शिता की कमी और व्यावसायिक हितों का टकराव शांति प्रयासों में बाधक बन सकता है। फिलहाल, दुनिया शांति और युद्ध के बीच संवेदनशील संतुलन पर खड़ी है। युद्ध की संभावनाएँ केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर आर्थिक और मानव सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह सभी पक्षों को संयम बरतने, नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और विवादों को कूटनीतिक संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए प्रेरित करे।

शांति की राह हमेशा आसान नहीं होती, लेकिन यही मानव सभ्यता के अस्तित्व को बचाए रखने की अंतिम कुंजी है। युद्ध की जटिलताओं और हिंसा के साये में मानवता के लिए यही चुनौती है कि हम सहयोग, संवाद और समझौते के रास्ते ढूंढें। यह केवल सरकारों का काम नहीं, बल्कि वैश्विक नागरिकों, संगठनों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की साझा जिम्मेदारी बन गई है कि वे युद्ध के खतरे को कम करें और स्थायी शांति की दिशा में कदम आगे बढ़ाएँ। यहां यह भी न भूलें कि बेशक वर्तमान में दुनिया युद्ध के मुहाने पर खड़ी है, लेकिन यही वह समय है, जबकि हम शांति की बात करें, कूटनीति को प्राथमिकता दें और ऐसे कदम उठाएँ जिससे संघर्ष के अंधकार को रोका जा सके। यही मानवता की जिम्मेदारी और सबसे बड़ा उद्देश्य है।

# विरोध के मंच और तरीके से कांग्रेस की साख पर सवाल



उमेश चतुर्वेदी

विरोध और मतभिन्नता लोकतंत्र का आभूषण होता है। लेकिन विरोध का तरीका क्या हो या फिर किस जगह पर हो, इसकी समझ होनी चाहिए। कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। स्वाधीनता आंदोलन के साथ-साथ इतिहास के हर आगे बढ़ते पग के साथ कांग्रेस आगे बढ़ती रही है। विरोधी आंदोलन चलाने का स्वाधीनता के पहले उसका लंबा इतिहास रहा। आजादी के बाद सबसे ज्यादा वक्त शासन का अनुभव भी उसी के पास है। इस वजह से उससे लोकतांत्रिक विरोध के तरीकों और विरोध के लिए चुने जाने वाले मंचों को लेकर विशेष उम्मीद रखना बेमानी नहीं है। शायद यही वजह है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में उसकी ओर से किए गए विरोध प्रदर्शनों को राष्ट्रीय समर्थन मिलता नहीं दिख रहा। पूर्व पत्रकार पवन खेड़ा जैसा प्रवक्ता 20 फरवरी के विरोध प्रदर्शन को चाहे जितना भी वाजिब ठहरा रहा हो, कांग्रेस की इस विरोध प्रदर्शन के लिए किरकिरी ही हो रही है।

संसद से लेकर सड़क तक ज्यादातर मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ कांग्रेस का साथ देने वाले ज्यादातर विपक्षी दलों को भी युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन नहीं रूचा है। ज्यादातर विपक्षी दलों ने इस प्रदर्शन को अनुचित बताया है। अखिलेश यादव ने शायद सबसे गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन वैश्विक मंच पर ऐसा विरोध प्रदर्शन उचित नहीं था। अखिलेश यहीं तक नहीं रूके, उन्होंने कांग्रेस को एक तरह से नसीहत देते हुए कहा कि देश को विदेशी प्रतिनिधियों के सामने शर्मिंदा करने से बचना चाहिए। कांग्रेस के साथ हर मुमकिन मौके पर गलबहियां डालकर चलने वाले राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने भी एक तरह से कांग्रेस को उपदेश ही दिया है। मनोज झा का कहना है कि शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन विरोध का तरीका बेहतर हो सकता है।

ऐसा नहीं कि भारतीय लोकतंत्र में विरोध की परंपरा नहीं रही है। भारतीय राजनीति के चिर विद्रोही कहे जाने वाले लोहिया ने विरोध करने का जो मुहावरा दिया, वह भारतीय राजनीति का सर्वस्वीकार्य रहा है। उन्होंने संसद से सड़क तक विरोध का तरीका बताया। लोहियावादी विरोध कई मायनों में आक्रामक ही कहा जाएगा। लेकिन विरोध कब और कहां किया जाना चाहिए, उसकी जगह क्या होनी चाहिए, इसे लेकर भी भारतीय राजनीति में आमराय रही है। विरोध के मंच ऐसे नहीं होने चाहिए, जिससे भारत की एक राष्ट्र के रूप में वैश्विक शर्मिंदगी उठानी पड़े। इस सूत्र वाक्य को भारतीय राजनीति अपनाती रही है। लेकिन नई दिल्ली के भारत मंडपम में बीस फरवरी को युवा कांग्रेस की ओर से किया गया विरोध प्रदर्शन इस सूत्र वाक्य का एक तरह से उल्लंघन ही माना जाएगा। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के समर्थक और साथी दल इसकी आलोचना कर रहे हैं या फिर कांग्रेस को नसीहत दे रहे हैं।

जिस इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल युवा कांग्रेस ने नरेंद्र मोदी के विरोध के लिए किया, उसमें दुनिया भर के 118 देशों के सरकारी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। 16 फरवरी से 21 फरवरी तक चले इस सम्मेलन में 22 देशों के शासनाध्यक्षों और मंत्री स्तर के 59 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के बाद जो नई दिल्ली घोषणापत्र जारी किया गया, उस पर 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति जताई है। जिसमें अमेरिका, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस जैसे प्रमुख देशों की भी भागीदारी है। इस सम्मेलन में 100 से अधिक वैश्विक स्तर के एआई नेता और 500 से अधिक स्टार्टअप्स ने भी शिरकत की। इस सम्मेलन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस के घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले पेरिस में हुए एआई वैश्विक सम्मेलन के बाद जारी घोषणा पत्र में अमेरिका और ब्रिटेन ने हस्ताक्षर नहीं किया था। जबकि पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक मामलों में फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन एक ही खेमे के देश हैं। जाहिर है कि ऐसे मंच का महज प्रधानमंत्री के विरोध के लिए इस्तेमाल करना सही कदम नहीं माना जाएगा।

भले ही इस विरोध प्रदर्शन को मायावती भी अनुचित बता चुकी हों, वाईएसआर कांग्रेस के नेता जगनमोहन रेड्डी गलत बता चुके हों, फिर भी कांग्रेस द्वारा इसे वाजिब ठहराया जाना साबित करता है कि पार्टी के केंद्रीय ढांचे में उचित-अनुचित का भेद करने वाली शख्सियतों की कमी हो गई है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को विपक्षी खेमे में ही उसकी सत्ता से दूरी से उपजी हताशा को माना जा रहा है। लेकिन विपक्षी खेमा इसके लिए कांग्रेस के नेतृत्व को ही जिम्मेदार ठहराता है। कांग्रेस के कुछ अंदरूनी नेता भी मानते हैं कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के केंद्रीय घेरे में दूरगामी सोच वाले नेताओं की बहुत कमी हो गई है। इसलिए पार्टी में एकाधिकारवादी और बेपरवाह सोच हावी होती गई है। विपक्षी खेमे के साथ ही पार्टी के कुछ लोग मानते हैं कि अगर पिछले आम चुनाव से पहले नीतीश कुमार को राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस ने अपना नेता मान लिया होता या फिर इंडिया गठबंधन का संयोजक स्वीकार कर लिया होता तो संभवतः देश का इतिहास कुछ और होता। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के बरक्स नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हैं, जिनकी राष्ट्रव्यापी एक छवि है। नीतीश के पास बिहार के अतिरिक्त देश के दूसरे इलाके में जमीनी नेतृत्व और संगठन नहीं है। लेकिन उनकी पहचान पूरे देश में है और उनकी छवि भी विपक्षी खेमे के दूसरे नेताओं की तुलना में कहीं ज्यादा पाक-साफ है। मौजूदा कांग्रेस की कमी यह है कि वह अगले पल उठाए जाने वाले अपने हर कदम के परिणामों का आकलन राहुल गांधी की राजनिक सेहत के लिहाज से करती है। कांग्रेसी आलानेतृत्व की सलाहकार मंडली नहीं चाहती कि विपक्ष में ऐसी कोई शख्सियत उभरे, जिससे राहुल की प्रासंगिकता कमजोर हो। मोदी के बरक्स लड़ाई में वह दूसरे किसी विपक्षी नेता को उभरते हुए नहीं देख सकती। मोदी विरोध में कदम उठाते वक्त वह भूल जाती है कि उन कदमों का राजनीतिक हासिल क्या होगा? फिर राहुल समर्थक मंडली उन्हें मोदी के बरक्स सिर्फ नैरेटिव केंद्रित राजनीति की ही सलाह देती है। इन वजहों से राहुल का विरोध भी देश को उनकी तरफ आकर्षित करने का माध्यम नहीं बन पा रहा है।



भारत मंडपम में पूरे पांच दिन चले कार्यक्रम के चलते समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम से हलकान रही। इसका असर गुड़गांव और नोएडा के ट्रैफिक पर भी पड़ा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की कल्पनाहीनता से ट्रैफिक में फंसकर दिल्ली तकरीबन पूरे पांचों दिन हांफती रही। इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन का ध्येय वाक्य ह्यसर्वजन हिताय, सर्वजन सुखायह्ल को भी लोग कोसते दिखे। कहने का मतलब यह है कि इस सम्मेलन की अहमियत के बावजूद इससे एक बड़ा तबका हलकान रहा। अव्वल तो ऐसे माहौल में कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को समर्थन मिलना चाहिए था, लेकिन ऐसा होता एकदम नहीं दिखा। कांग्रेस हालांकि दावा करती है कि देश अब मौजूदा सरकार से नाराज है। अगर उसके ही दावों को सच मान लें तो होना तो यह चाहिए था कि कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देश हाथोंहाथ ले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसकी वजह यह है कि कांग्रेस आलानेतृत्व के कदम आम लोगों में भरोसा पैदा नहीं कर पाए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय सलाहकार मंडली की सलाहें जनता के दिलों में मोदी विरोधी हिलोरें पैदा नहीं कर पा रही हैं, तो इसकी वजह यही है कि पार्टी के विरोध करने के शऊर, मुददे और मंच सही नहीं हैं। इसी वजह से उनकी साख नहीं बन पा रही है। सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस को पता है कि राजनीति में साख का क्या महत्व होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका में सिख को अगवा कर हत्या की, इरादतन निशाना नहीं

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिका में 57 वर्षीय एक सिख अवतार सिंह का अपहरण होने के कुछ दिन बाद उनका शव मिला है। अधिकारी बोले, उन्हें किसी इरादे के तहत निशाना नहीं बनाया गया है। अवतार सिंह 17 फरवरी की रात कैलिफोर्निया के ट्रेसी शहर से लापता हुए थे। जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में एक सफेद एसयूवी और गहरे रंग के कपड़े पहने तीन अज्ञात व्यक्तियों को सिंह के साथ देखा गया। इसमें ऐसा लगा कि सिंह अपनी मर्जी के विरुद्ध वाहन में बैठे। सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि 20 फरवरी को नापा काउंटी के शेरिफ कार्यालय ने लेक बेरीएसा के पास उनका शव बरामद किया। अधिकारियों ने कहा, मामले की जांच हो रही है और जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा रही है।

### किसी अन्य पर था अपहर्ताओं का निशाना

एक रिपोर्ट के अनुसार, सैन जोआक्विन काउंटी शेरिफ पैट्रिक विद्रो ने कहा, आरोपियों का इरादा सिंह को अगवा कर उनकी हत्या करना नहीं था। अपहरणकर्ता किसी अन्य व्यक्ति पर किसी विशेष कारण से निशाना साध रहे थे और उम्मीद है कि वह कारण सामने आएगा।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम को बम की धमकी, खाली कराया आवास

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंतोनियो अल्बनीज को एक बम धमकी के बाद मंगलवार देर रात कैनबरा स्थित उनके आधिकारिक आवास से कुछ घंटों के लिए हटा दिया गया। हालांकि, बाद में जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर वे लौट आए। पुलिस ने कहा, धमकी भरे ईमेल प्रतिबंधित चीनी नृत्य समूह शेन यून को भेजे गए थे। इसमें दावा किया था कि यदि समूह ने ऑस्ट्रेलिया में प्रदर्शन किया तो पीएम आवास के पास रखे विस्फोटक सक्रिय कर दिए जाएंगे।

### इंडोनेशिया : 11 साल सजा काटने के बाद हत्यारा रिहा, देश निकाला

**बाली, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने बाली के चर्चित सूटकेस मर्डर मामले में 11 साल की सजा काट चुके अमेरिकी नागरिक टॉमी शैफर को रिहा कर मंगलवार को देश से निष्कासित कर दिया। साल 2014 में बाली में अपनी प्रेमिका की मां शीला वॉन वीसे-मैक की हत्या के लिए शैफर को 18 साल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद अच्छे आचरण के कारण सजा में छूट मिलने के बाद उसे बाली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अमेरिका भेजा गया। बता दें कि मामले में शैफर की प्रेमिका हीदर मैक को भी गिरफ्तार किया गया था।

### म्यांमार में सैन्य पकड़ होगी मजबूत खिन यी संभालेंगे संसद की कमान

**नेप्यीडॉ, एजेंसी।** म्यांमार में हालिया चुनावों के बाद सेना समर्थित पार्टी यूएसपीडीपी सत्ता पर पूर्ण नियंत्रण की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जनरल और पार्टी प्रमुख खिन यी को संसद के निचले सदन का अध्यक्ष (स्पीकर) नियुक्त किया जा सकता है। यह पद राष्ट्रपति चुनाव और विधायी प्रक्रियाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चुनाव में यूएसडीपी ने 81 फीसदी सीटें जीती हैं। जानकारी के मुताबिक, एक नई पांच सदस्यीय यूनियन कंसल्टेटिव काउंसिल का गठन किया जाएगा। इससे सैन्य प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग के लिए राष्ट्रपति बनने का मार्ग प्रशस्त होगा।

### श्रीलंका : पूर्व खुफिया प्रमुख की गिरफ्तारी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को 2019 के ईस्टर धमाकों की जांच के सिलसिले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सैली को पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने कोलंबो के उपनगर पेलियागोड़ा में उस समय हिरासत में लिया, जब वह एक गैर-सरकारी संगठन में काम करने जा रहे थे।

### सूडान में अत्याचार पर संयुक्त राष्ट्र की कार्रवाई

खार्तूम, एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सूडान के अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस (आरएसएफ) के चार कमांडरों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन पर दारफुर के एल-फाशेर शहर में आम लोगों की हत्या और अत्याचार करने का आरोप है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में कहा गया है कि आरएसएफ ने गैर-अरब समुदाय के लोगों को निशाना बनाया, बड़े पैमाने पर हत्याएं कीं और महिलाओं के साथ यौन हिंसा की। बताया गया कि हजारों लोग मारे गए और कई लोग अब भी लापता हैं। जिन लोगों पर प्रतिबंध लगाया गया है उनमें आरएसएफ के प्रमुख जनरल मोहम्मद हमदान डगालो और उनके भाई अब्दुल रहीम डगालो भी शामिल हैं।

# 'मैंने दोस्त मोदी को चौंका दिया', डिनर से पहले 'देसी' हुए पीएम नेतन्याहू, पहने भारतीय कपड़े

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को अपने भारतीय समकक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके संयुक्त रात्रिभोज से पहले पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया। खुद नेतन्याहू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपना वीडियो जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय और पश्चिमी परिधान का एक आकर्षक मिश्रण पहना हुआ है।





उन्होंने एक सफेद रंग की फुल-स्लीव शर्ट के ऊपर हल्के ग्रे (स्लेटी) रंग की एक स्लीवलेस जैकेट पहनी है, जो पारंपरिक भारतीय 'नेहरू जैकेट' या 'बंडी' जैसी लग रही है और उन्हें एक बेहतरीन 'देसी' लुक दे रही है। इसके साथ ही, उन्होंने नीचे डार्क रंग की फॉर्मल पैंट और काले रंग के चमड़े के फॉर्मल जूते पहने हुए हैं। पीएम नेतन्याहू ने हिंदी में लिखा- हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया।

**इजरायली संसद में पीएम मोदी का ऐतिहासिक संबोधन :** इससे पहले दिन में, पीएम मोदी ने यरुशलम में नेसेट (इजरायली संसद) के एक विशेष पूर्ण सत्र को संबोधित किया। वह इजरायल की संसद को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गए हैं। नेसेट पहुंचने पर, स्पीकर अमीर ओहाना ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उन्हें एक औपचारिक सम्मान दिया गया। प्रधानमंत्री के संबोधन से पहले इजरायल के पीएम नेतन्याहू, विपक्ष के नेता येर लैपिड और स्पीकर ओहाना ने सत्र में अपने विचार रखे जो भारत-इजरायल संबंधों के प्रति इजरायल के मजबूत द्विदलीय समर्थन को दर्शाता है।

**'स्पीकर ऑफ द नेसेट' पदक से सम्मान :** पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत इस विशेष सम्मान के लिए स्पीकर को धन्यवाद देकर की। उन्होंने 'स्पीकर ऑफ द नेसेट' पदक से सम्मानित किए जाने पर आभार व्यक्त किया और इस पदक को दोनों देशों की स्थायी मित्रता और साझा लोकतांत्रिक परंपराओं को समर्पित किया।

**भारत-इजरायल संबंधों पर पीएम मोदी :** पीएम मोदी ने भारत और इजरायल के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंधों के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, इनोवेशन, रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तालमेल पर आधारित एक मजबूत आधुनिक साझेदारी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि, ग्रामीण विकास, जल प्रबंधन, स्थिरता और उद्यम जैसे क्षेत्रों में सहयोग ने दोनों देशों के लोगों के बीच के रिश्तों को एक गतिशील दृष्टिकोण प्रदान किया है। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को रेखांकित करते हुए कहा कि इजरायल में रहने वाले भारतीय समुदाय और भारत में यहूदी प्रवासियों ने दोनों देशों की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**आतंकवाद पर कड़ा रुख और शांति की अपील :** आतंकवाद के खिलाफ दोनों देशों की 'जीरो टॉलरेंस' की अडिग नीति को दोहराते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने 7 अक्टूबर को हुए आतंकी हमले पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस तरह की क्रूरता और बर्बरता को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। अंत में, उन्होंने क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने वाले सभी प्रयासों को भारत का पूर्ण समर्थन देने की पेशकश की।

**पीएम मोदी और नेतन्याहू की मुलाकात बेहद खास :** नेतन्याहू को बीबी निकनेम से भी पुकारा जाता है। उन्होंने पीएम मोदी के साथ मुलाकात के खास लम्हे का एक वीडियो भी साझा किया है। खास बात ये है कि नेतन्याहू ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर हिंदी भाषा में खास संदेश भी लिखा है। नेतन्याहू के भारतीय पोशाक पहनने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। ऐसी ही एक अन्य तस्वीर दोनों के एक ही कार में बैठने की भी है। राष्ट्राध्यक्षों के साथ पीएम मोदी की कार वाली तस्वीरों को उनकी कार डिप्लोमेसी की तरह भी देखा जाता है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज से पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान भारतीय परिधान धारण किया। उन्होंने इसकी झलकियां साझा करते हुए इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'हमारे संयुक्त रात्रिभोज से पहले, मैंने अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी को पारंपरिक भारतीय परिधान पहनकर चौंका दिया।

# किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को दी कड़ी चेतावनी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर दक्षिण कोरिया को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई खतरा हुआ तो उनका देश दक्षिण कोरिया को 'पूरी तरह तबाह' कर सकता है। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया कि फिलहाल वह सियोल सरकार से बातचीत के इच्छुक नहीं हैं। हालांकि, किम जोंग उन ने अमेरिका के साथ बातचीत की संभावना पूरी तरह बंद नहीं की। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका अपनी दुश्मनी वाली नीतियां छोड़ दे, तो फिर से वार्ता शुरू की जा सकती है। पिछले कई वर्षों से दोनों देशों के बीच परमाणु मुद्दे पर बातचीत रुकी हुई है। राज्य मीडिया के मुताबिक, किम ने अपनी सत्तारूढ़ पार्टी की बैठक के समापन पर अगले पांच वर्षों की नीति का खाका पेश किया। उन्होंने नए हथियार सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। इसमें पानी के अंदर से छोड़े जा सकने वाले अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल और दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने वाले कम दूरी के परमाणु हथियार शामिल हैं। किम ने दावा किया कि तेजी से विकसित हो रहे परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम ने उत्तर कोरिया को स्थायी रूप से परमाणु शक्ति संपन्न देश बना दिया है।

**बांग्लादेश में अवामी लीग नेताओं को दोबारा गिरफ्तार करने का आदेश : ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के राजशाही रेंज के पुलिस प्रमुख ने आदेश दिया है कि प्रतिबंधित अवामी लीग के जो नेता और कार्यकर्ता जमानत पर बाहर आए हैं, उन्हें दूसरे मामलों में फिर से गिरफ्तार किया जाए। यह आदेश दो दिन पहले जारी हुआ। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के फिर से सक्रिय होने की संभावना है और जो पार्टी को मजबूत कर सकते हैं, उन्हें नए मामलों में गिरफ्तार किया जाए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि आदेश में किसी पार्टी का नाम सीधे नहीं लिया गया है। पिछले साल छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थी। इसके बाद अंतरिम सरकार ने अवामी लीग की गतिविधियों पर रोक लगा दी थी। हाल के चुनाव के बाद नई सरकार बनी है और कई नेताओं को जमानत मिली है। इस आदेश के बाद राजनीतिक माहौल और गर्म हो गया है।

**दक्षिण अफ्रीका में पांच खनिकों की मौत की आशंका : किम्बरली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के किम्बरली शहर में एक हीरे की खदान में भूस्खलन और पानी भरने से पांच मजदूर फंस गए थे। अब कंपनी ने कहा है कि उन्हें मृत मान लिया गया है, क्योंकि सुरंग पूरी तरह कीचड़ और पानी से भर चुकी है। यह हादसा 17 फरवरी को हुआ था। बचाव दल ने काफी कोशिश की, लेकिन अंदर पहुंचना संभव नहीं हो पाया। कंपनी ने खदान को तुरंत बंद करने और खुद को दिवालिया घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का आखिरी टावर बनेगा

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर परिसर का आखिरी ऑफिस टावर अब बनने जा रहा है। 2 वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नाम की यह इमारत अमेरिकन एक्सप्रेस कंपनी का नया मुख्यालय बनेगी। 11 सितंबर 2001 के आतंकी हमले में पुराने टावर नष्ट हो गए थे। उसके बाद से इस जगह का पुनर्निर्माण धीरे-धीरे हो रहा है। अब लगभग 25 साल बाद आखिरी बड़ी इमारत का निर्माण शुरू होगा। यह 55 मंजिला इमारत होगी और 2031 तक तैयार होने की उम्मीद है। इसमें करीब 10,000 कर्मचारी काम कर सकेंगे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने इसे शहर के लिए बड़ा कदम बताया है। कंपनी ने कहा कि यह उनके भविष्य में निवेश है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने धोखाधड़ी रोकने के लिए जस्टिस डिपार्टमेंट में नया नेशनल फ्रॉड एन्फोर्समेंट डिवीजन बनाने की घोषणा की है। इस विभाग का नेतृत्व कॉलिन मैकडोनाल्ड करेंगे। ट्रंप ने हाल में कहा था कि सरकार 'फ्रॉड के खिलाफ युद्ध' छेड़ रही है। खासकर मिनेसोटा में अरबों डॉलर की कथित धोखाधड़ी की जांच को लेकर सख्ती दिखाई जा रही है। हालांकि कुछ आलोचकों का कहना है कि पहले से ही फ्रॉड मामलों के लिए विभाग मौजूद है, फिर नया विभाग बनाने की जरूरत क्यों है। सुनवाई के दौरान मैकडोनाल्ड ने कहा कि वे बिना किसी डर या पक्षपात के कानून के अनुसार काम करेंगे। इस फैसले को लेकर अमेरिका में बहस जारी है।

**नॉर्वे के राजा अस्पताल में भर्ती :** ओस्लो, एजेंसी। नॉर्वे के 89 वर्षीय राजा हेराल्ड पंचम को स्पेन के टेनेरिफे द्वीप पर अस्पताल में भर्ती किया गया है। वे अपनी पत्नी क्वीन सोन्या के साथ छुट्टी मनाने गए थे। डॉक्टरों ने बताया कि उनके पैर में त्वचा का संक्रमण हो गया है, जिसके इलाज के लिए उन्हें कुछ दिन और अस्पताल में रहना होगा। राजमहल की ओर से कहा गया है कि उनकी सेहत फिलहाल स्थिर है और वे इलाज का अच्छा असर दिखा रहे हैं। डॉक्टर ने यह भी कहा कि 90 साल के करीब उम्र में संक्रमण गंभीर हो सकता है, इसलिए पूरी जांच के बाद ही उन्हें छुट्टी दी जाएगी। दो साल पहले भी वे मलयेशिया में छुट्टियों के दौरान बीमार पड़े थे और उन्हें अस्थायी पेसमेकर लगाया गया था। बाद में नॉर्वे लौटकर स्थायी पेसमेकर लगाया गया। राजा हेराल्ड 1991 से नॉर्वे के राजा हैं।

# कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण को 'झूठ से भरा' बताया

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण की कड़ी आलोचना करते हुए झूठा बताया। साथ ही ट्रंप पर अर्थव्यवस्था, मतदान के अधिकार और ईरान के मुद्दों पर अमेरिकियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। ट्रंप के भाषण के एक दिन बाद हैरिस ने बुधवार को 'द परनास पर्सपेक्टिव' के होस्ट एरॉन परनास के सबस्टैक शो में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप का भाषण देखा, जो आम परिवारों की वास्तविकताओं से बिल्कुल अलग था। हैरिस ने ट्रंप के इस दावे को खारिज कर दिया कि देश की स्थिति मजबूत है। उन्होंने कहा, ''बहुत से लोग बढ़ती कीमतों, महंगी स्वास्थ्य सेवाओं और महंगे आवास के बोझ तले दबे हुए हैं।



दक्षिणी राज्यों की अपनी हालिया यात्राओं का जिक्र करते हुए, उन्होंने मिसिसिपी में एक ऐसी मां से मिलने का किस्सा सुनाया, जिसका चार लोगों के लिए साप्ताहिक राशन बजट सिर्फ 150 डॉलर था। हैरिस ने बताया, 'कार्ट में जो कुछ भी था, वह उसके बच्चों के लिए था। मां ने उनसे कहा कि वह 'जो कुछ भी उनके बच्चे नहीं खाएंगे, वह खा लेंगी।' वह बोतलबंद पानी लेने के लिए पैदल चलकर गई। वह नल का पानी नहीं पी सकती, क्योंकि पानी भूरा और जहरीला है। हैरिस ने प्रस्तावित खर्च प्राथमिकताओं की भी आलोचना की। उन्होंने पूछा, ''जब आप मेडिकेड में 1 ट्रिलियन डॉलर की कटौती करते हैं, तो कौन शोर मचा रहा है? मतदान अधिकारों पर हैरिस ने सेव अधिनियम का कड़ा विरोध किया, जिसे ट्रंप ने कांग्रेस से पारित करने का आग्रह किया था। उन्होंने तर्क दिया कि इस विधेयक के तहत लोगों को मतदान पंजीकरण के लिए जन्म प्रमाण पत्र या पासपोर्ट दिखाना अनिवार्य होगा, जबकि लगभग 40 प्रतिशत अमेरिकियों के पास ये दस्तावेज नहीं हैं। हैरिस ने ईरान के साथ बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अब वह इस क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों को भेज रहे हैं, जिससे यह पूरी तरह से संभव है कि अमेरिकी पुरुषों और महिलाओं को युद्ध में तैनात किया जाएगा।

हैरिस ने आगे कहा, 'अमेरिकी जनता युद्ध नहीं चाहती और न ही चाहती है कि हमारे बेटे-बेटियों को ऐसी कार्रवाई शुरू करने के लिए भेजा जाए, जिसे टाला जा सकता है।' उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी सहयोगी राष्ट्रपति के कदम से सहमत नहीं हैं। इस तरह गठबंधनों का कमजोर होना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

# गूगल का चीन के वैश्विक जासूसी नेटवर्क का खुलासा, 53 देशों में की थी साइबर हमलों की कोशिश

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने एक बेहद संगठित और खतरनाक अंतरराष्ट्रीय साइबर जासूसी नेटवर्क को ध्वस्त करने का दावा किया है। बुधवार को गूगल ने बताया कि चीन से जुड़े एक हैकिंग समूह यूएनसी2814 (जिसे गैलियम भी कहा जाता है) ने दुनिया भर के 42 देशों के कम से कम 53 प्रमुख संगठनों के डेटा में सेंध लगाई थी।

गूगल थ्रेट इंटेलिजेंस ग्रुप के मुख्य विश्लेषक जॉन हल्टक्विस्ट ने कहा कि यह एक विशाल जासूसी तंत्र था, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर व्यक्तियों और विशिष्ट संस्थानों की निगरानी करना था। यह समूह लगभग एक दशक से सक्रिय है।




**गूगल का दावा: किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं...** वैसे, गूगल ने स्पष्ट किया कि यह किसी उत्पाद की तकनीकी खामी नहीं, बल्कि प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग था। हैकरों ने ग्रिडटाइड नामक एक गुप्त बैकडोर स्थापित किया था, जिससे उन्हें लोगों के नाम, फोन नंबर, जन्म तिथि, मतदाता पहचान पत्र और नेशनल आईडी जैसे बेहद निजी डेटा तक पहुंच मिल गई थी।

**कॉल डेटा रिकॉर्ड की चोरी करना था उद्देश्य :** हल्टक्विस्ट ने कहा कि जासूसी नेटवर्क विशेष रूप से सरकारी संस्थाओं और दूरसंचार कंपनियों को अपना निशाना बनाता रहा है। हालांकि, गूगल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हैकिंग समूह की ओर से नियंत्रित क्लाउड प्रोजेक्ट को बंद कर दिया है और उनके इंटरनेट बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय कर दिया है। हमलों का उद्देश्य कॉल डाटा रिकॉर्ड और एसएमएस संदेशों की चोरी करना था।

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़





**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं। ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।

वेंस बोले- बातचीत का अंतिम फैसला ट्रम्प के हाथ में है जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। वेंस ने कहा कि बातचीत कितने समय तक जारी रखनी है, इसका अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे। उन्होंने कहा- हम कोशिश जारी रखेंगे। लेकिन राष्ट्रपति के पास यह अधिकार है कि वे तय करें कि कूटनीति अपनी सीमा तक पहुंच गई है या नहीं। हमें उम्मीद है कि इस बार बातचीत बुरे अंजाम तक नहीं पहुंचेगी, लेकिन अगर पहुंचती है तो फैसला राष्ट्रपति ही करेंगे। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान अगले दो हफ्तों में ज्यादा बड़ा प्रस्ताव देगा, जिससे दोनों पक्षों के बीच मतभेद कम किए जा सकें।

# ब्राजील में भीषण बाढ़ से हाहाकार, अब तक 46 लोगों की मौत; विचलित कर रहा मंजर

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** दक्षिण अमेरिकी देश ब्राजील में कुदरत का भयानक कहर देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पूर्व ब्राजील में भीषण बाढ़ से लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। अब तक 46 लोगों की मौत हो गई। कई लोग लापता है, जिनको तलाश जारी है। वहीं सैकड़ों लोग अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर है। दक्षिणपूर्वी ब्राजील के मिनास गेरैस राज्य में आई भीषण बाढ़ में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है।

**भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से हाहाकार :** ब्राजील के दक्षिणी भाग में भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ से तबाही मचने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों में इस क्षेत्र में और अधिक बारिश होने की आशंका है। इधर, मिनास गेरैस राज्य में बचाव अभियान जारी है। बचाव कर्मचारी स्थिति पर काबू पाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। बचाव अभियान पूरी तेजी से जारी है और घर व कस्बे कीचड़ और मलबे से ढके हुए हैं।

**अब तक 3600 लोग विस्थापित :** इससे पहले बुधवार को ब्राजील के अग्निशमन विभाग ने मृतकों की संशोधित संख्या प्रकाशित की और बताया कि लगभग 21 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य अग्निशमन विभाग द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार ब्राजील के दक्षिणपूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। दमकल विभाग ने बताया कि लगभग 110 किलोमीटर (68 मील) की दूरी पर स्थित जुइज डे फोरा और उबा शहरों में बाढ़ और भूस्खलन के कारण लगभग 3,600 लोग विस्थापित हो गए, जबकि 21 लोग अभी भी लापता हैं।



**11 वर्षीय लड़के का किया अंतिम संस्कार :** मृतकों में 11 वर्षीय बर्नार्डो लोपेस दुत्रा भी शामिल था, जिसका घर बारिश के कारण ढह गया था। वहीं दुत्रा की पत्नी और बेटी अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पिता रिकार्डो दुत्रा ने जुइज डी फोरा ने अंतिम संस्कार के दौरान कहा कि यह एक ऐसी त्रासदी है, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। उन्होंने बर्नार्डो को एक बड़े दिल वाला लड़का बताया, जिसने अपने अनोखे अंदाज में अपने आस-पास के सभी लोगों को प्रभावित किया। इधर, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को कहा कि सुरक्षा बलों को बचाव अभियान में लगाया गया है और वे बारिश से प्रभावित आबादी को तत्काल सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य देखभाल दल भी उस क्षेत्र में भेजे गए हैं, जो पहाड़ियों, घाटियों और ढलानों के निकट स्थित है।

# हेल्थ प्लस

## वरदान है मां का दूध

जन्म के तुरंत बाद बच्चे की पहली जरूरत होती है मां का दूध। यह न सिर्फ शिशु को सम्पूर्ण पोषण देता है और उसे कई बीमारियों से बचाता है, बल्कि मां को भी तंदुरुस्त बनाता है...



**दुनियाभर** में मां के दूध को बच्चे के लिए सबसे बढ़िया माना गया है। यह शिशु के लिए कुदरती आहार है, जिसका दूसरा कोई विकल्प नहीं है। नवजात बच्चे के लिए यह पोषण का सबसे बढ़िया स्रोत है। यह बच्चे को कई बीमारियों व इन्फैक्शंस से बचाता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मां जब बच्चे को दूध पिलाती है, तब उन दोनों में भावनात्मक संबंध और मजबूत होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार नवजात शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर दूध पिलाना फायदेमंद रहता है।

**क्यों है जरूरी ?**- मां का दूध डिब्बाबंद दूध की अपेक्षा जल्दी हजम हो जाता है। इसमें फैट, ग्लूकोज, पानी और प्रोटीन संतुलित मात्रा में होते हैं, जो बच्चे के विकास के लिए जरूरी हैं। मां के दूध में पाया जाने वाला प्रोटीन आसानी से पच जाता है, इससे बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। मां का दूध पीने वाले बच्चे ज्यादा बुद्धिमान होते हैं, मोटापे का शिकार नहीं होते और उन्हें भविष्य में कई बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

बोतल का दूध पीने वाले बच्चे विकास के लिए जरूरी पोषक तत्वों से वंचित रह जाते हैं। जिन बच्चों को मां का दूध नहीं मिल पाता, उनमें ब्रैस्ट फीड लेने वालों के मुकाबले मौत का खतरा 2-7 गुना ज्यादा रहता है या गंभीर बीमारियों की संभावना बनी रहती है।

**ये है फायदा**- ब्रैस्ट फीडिंग शिशु के लिए संरक्षण और संवर्धन का काम करती है। नए जन्मे बच्चे में रोग प्रतिरोधक शक्ति नहीं होती। मां के दूध से यह शक्ति शिशु को हासिल होती है। मां के दूध में लैक्टोफोर्मिन नामक तत्त्व होता है, जो बच्चे की आंत में लौह तत्त्व (आयरन) को बांध लेता है। आयरन के कारण शिशु की आंत में रोगाणु पनप नहीं पाते। मां के दूध से आए साधारण जीवाणु बच्चे की आंत में पनपते हैं और रोगाणुओं से प्रतिस्पर्धा कर उन्हें पनपने नहीं देते।

वातावरण से मां की आंत में पहुंचे रोगाणु, आंत में स्थित विशेष भाग के संपर्क में आते हैं, जो उन रोगाणुविशेष के खिलाफ प्रतिरोधक तत्व बनाते हैं। ये तत्व एक विशेष नलिका थोरासिक डक्ट से सीधे मां के स्तन तक पहुंचते हैं और दूध से बच्चे के पेट में। इस तरह मां का दूध पीकर बच्चा हमेशा स्वस्थ रहता है।

**मां की तंदुरुस्ती का राज**- एक अध्ययन के अनुसार जो महिला अपने बच्चे को दूध पिलाती है, उसके शरीर में 400-600 कैलोरी अतिरिक्त खर्च होती है। इससे प्रैगनेंसी के दौरान शरीर पर चढ़ी अतिरिक्त फैट कम हो जाती है। यूट्रस भी अपने वास्तविक आकार में आ जाता है। डिलीवरी के बाद होने वाली ब्लीडिंग भी कम होती है। ब्रैस्ट व यूट्रस कैंसर होने का खतरा भी कम हो जाता है।

**ये है खतरा**- जिन बच्चों को बचपन में पर्याप्त रूप से मां का दूध पीने को नहीं मिलता, उनमें टाइप-टू डायबिटीज होने की संभावना अधिक होती है। उनमें बुद्धि विकास अपेक्षाकृत कम होता है। अगर बच्चा समय पूर्व जन्मा (प्रीमेच्योर) हो, तो उसे बड़ी आंत का घातक रोग, नेक्रोटाइजिंग एंटोरोकोलाइटिस हो सकता है। अगर गाय का दूध पीतल के बर्तन में उबालकर दिया गया हो, तो शिशु को लीवर का रोग 'इंडियन चाइल्डहुड सिरोसिस' हो सकता है।

**कब पिलाएं दूध**- जन्म के तुरंत बाद बच्चे को मां का दूध पिलाने की कोशिश करनी चाहिए। यदि नॉर्मल डिलीवरी हो, तो आधे घंटे बाद और यदि सिजेरियन हो, तो दो घंटे बाद बच्चे को फीड दी जानी चाहिए। जब भी बच्चा रोता है, तब कुछ मांएं तुरंत उन्हें दूध पिलाना शुरू कर देती हैं, पर बच्चे को दो घंटे के बाद ही दूध पिलाएं। बच्चे को दिनभर में ग्यारह-बारह बार दूध पिलाना चाहिए।

कुछ बच्चे धीरे-धीरे दूध पीते हैं, तो कुछ जल्दी ही पी लेते हैं, इसलिए बच्चे को तब तक दूध पिलाएं, जब तक कि उसका पेट भर न जाए। कई बार मांएं जल्दी दूध छुड़वा लेती हैं, पर तब तक बच्चे का पेट नहीं भरा होता।

**फीड ही प्र्याप्त है**- बच्चे को चार महीने की उम्र तक मां के दूध के अलावा कुछ भी देने की जरूरत नहीं होती। जो बच्चे केवल मदर फीड लेते हैं, बोतल का दूध नहीं पीते, उन्हें इस दौरान पानी की भी आवश्यकता नहीं होती। उन्हें मां के दूध से ही पूरा पोषण मिल जाता है।

**मिथ**- कई लोगों में यह धारणा है कि पहले दो-तीन दिन मां को जो दूध आता है, वह बच्चे को नहीं पिलाना चाहिए। यह धारणा गलत है। इस गाढ़े व पीले रंग के दूध को कोलेस्ट्रॉम कहते हैं। यह बच्चे के लिए बहुत फायदेमंद है, क्योंकि इसमें प्रोटीस, एनर्जी और प्रोटैक्टिव एंटी बॉडिज होते हैं, जो बच्चे को कई बीमारियों से बचाते हैं। जन्म के समय कोलेस्ट्रॉम की एक-एक बूंद आंख में डाल दें, तो कुछ बैक्टीरिया आंखों में होते ही नहीं। लेकिन ऐसा सिर्फ एक ही बार करें।

## खाने वाला फाइबर



**फाइबर** खाने का वह जरूरी हिस्सा है, जिस पर आमतौर पर ध्यान नहीं दिया जाता। ये कई तरह के कैंसर और कार्डियोवैस्कुलर डिसीज से बचाता है। डायबिटीज के पेशंट्स को अपना ब्लड शूगर लैवल कंट्रोल करने में मदद करता है। वजन कम करने के लिए भी खाने में अधिक फाइबर लेना चाहिए। फाइबर दो प्रकार का होता है-घुलनशील व अघुलनशील। फाइबर शरीर में जाकर पचता नहीं, बल्कि डाइजैशन की क्रिया पर प्रभाव डालता है।

घुलनशील फाइबर फल, सब्जियों, दालों, जौं और गोंद में पाया जाता है, जोकि शरीर में जाकर एक मुलायम जैल बनाकर खाने की पाचन क्रिया को धीमा करता है। आंतड़ियो से यह ग्लूकोज और कोलेस्ट्रॉल जैसे तत्वों को खून में जाने से रोकता है। अघुलनशील फाइबर आटा चोकर, हरी पत्तेदार सब्जियां, खाने के सभी बीज व फलों के सलाद में पाया जाता है। इसकी खाने में मात्रा बच्चों व बड़ो के लिए अलग-अलग होती है।

**सोर्स:** बींस, मटर, ताजा फल व सब्जियां राजमां, कॉर्न फ्लैक्स, ओटमील, ब्रैन फ्लेक्स इत्यादि।

## कम नींद खतरनाक

**अगर** सुबह सोकर उठने पर भी आप खुद को तरोताजा महसूस नहीं करते और आपको थकान व नींद घेरे रहती है, तो आपको अपने लाइफ स्टाइल की ओर ध्यान देना चाहिए। इससे आप यह जान सकेंगे कि यह समस्या आपको क्यों पेश आ रही है।

कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। अगर आप स्लीप एप्निया (यह एक तरह का डिसऑर्डर है, जिसमें सोते हुए व्यक्ति को सांस लेने में परेशानी होती है) के शिकार हैं, तो हो सकता है कि आपको यह पता ही न चले कि आपकी बॉडी को नींद की कितनी जरूरत है।

जिंदगी को सुचारु ढंग से चलाने के लिए भी नींद की जरूरत है। यह एक निश्चित समय पर आती है, लेकिन जब नहीं आती, तो इसका दुष्प्रभाव मन और शरीर की कार्यप्रणाली दोनों पर पड़ता है।

नींद को लेकर लापरवाह रहने वाले लोग सावधान हो जाएं। हाल ही में एक स्टडी से पता चला है कि हर रोज छह घंटे से भी कम नींद लेने से दिल के रोगों से जुड़ा खतरा दोगुना हो जाता है। एक रात की नींद की कमी हमारी सोचने की क्षमता में तीस फीसदी तक गिरावट ला सकती है।

रिसर्चर्स ने पाया है कि पर्याप्त नींद न लेने से मैटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा बढ़ जाता है। इसके लक्षणों में हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लडप्रैशर, कमर का बढ़ना और ब्लड शूगर को कंट्रोल करने में आने वाली परेशानियां शामिल हैं। मैटाबॉलिक सिंड्रोम डायबिटीज और दिल के रोग की शुरुआती चेतावनी होता है।



**क्या करें**

- रोजाना सैर, योगा, प्राणायाम, मैडिटेशन करें। इससे गहरी नींद आती है और सारा दिन स्फूर्ति भी बनी रहती है।
- बिस्तर साफ हो, कमरे में समान बिखरा हुआ न हो और तकिया ठीक हो।
- सोने के कमरे का वातावरण आपके अनुकूल होना चाहिए। बहुत ठंडा या गर्म वातावरण नींद टूटने का कारण बनता है।
- फालतू चीजों को दिमाग में से निकाल दें। हल्का म्यूजिक सुनें या कुछ हल्का-फुल्का पढ़ें।
- रात को चाय, कॉफी या कैफीन युक्त पदार्थ न लें। सोने से दो घंटे पहले हल्का डिनर करें।
- हाथ-पैर धोकर सोएं।

## मोटे हो रहे हैं तो साइकिल चलाएं



**हाल** ही में आई डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में मोटापे के मामले बढ़ रहे हैं और इनमें बच्चे खासतौर पर प्रभावित हो रहे हैं। जाहिर है, इससे सेहत से जुड़ी तमाम परेशानियां भी बढ़ रही हैं। देखने में आया है कि बचपन में मोटे रहे लोगों में से 50-80 फीसदी बड़े होने पर भी मोटापे की समस्या के शिकार रहते हैं। इन्हें मोटापे के कारण होने वाली परेशानियां ज्यादा खराब करती हैं।

आजकल पेरेंट्स बच्चों को बढ़िया एजुकेशन दिलाने की चाहत में उन्हें घर से दूर स्कूलों में पढ़ने के लिए भेजते हैं। इसलिए बच्चों को स्कूल जाने के लिए बस का सहारा लेना पड़ता है। परिणाम स्वरूप बच्चों में पैदल या साइकिल पर स्कूल जाने का ट्रैंड खत्म होता जा रहा है। पिछले दिनों कंसास स्टेट यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि अगर बच्चे स्कूल पैदल या साइकल से जाते हैं, तो उनकी हैल्थ ठीक रहती है।

रिसर्च के मुताबिक आजकल बच्चों में फिजिकल एक्टिविटी कम होने और पैदल या साइकिल पर स्कूल न जाने के कारण उनमें मोटापा बढ़ता जा रहा है। इस स्टडी में कुल 1200 लोगों को शामिल किया गया।

**मोटापे से होने वाली समस्याएं**

**मनोवैज्ञानिक**- आत्मविश्वास में कमी, चिंता, डिप्रैशन, ईटिंग डिसऑर्डर, अकेलापन।

**एंडोक्राइनल**- टाइप 2 डायबिटीज, पॉलिसिस्टिक ओवरी, हाइपोगोनैडिज्म।

**कार्डियोवैस्कुलर**- हाइपरटैंशन, हार्ट डिसीज, स्ट्रोक।

**रेस्पिरेटरी** - खर्राटे लेना, स्लीप एप्निया, अस्थमा, एक्सरसाइज इंटोलरेंस।

**गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल**- गाल स्टोन, कब्ज, लिवर पर फैट जमना।

**मस्कुलर प्रॉब्लम**- बैकपेन, फ्रैक्चर होना, फ्लैट फीट।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ङ्कचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अभी आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। मेहमानों का आगमन होगा। छात्रों को लाभ। शुभांक-4-6-7

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। इच्छित स्थान की यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-6

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

''आगे-आगे गौरख जागे'' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल व समन्वय बनाय। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। शुभांक-2-4-6

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-4-6-7

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-1-3-5


**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-4-6

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-4-6

## काकुरो पहेली - 2000




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

11/7 → 1 2 3 5 ; ↑ 1 2 4

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

**काकुरो - 1999 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

शक्ल-सूरत से एकदम भोली दिखती एक जवान लड़की डॉक्टर के सामने बैठी हुयी थी. डॉक्टर ने उसका शारीरिक परीक्षण करने के बाद कहा, 'मेरा ख्याल है कि तुम्हारे बच्चा होने वाला है.' क्षण भर रुककर वह बोला, 'और यह संभव है कि तुम्हारे जुड़वां बच्चे हों.'

'लेकिन डॉक्टर साहब यह कैसे हो सकता है?' लड़की ने चकित स्वर में कहा, 'मैं अपने जीवन में एक बार में कभी दो से नहीं मिली हूँ.'

□ □ □

घरवाली ने जरा खीझते हुए आदमी से बोली, 'घर में जवान बेटी बैठी है और तुम्हें कोई चिंता नहीं, हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हो. कुछ भाग-दौड़ करो...'

आदमी ने एक गहरी सांस लेते हुए कहा, 'भागवान, कोई सही-सा लड़का मिले तो बात आगे...'


तड़-से घरवाली बीच में ही बात काटते हुए हाथ घुमाकर बोली, 'सोचो, अगर मेरे पिताजी भी सही लड़के की खोज करते, तो फिर तुम्हारा क्या होता?'

□ □ □

पति ने चिड़चिड़े लहजे में कहा, 'इस वक्त मुझे तंग मत करो, मेरे दिमाग में आग लगी है...'

'ओह !' पत्नी बोली, 'तभी तो मैं सोच रही थी कि चमड़ा जलने की बदबू कहां से आ रही है !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2000



**बायें से दायें:-**

१. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'चलती है पुरवाई' गीतवाली फिल्म-३
३. 'मेरा मन तेरा प्यासा' गीत वाली देव आनंद, जाहिदा, जाहिरा की फिल्म-४
६. सनी, मीनाक्षी की सोचना क्या जो भी होगा' गीत वाली फिल्म-३
८. 'कब तक हुजूर रूठे रहोगे' गीत वाली जीतेंद्र, बबीता की फिल्म-३
१०. धर्मेन्द्र, हेमा, रीना राय की 'नागिन सा रूप है तेरा' गीत वाली फिल्म-४
११. 'सपने में मिलती है' गीत वाली डी. चक्रवर्ती, मनोज, उर्मिला की फिल्म-२
१२. रघुवीर यादव, कुणालकपूर, तब्बू, नादिरा बब्बर की 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'क्या करे क्या ना करें' गीत वाली जैकी श्रॉफ, उर्मिला की फिल्म-३
१६. सनी देओल, करिश्मा की 'छम्मक छल्लो जरा धीरे' गीत वाली फिल्म-३
१७. जैकी श्रॉफ, संजय, माधुरी की फिल्म-५
१९. फारूख शेख, नसीरूद्दीनशाह, दीप्ति नवल की सई परांजपे निर्देशित एक फिल्म-२
२२. 'कंधों से मिलते हैं कंधे' गीत वाली अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२३. राकेश रोशन, रेखा की 'सुन सुन सुन दीदी तेरे लिये' गीत वाली फिल्म-५
२५. 'पर्दे में कोई बैठा है' गीत वाली अमजद खान, विनोद मेहरा, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-२
२६. संजय दत्त, सलमान खान, रवीना की 'सुनो गौर से' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-२
२९. मिलिंद सोमण, विक्रम सलूजा, किरण झवेरी की फिल्म-३
३०. फिल्म 'रफूचक्कर' में नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मेरा नाम है चमेली' गीत वाली संजीव कुमार, नाजिमा, कुमकुम की फिल्म-२,२,२
२. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुमसे' गीत वाली फिल्म-३
४. 'सिर्फतुम ही तो हो जिसपे' गीत वाली शम्मीकपूर, साधना की फिल्म-५
५. अभिषेक बच्चन, भूमिका चावला की 'दिल में जो बात' गीत वाली फिल्म-२
७. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली आमिरखान, ग्रेसीसिंह की फिल्म-३
९. संजयखान, बबीता की 'आ लगजा गले' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'रूखी सूखी रोटी' गीत वाली अनिल कपूर, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
१५. 'क्या सही प्यार है' गीत वाली फिल्म 'रॉकी' में संजयदत्त, के साथ नायिका कौन थी-३
१६. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'आई लव यू आई लव यू' गीत वाली फिल्म-५
१८. 'ओफ्फो जलता है बुझता है' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन अब्राहम, नौहीद की फिल्म-३
२०. संजय दत्त, माधुरी दीक्षित की 'तम्मा तम्मा लोगे' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'लो आगई उनकी याद' गीत वाली मनोज कुमार, आशा पारेख की फिल्म-१,३
२४. अक्षय कुमार, करीना कपूर की 'तूने कहा जब से हाँ' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'और क्या अहद ए वफा' गीत वाली सनी देओल, अमृतासिंह की फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1999**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ता | | रे | श | नी | | धू | म |
| क्स | | क | सौ | टी | | ल | ज्वा | | स्त |
| | अं | त | | क | स | म | | भा | |
| जो | श | | कं | प | नी | | आ | र | जू |
| रू | | दि | | ड़ा | | जी | न | त | |
| का | ज | ल | | औ | र | त | | | पा |
| गु | | ज | रू | र | त | | पा | ल | की |
| ला | ड़ | ला | | म | न | | य | | जा |
| म | | | शा | का | | जा | ल | | |
| | फ | र | दी | न | खा | न | | फि | दा |

## सूडोकु -2000

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1999 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## शब्द पहेली - 2000



**बाएँ से दाएँ**

1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**

1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली - 1999 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |

## होली से पहले भीलवाड़ा में खाद्य विभाग टीम ने सख्त कार्रवाई,आसीन्द में 200 किलो दूषित मावा करवाया मौके पर नष्ट

**एजेंसी**

**भीलवाड़ा।** होली के त्योहारी सीजन को देखते हुए आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई के दौरान दो स्थानों से मावे के नमूने लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला अजमेर भिजवाए गए, वहीं करीब 200 किलोग्राम बदबूदार एवं दूषित मावा मौके पर ही नष्ट करवाया गया। जिले में दो प्रतिष्ठानों पर टीम की कार्रवाई- अभियान के तहत मैसर्स बालाजी डेयरी प्रोडक्ट, डोटा, आसीन्द से मावे का नमूना लिया गया। जांच के दौरान लगभग 200 किलोग्राम बदबूदार व दूषित मावा पाए जाने पर आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम ने उसे मौके पर ही नष्ट करवाया। इसी प्रकार मैसर्स बालाजी डेयरी, नारायणपुर, आसीन्द से मीठे मावे का नमूना लेकर प्रयोगशाला जांच के लिए अजमेर भेजा गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जा रही है। त्योहारी सीजन में आमजन के स्वास्थ्य से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो, इसके लिए विभाग सतर्कता बरत रहा है।

## असम के काजीरंगा में 4 करोड़ मूल्य के 80 हजार याबा टैबलेट जब्त

**काजीरंगा।** असम के काजीरंगा के बागरी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह बरामदगी एक ट्रक से की गई, जिसे नियमित जांच के दौरान रोका गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार ट्रक से 80 हजार याबा टैबलेट बरामद की गईं। बताया गया है कि इन टैबलेटों को मणिपुर से ग्वालपाड़ा ले जाया जा रहा था। मामले में ट्रक चालक के साथ रफीकुल इस्लाम नामक एक अन्य व्यक्ति को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।




## सीबीआई ने वांछित आरोपित अनिल कुमार रेड्डी का यूएई से प्रत्यर्पण कराया

**हैदराबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल के जरिए वांछित आरोपित अनिल कुमार रेड्डी येदुला का संयुक्त अरब अमीरात से सफल प्रत्यर्पण किया। आरोपित को दुबई से हैदराबाद लाया गया और एयरपोर्ट पर आंध्र प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया। सीबीआई के अनुसार, अनिल कुमार रेड्डी येदुला आंध्र प्रदेश पुलिस का वांछित आरोपित है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक धमकी के कई मामले दर्ज हैं। उसे दुबई पुलिस की टीम भारत लेकर आई। आरोपित को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्य पुलिस के हवाले कर दिया गया। सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई ने विदेश मंत्रालय और अबू धाबी स्थित इंटरपोल इकाई के साथ मिलकर इस प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी की। इस मामले में एजेंसी ने आंध्र प्रदेश पुलिस के अनुरोध पर 5 सितंबर 2022 को इंटरपोल से रेड नोटिस जारी कराया था। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों में इंटरपोल के समन्वय से 130 से अधिक वांछित अपराधियों को भारत वापस लाया जा चुका है।



## तमिलनाडु चुनावः सीईसी ज्ञानेश कुमार ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**चेन्नई ।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चेन्नई में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। यह बैठक तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत आयोजित की गई। बैठक में तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) और आयोग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ तमिलनाडु के दौरे पर पहुंचे। बैठक में छह राष्ट्रीय दलों, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आम आदमी पार्टी (आप), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, क्षेत्रीय पार्टी डीएमके, एआईएडीएमके, डीएमडीके, एनटीके और वीसीके के नेता भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों के अनुसार, अधिकतर राजनीतिक दलों ने तमिलनाडु में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के शांतिपूर्ण और सुचारु संचालन के लिए आयोग की सराहना की।

# उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में होलिका दहन 2 मार्च को, धुलंडी 3 मार्च को

**एजेंसी**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश में उज्जैन स्थित ज्योतिलिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार 2 मार्च को प्राचीन परंपरा अनुसार संध्या आरती के पश्चात होलिका दहन किया जाएगा। इसी प्रकार 3 मार्च को धुलंडी का पर्व मनाया जाएगा। यह जानकारी मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने दी। उन्होंने बताया कि महाकालेश्वर भगवान की सायं आरती में सर्वप्रथम बाबा महाकालेश्वर को हर्बल गुलाल व परंपरानुसार शक्कर की माला अर्पित की जावेगी । सायं आरती के पश्चात महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में ओंकारेश्वर मंदिर के सामने होलिका के विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात होलिका दहन किया जावेगा। वहीं 3 मार्च धुलण्डी के दिन प्रातः 4 बजे भस्मार्ती में सर्वप्रथम भगवान महाकालेश्वर को मंदिर के पुजारी एवं पुरोहितों द्वारा हर्बल गुलाल अर्पित किया जावेगा।

आरतियों के समय में परिवर्तन 4 मार्च से श्री कौशिक ने बताया कि परम्परानुसार ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर की आरतियों के समय में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से अश्विन पूर्णिमा तक परिवर्तन होगा।

* प्रथम भस्मार्ती - प्रातः 04:00 से 06:00 बजे तक।

* द्वितीय दद्योदक आरती प्रातः 07:00 से 07:45 बजे तक।

* तृतीय भोग आरती प्रातः 10:00 से 10:45 बजे तक।

* चतुर्थ संध्या पूजन सायं 5:00 से 5:45 बजे तक।

* पचम संध्या आरती सायं 7 से 7:45 बजे तक।

* शयन आरती रात्रि 10:30 से 11:00 बजे तक होगी।

उपरोक्तानुसार भस्मार्ती, संध्या पूजन एवं शयन आरती अपने निर्धारित समय होगी।

**8 मार्च को मनेगी रंगपंचमी**

उन्होंने बताया कि 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर परंपरानुसार बाबा महाकाल का ध्वज चल समारोह निकाला जावेगा।

**चंद्र ग्रहण पर मंदिर की व्यवस्था में होगा बदलाव**

श्री कौशिक ने बताया कि 3 मार्च, मंगलवार (फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा) को महाकालेश्वर मंदिर की प्राचीन परंपरा अनुसार चंद्र ग्रहण के कारण मंदिर की पूजा पद्धति में परिवर्तन रहेगा। शाम 6:32 से 6:46 तक रहने वाले 14 मिनट के ग्रहण का वेद काल सुबह सूर्योदय से ही प्रारंभ हो जाएगा। वेद काल के कारण सुबह की दद्योदक और भोग आरती में भगवान को केवल शक्कर का भोग अर्पित किया जाएगा। ग्रहण समाप्त होने के पश्चात मंदिर में शुद्धिकरण,भगवान का स्नान पूजन के पश्चात भोग अर्पित कर संध्या आरती संपन्न की जाएगी।

## बांसूर के साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मनीष कुमावत ने श्रीलंका पुलिस अधिकारियों को दिया साइबर क्राइम जांच का प्रशिक्षण

**एजेंसी**

**कोटपूतली-बहरोड़।** जिले के बांनसूर निवासी एवं अनुभवी साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ मनीष कुमावत ने जयपुर स्थित सीडीटीआई (CDTI), जो कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPR&D) की एक इकाई है, में श्रीलंका पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को 'साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन' विषय पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण सत्र में श्रीलंका पुलिस के वरिष्ठ रैंक के अधिकारियों ने भाग लिया। मनीष कुमावत ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले साइबर अपराधों की जांच, डिजिटल साक्ष्य संकलन, साइबर फॉरेंसिक तकनीकों, ई-एविडेंस प्रबंधन एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग तंत्र से जुड़ी उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण का उद्देश्य वैश्विक साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपटना तथा विभिन्न देशों के बीच साइबर सहयोग को सशक्त बनाना रहा। प्रशिक्षण के उपरांत श्रीलंका पुलिस अधिकारियों द्वारा मनीष कुमावत को सम्मान स्वरूप प्रशंसा-चिह्न (टोकन ऑफ अप्रिसिएशन) भेंट किया गया। उल्लेखनीय है कि मनीष कुमावत ने बिट्स पिलानी से एम.टेक किया है तथा वर्तमान में साइबर सुरक्षा विषय में पीएचडी कर रहे हैं। वे अब तक देशभर में 1000 से अधिक पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध जांच का प्रशिक्षण दे चुके हैं तथा हाल ही में भूटान पुलिस के अधिकारियों को भी प्रशिक्षण प्रदान कर चुके हैं।

## रोहित पवार के आरोपों पर शशिकांत शिंदे बोले, विमान हादसे में एफआईआर दर्ज कर हो निष्पक्ष जांच

**एजेंसी**

**मुंबई ।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के महाराष्ट्र अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने अजित पवार विमान दुर्घटना को लेकर रोहित पवार के आरोपों का समर्थन किया है। इसके अलावा उन्होंने मदरसा, राज्यसभा चुनाव, पीएम मोदी की इजरायल यात्रा और नितेश राणे के बयान पर प्रतिक्रिया दी। एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय पर 28 जनवरी को हुई घातक विमान हादसे में शामिल कंपनी 'वीएसआर' को बचाने की कोशिश करने और एफआईआर न दर्ज करने का आरोप लगाया था। आईएएनस से बातचीत करते हुए शशिकांत शिंदे ने कहा, 'एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच करने की मांग सही है। अगर रोहित पवार आवाज नहीं उठाते तो मामले को रफा-दफा कर दिया जाता। हम लोगों को जो शक है, उसका जवाब मिलना चाहिए। नितेश राणे द्वारा मदरसे को आतंकवादी अड्डा बताने के सवाल पर शशिकांत शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसा अभी तक कुछ नहीं हुआ है। अगर सरकार के लोग ही इस तरह की बात कहेंगे



तो धार्मिक सौहार्द बिगड़ेगा। ऐसी तुच्छ राजनीति नहीं करनी चाहिए।

मालेगांव नगर निगम के विद्युत विभाग में अदा की गई नमाज पर शशिकांत शिंदे ने कहा, 'महाराष्ट्र में पहले कभी धर्म या जाति के नाम पर अशांति नहीं फैली थी, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि लोग किसी को भी मुद्दे बनाकर उसका राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।'

एनसीपी (एसपी) से राज्य सभा सदस्य किसे बनाया जाएगा, इस सवाल पर शशिकांत शिंदे ने कहा कि इस मामले पर चर्चा चल रही है और अगले दो-तीन दिनों में अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। शरद पवार मुंबई पहुंच चुके हैं और अगले दो-तीन दिनों में उनसे मुलाकात होगी। हमारी मांग है कि पवार साहब राज्यसभा चुनाव लड़ें।'

मुंबई स्थित विधान भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए रोहित पवार ने कहा था कि हादसे के दिन जब अजित पवार का शव अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए रखा था, उसी समय दोपहर 1:36 बजे डीजीसीए ने शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी थी। रिपोर्ट में कहा गया कि फरवरी में वीएसआर कंपनी का ऑडिट किया गया था और उसमें 'लेवल-1 सुरक्षा कमी' नहीं पाई गई। आरोप लगाया कि मंत्री राममोहन नायडू ने भी उसी दिन बयान जारी कर विमान और पायलट को लगभग क्लीन चिट दे दी, जबकि जांच पूरी भी नहीं हुई थी।

## विधानसभा में गूंजा भरतपुर का जलभराव : डॉ. सुभाष गर्ग ने सरकार को घेरा

**एजेंसी**

**जयपुर/भरतपुर।** राजस्थान विधानसभा में भरतपुर शहर की दशकों पुरानी जलभराव की समस्या का मुद्दा गूंजा। स्थानीय विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि पर्याप्त नालियां नहीं बनने से शहर की दर्जनों कॉलोनियां गंदगी और बीमारियों के मुहाने पर खड़ी हैं। ड्रेनेज प्रोजेक्ट का काम भी अधूरा है। डॉ. सुभाष गर्ग ने सदन को बताया कि विजय नगर, जसवंत नगर, सेवर और गांधी नगर जैसे क्षेत्रों में स्थिति विकराल हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि एफ.एस.डी. (FSD) योजना के तहत प्रस्तावित 300 किमी लंबी नालियों का कार्य धरातल पर नहीं आने से आम जनता, विशेषकर बुजुर्ग और विद्यार्थी परेशान हैं।

विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के मुद्दे पर जवाब देते हुए नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि भरतपुर विकास प्राधिकरण (BDA) ने आईआईटी खड़गपुर से मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार करवाया है।

मंत्री ने कार्य की प्रगति का



विवरण देते हुए कहा कि ड्रेनेज प्रोजेक्ट को दो फेज में बांटा गया है। प्रथम फेज (100.59 किमी) के लिए रुपये 282.07 करोड़ का कार्यादेश जारी किया जा चुका है, जिसमें से रुपये 127.32 करोड़ का कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे फेज में 192.78 किमी लंबी नालियों का जाल बिछाया जाना प्रस्तावित है। स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में भरतपुर शहर में कुल 10.865 किमी लंबी नालियों का निर्माण पूरा किया गया है। आरएनएफसीडी (RNFCD) ड्रेनेज का कार्य जून 2026 तक और आरटीओ ऑफिस से हीरादास ड्रेन का कार्य मार्च 2027 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्यमंत्री ने बताया कि मंडी परिसर (रुपये 3.07 करोड़), किसान भवन से कुम्हेर गेट (रुपये 4.97 करोड़) और मथुरा बाईपास से होटल रॉयल हेरिटेज (रुपये 21.68 करोड़) जैसे महत्वपूर्ण ड्रेनेज कार्यों के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।

# पोखरण में गूंजेगी वायुशक्ति, एस-400 समेत अचूक मारक क्षमता का प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय वायुसेना एक बार फिर अपनी अचूक क्षमता, अभेद्य सुरक्षा और सटीक प्रहार कौशल का शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। पोखरण के रेगिस्तानी क्षेत्र में 'वायुशक्ति 26' के तहत भारतीय आसमान में ताकत, गति और समन्वित मारक क्षमता का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। 27 फरवरी को होने वाले इस निर्णायक प्रदर्शन से पहले पोखरण में पूर्ण पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने सभी संचालन मानकों को सफलतापूर्वक परखा। अभ्यास के दौरान सभी निर्धारित लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से नष्ट किया गया। इससे यह स्पष्ट हो गया है कि वायुसेना पूरी तरह से हर मिशन के लिए तैयार है। 'वायुशक्ति 26' को लेकर भारतीय वायुसेना ने पहली बार एक आधिकारिक वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की फायरिंग का दृश्य



साझा किया है। इसमें वीडियो में एस-400 वायु रक्षा प्रणाली से लक्ष्य भेदते हुए देखा जा सकता है।

यह प्रणाली दुश्मन के लड़ाकू विमान और मिसाइल जैसे बड़े हवाई खतरों को लंबी दूरी से ही नष्ट करने में सक्षम है। एस-400 प्रणाली अत्याधुनिक रडार और मिसाइल तकनीक से लैस है। यह एक साथ कई लक्ष्यों पर नजर रखने और उन्हें मार गिराने की क्षमता से लैस है। वायुसेना के इस महत्वपूर्ण अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000 और जगुआर जैसे लड़ाकू विमान हिस्सा लेंगे। साथ ही सी-17, सी-130जे और सी-295 जैसे बड़े ट्रांसपोर्ट विमान भी यहां उड़ान भरते दिखाई देंगे। वहीं, अपाचे हेलिकॉप्टर, चिनूक हेलीकॉप्टर, एलसीएच एमआई-17 जैसे हेलीकॉप्टर और ड्रोन भी अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। इस अभ्यास में 120 से ज्यादा एयरक्राफ्ट शामिल हैं। इस अभ्यास में हाल के ऑपरेशन 'सिंदूर' की सफलता का भी जिक्र होगा। इससे यह स्पष्ट संदेश दिया जाएगा कि भारतीय वायुसेना हवा में दबदबा बनाने और लंबी दूरी तक सटीक वार करने में पूरी तरह सक्षम है। 'वायुशक्ति 26' में अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और हेलिकॉप्टर अपनी समन्वित क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सटीक निशाना, तेज गति और तालमेल का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। रेगिस्तान की धरती पर जब भारतीय वायुसेना के विमान आकाश में गर्जना करेंगे, तब पोखरण एक बार फिर देश की सैन्य ताकत और आत्मविश्वास का साक्षी बनेगा। 'वायुशक्ति 26' केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि भारत की सशक्त और सजग हवाई क्षमता का जीवंत संदेश है।

## चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा चंडीगढ़ के मूल निवासियों के साथ किया जा रहा अन्याय : सतिंदर पाल सिंह सिद्धू

**एजेंसी**

**चंडीगढ।** ग्रामीण विकास मंच की ओर से लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू करने की मांग चंडीगढ़। चंडीगढ़ ग्रामीण विकास मंच के प्रधान और नॉमिनेटेड काउंसलर सतिंदर पाल सिंह सिद्धू ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा शहर में लैंड पूलिंग पॉलिसी न बनाए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ शहर गांवों को उजाड़कर बसाया गया था और चंडीगढ़ के मूल निवासी लंबे समय से लैंड पूलिंग पॉलिसी सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन लगातार गांवों के लोगों की मांगों को नजरअंदाज करता रहा है। सिद्धू ने कहा कि अब तक यूटी प्रशासन द्वारा शहर में लैंड पूलिंग पॉलिसी लाने के आश्वासन दिए जाते रहे, लेकिन आज चंडीगढ़ के मुख्य सचिव द्वारा लैंड पूलिंग पॉलिसी से पीछे हटना बेहद गलत है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन लगातार चंडीगढ़ और गांवों के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है। एक तरफ लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू नहीं की जा रही है और दूसरी तरफ गांवों को कॉलोनियों के साथ जोड़कर उनका स्वरूप ही बदल दिया गया है। उन्होंने मांग की कि चंडीगढ़ में लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू की जाए और गांवों को कॉलोनियों की बजाय गांवों के साथ ही जोड़ा जाए। इसके अलावा, गांवों की जमीनों के कलेक्टर रेट शहरों के बराबर बढ़ाए जाएं और गांवों के लोगों की अन्य समस्याओं का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

## नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ रैप करने के आरोपी को मिली 20 वर्ष की कठोर सजा

**एजेंसी**

**भीलवाड़ा।** विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट संख्या प्रथम के विद्यवान न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने नाबालिग युवती का अपहरण कर उसके रैप करने के आरोपी जाहिद मोहम्मद उर्फ मोतिया पुत्र साबीर हुसैन उम्र 20 वर्ष निवासी कानिया थाना गुलाबपूरा भीलवाडा को 20 साल के कठोर कारावास की सजा के साथ 65 हजार रूपए के जुर्माने से दण्डित किया है।

अपर लोक अभियोजक एडवोकेट धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि 11 नवम्बर 2024 को गुलाबपुरा पुलिस थाने में प्रार्थी ने रिपोर्ट दी कि उसकी नाबालिग पुत्री को मोहम्मद जाहिद उर्फ मोतिया बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया,पीडिता ने न्यायालय में बताया कि आरोपी ने पहले बहला-फुसलाकर दोस्ती की बाद में उसे जान से मारने की धमकी देकर जोधपुर, पाली, दिल्ली व अजमेर ले जाकर उसके साथ होटल में रैप किया।

# ज्ञान, नवाचार और संस्कार से ही बनेगा विकसित भारत 2047:वासुदेव देवनानी

**एजेंसी**

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एमएनआईटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित राजस्थान विज्ञान महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भारत की वैज्ञानिक परंपरा में महिला शक्ति सदैव जान, नवाचार और सृजन की प्रेरक रही है तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका निर्णायक सिद्ध होगी। विज्ञान एवं प्रौ?द्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार, विज्ञान भारती राजस्थान तथा मालवीय राष्ट्रीय प्रौ?द्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय आयोजन के उद्घाटन अवसर पर श्री देवनानी ने कहा कि विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह समाज के समय विकास, नवाचार और मानवीय मूल्यों से जुड़ा हुआ जीवन दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों का समन्वय ही भारत को विश्व नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाएगा। देवनानी ने कार्यक्रम की थीम 'विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत के लिए उत्प्रेरक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सनातन परंपरा में नारी को सृजन और जान की मूल शक्ति माना गया है। प्राचीन काल में गार्गी, मैत्रेयी, लोपामुद्रा एवं अन्य ब्रह्मवादिनी विदुषियों ने वेद, दर्शन और सृष्टि के रहस्यों पर गहन चिंतन कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में महिलाओं ने प्रकृति विज्ञान, चिकित्सा, कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो आज के सतत विकास की अवधारणा से जुड़ा हुआ है। देवनानी ने कहा कि आधुनिक भारत में भी महिलाओं ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। कल्पना चावला, टेसी थॉमस, रितु करिधाल, वनिथा एवं अन्य महिला वैज्ञानिकों का योगदान देश की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अवसर और संसाधन मिलने पर भारतीय बेटियाँ वैश्विक स्तर पर उत्कृष्टता स्थापित कर रही हैं। स्पीकर ने कहा कि राज्य की युवा प्रतिभाएँ इंजीनियरिंग, चिकित्सा, कृत्रिम बुद्धिमता, अनुसंधान और स्टार्टअप नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान बना रही हैं। आवश्यकता इस बात की है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में विज्ञान को जिज्ञासा और नवाचार के रूप में विकसित किया जाए तथा बेटियों को विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया जाए। स्पीकर श्री देवनानी ने कहा कि विकसित भारत 2047 का लक्ष्य तभी संभव है जब ज्ञान को संस्कार से, विज्ञान को मूल्य से और तकनीक को मानवता से जोड़ा जाए। विज्ञान का उ?द्देश्य केवल प्रगति नहीं, बल्कि मानव कल्याण और सामाजिक उत्थान होना चाहिए।

# एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों के लिए बहस के बजाय एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र ।** भारत के विदेश मंत्री (ईएएम) डॉ. एस. जयशंकर ने मानवाधिकारों के लिए एक बड़े नजरिए की अपील की है, जिसमें विकास और क्षमता निर्माण शामिल हो। ईएएम जयशंकर ने मानवाधिकारों के लिए ऐसे नजरिए की अपील की है, जिससे सबसे कमजोर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में ठोस सुधार हो और राजनीतिकरण, चुनिंदा सोच या दोहरे मापदंड के बजाय आतंकवाद का सामना किया जा सके। बुधवार को जिनेवा में मानवाधिकार परिषद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, 'संघर्ष, ध्रुवीकरण और अनिश्चितता से भरी दुनिया में, भारत कॉमन ग्राउंड ढूंढना और उसे बढ़ाना चाहता है। हमने हमेशा टकराव के बजाय बातचीत, बंटवारे के बजाय आम सहमति और छोटे हितों के बजाय इंसानी विकास पर जोर दिया है।' उन्होंने कहा कि यूएन और मानवाधिकार परिषद को मानवाधिकार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरी तरह से समझने के लिए उन्हें आतंकवादी कामों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की वकालत करनी चाहिए।डॉ. जयशंकर ने कहा, 'आतंकवाद मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनों में से एक है, और इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, खासकर जब बेगुनाह लोगों की



जिंदगी को निशाना बनाया जाता है।'

बता दें, भारत अक्टूबर में सातवीं बार मानवाधिकार परिषद के लिए सेतु निर्माता बनने के वादे के साथ चुना गया था। जनरल असेंबली में डाले गए 188 वोटों में से 177 वोटों के साथ भारत को भारी बहुमत मिला।एस जयशंकर ने कहा, 'हमारा मैंडेट अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर वैश्विक दक्षिण के साझेदारों के भरोसे और उम्मीदों को दिखाता है। भारत परिषद में इस यकीन के साथ आ रहा है कि मानवाधिकारों को आगे बढ़ाने का सबसे प्रभावी तरीका संवाद, क्षमता-निर्माण और वास्तविक साझेदारी है, न कि उसका राजनीतिकरण, चयनात्मक दृष्टिकोण या दोहरे मापदंड।'

उन्होंने कहा कि मानवाधिकार के बारे में भारत का विजन 'इस समझ पर आधारित है कि किसी भी इलाके की असुरक्षा या किसी भी समूह का अलग-थलग होना, आखिरकार सभी के अधिकारों और भलाई को कमजोर करता है।'

ईएएम ने अपने संबोधन के दौरान मानवाधिकार पर कम ध्यान देने को लेकर कुछ पश्चिमी देशों और संस्थाओं की इशारों-इशारों में आलोचना भी की।

मानवाधिकारों पर भारत के बड़े नजरिए को समझाते हुए जयशंकर ने कहा, 'हम एक विकासशील देश के तौर पर अपने अनुभव से यह बात कह रहे हैं, जिसने गरीबी और बाहरी झटके देखे हैं और फिर भी लोकतंत्र, बहुलवाद और सामाजिक न्याय का रास्ता चुना है।'

तकनीक और मानवाधिकार पर चल रही बहस और दुनिया भर में विभाजन और बिगड़ने के खतरों के बीच, ईएएम जयशंकर ने कहा, 'तकनीक मानवाधिकार के लिए एक फोर्स मल्टीप्लायर हो सकती है और होनी भी चाहिए, न कि एक नई फॉल्ट लाइन।'

# मेधा सोमैया मानहानि केस : कोर्ट ने संजय राउत को किया बरी, बोले- 'आज मैं और मेरी पार्टी भी खुश'

**एजेंसी**

**मुंबई ।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने शिवसेना (यूबीटी) के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को मानहानि के एक मामले में बड़ी राहत देते हुए बरी कर दिया है। यह मामला मेधा सोमैया द्वारा दायर किया गया था, जो भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी हैं। मेधा सोमैया मानहानि मामले में सत्र न्यायालय द्वारा बरी किए जाने पर संजय राउत ने कहा, 'मुझे राहत मिली है। निचली अदालत ने मुझे 15 दिन की सजा दी थी। मीरा भायंदर नगर निगम में एक घोटाला हुआ था, और वो मैंने नहीं बोला, इस पर विधानसभा में चर्चा हुई। वहां के विधायक प्रताप सरनाईक ने भी इस पर शिकायत दर्ज की है। उस आधार पर मैंने वक्तव्य दिया था, इसलिए मानहानि का कोई सवाल ही नहीं उठता। लेकिन निचली अदालत ने मुझे 15 दिन जेल की सजा दी। हमारे वकीलों ने कोर्ट में अपनी बात सामने रखी। आज मैं बहुत खुश हूं और मेरी पार्टी भी खुश है कि कोर्ट ने हमें निर्दोष बताया है।' मेधा सोमैया ने आरोप लगाया था कि संजय राउत ने



मीडिया में उनके और उनके पति के खिलाफ झूठे और अपमानजनक बयान दिए थे। संजय राउत ने उन पर मीरा-भायंदर नगर निगम क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के नाम पर 100 करोड़ रुपए के कथित घोटाले का आरोप लगाया था। सोमैया का कहना था कि ये आरोप पूरी तरह निराधार हैं और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाए गए।

इस मामले में पहले मजिस्ट्रेट कोर्ट ने संजय राउत को मानहानि का दोषी ठहराया था। अदालत ने उन्हें 15 दिन की सजा सुनाई थी और 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था। हालांकि, ऊपरी अदालत में अपील करने के लिए सजा पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। इसके बाद राउत ने सत्र न्यायालय में इस फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिस पर अदालत ने अपना निर्णय सुनाते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को पलट दिया और संजय राउत को आरोपों से बरी कर दिया।

# भारतीय टीम को टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाने वेस्टडंडीज पर दर्ज करनी होगी बड़ी जीत

**–अन्य परिणामों पर भी रखनी होगी नजर**

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम की जिम्बाब्वे के खिलाफ 72 रनों की जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में पहुंच गयी। इस प्रकार इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सहित दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गयी हैं। वहीं अब बचे हुए दो स्थानों के लिए भारत सहित चार टीमों वेस्टइंडीज,न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच मुकाबला है।

भारतीय टीम को अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सुपर-8 के अपने अंतिम मुकाबले में वेस्टइंडीज से 1 मार्च को बड़े अंतर से जीतना है। इसके अलावा अन्य मैचों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी।

वहीं एक अन्य दावेदार न्यूजीलैंड ने 2 मैचों में से एक में जीत हासिल की है। न्यूजीलैंड को सुपर-8 के अपने अंतिम मैच में 27 फरवरी को इंग्लैंड से खेलना है। कीवी टीम अगर इंग्लैंड को हरा देती है तो उसे अंतिम ग्यारह में प्रवेश मिल जाएगा पर अगर न्यूजीलैंड इंग्लैंड से हार जाती है, तो टीम के लिए संभावनाएं काफी कम हो जाएंगी। न्यूजीलैंड के लिए केवल सकारात्मक बात ये है कि अभी टीम का नेट रन रेट प्लस 3.050 से काफी बेहतर है।

वहीं पाकिस्तान को 28 फरवरी को सुपर-8 के अपने अंतिम मैच में श्रीलंका से खेलना है। दो मैचों के बाद पाकिस्तान के पास अभी केवल एक अंक है। ऐसे में पाक अगर श्रीलंका को हरा देती है, तो टीम के कुल तीन अंक हो जाएंगे। वहीं पाक को यह भी प्रार्थना करनी होगी कि इंग्लैंड टीम न्यूजीलैंड को हरा दे। अगर पाक टीम श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करने में सफल रहती है और न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ता है तो ऐसी हालत में अच्छे नेट रन रेट वाली टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश मिलेगा।



# रिंकू सिंह के पिता का निधन, लिवर कैंसर से पीड़ित थे, बीसीसीआई सहित कई क्रिकेटरों ने शोक जताया



**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रिंकू सिंह के पिता खानचंद्र सिंह का आज तड़के निधन हो गया। वह 60 साल के थे और पिछले काफी समय से लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उसके पिता को गंभीर हालात में ग्रेटर ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था पर उन्हें बचाया नहीं जा सका।

लिवर कैंसर फोर्थ स्टेज में पहुंचने के बाद से ही उनकी हालात खराब चल रही थी। इसी कारण रिंकू भी विश्वकप के बीच ही आचानक अस्पताल पहुंचे थे। वह पिछले कुछ समय से गंभीर हालत में होने के कारण वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गये थे। डॉक्टरों ने उन्हें स्थिर करने की कोशिश की थी और लगातार किडनी रिप्लेसमेंट थेरेपी चल रही थी। मगर उनकी हालत संभल नहीं पायी। पिता के निधन के बाद से ही रिंकू के परिवार में मातम छाया हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी रिंकू के पिता के निधन पर शोक जताया है। शुक्ला ने लिखा, क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता श्री खानचंद सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू और उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोककुल परिवार को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह सहित कई अन्य क्रिकेटरों ने भी रिंकू के परिवार के प्रति संवेदना जतायी है। रिंकू गत दिवस जम्बिाब्वे के खिलाफ मैच भी नहीं खेल पाए थे। रिंकू अपने पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसके बाद वह तुरंत चेन्नई लौट आए पर टीम प्रबंधन ने उन्हें अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया था।

# हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की वजह बताई



**होबार्ट (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में खराब बल्लेबाजी की वजह से उन्हें लगातार हार का सामना करना पड़ा। पिछले साल नवंबर में विश्व चैंपियन बनने के बाद यह भारतीय टीम की पहली 50 ओवर की श्रृंखला है। भारत ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराकर शानदार शुरुआत की। लेकिन रविवार को एक मैच बाकी रहते पहले दो वनडे गंवा दिए।

दोनों टीमें सभी प्रारूप की सीरीज खेल रही हैं जिसका फैसला अंक के आधार पर होगा। वनडे श्रृंखला के बाद एक टेस्ट भी खेला जाएगा। दूसरे वनडे में मिली पांच विकेट की हार के बाद हरमनप्रीत ने कहा, %हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। एक समूह के तौर पर हमने तय किया कि पहले बल्लेबाजी करते हैं और 300 से ज्यादा का स्कोर बनाएंगे क्योंकि पिच पिछले मैच की पिच से कहीं बेहतर थी।' उन्होंने कहा, 'लेकिन बदकिस्मती से हमने फिर वही गलतियां कीं। हमने लगातार विकेट गंवाए और ज्यादा रन नहीं बना पाए।'

हरमनप्रीत ने कहा, 'हम चाहे पहले बल्लेबाजी करें या लक्ष्य का पीछा करते हुए, हमें बहुत अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी क्योंकि जब भी हम अच्छी बल्लेबाजी करे हैं, हम अच्छी स्थिति में होते हैं। पिछले दो मैच में हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और इसका हमें नुकसान हुआ। उम्मीद है कि अगले मैच में हम ऐसा करेंगे।'

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली संन्यास लेने से पहले रविवार को अपना आखिरी मैच खेलेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं परिणाम से बहुत खुश हूं। यह उन मैच में से एक था जहा मुझे लगा कि वे अच्छा स्कोर बनाने से बहुत पीछे रह गए, लेकिन साथ ही यह हमारे लिए हताशाजनक भी था क्योंकि मुझे लगा कि हम उन्हें थोड़ा और पहले आउट कर सकते थे। लेकिन इस तरह के विकेट पर उन्हें 250 रन पर रोकना हमारी टीम की एक शानदार कोशिश थी।'

# जॉर्जिया, लिचफील्ड की अच्छी बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया

**–सीरीज 2–0 से जीती**

**होबार्ट (एजेंसी)।** जॉर्जिया वोल के शतक 101 रन और फीबी लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका रावल के अर्धशतक से भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 251 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 36.1 ओवरों में ही पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस प्रकार तीन मैचों की सीरीज मेजबान टीम ने 2-0 से जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहना एकदिवसीय भी जीता था।



इस दूसरे मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका के अर्धशतक से 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में छह चौके लगाकर 52 रन बनाये। प्रतीका ने स्मृति मंधाना 31 के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन बनाये। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में टीम 50 ओवरों में 251 रनों के अच्छे स्कोर तक पहुंच पायी। ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया के 101 और लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से तय ओवरों से पहले ही मैच जैच लिया। इस प्रकार

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी ठीक नहं रही और उसने कप्तान एलिसा हीली का विकेट शुरुआत में ही खो दिया। हीली ने केवल 6 रन बनाये। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन बनाकर जॉर्जिया और लिचफील्ड ने अपनी टीम को संभाला। भारत की ओर से भारत की ओर से काशवी गौतम ने 47 रन देकर दो विकेट लिए। जबकि दीप्ति शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लिए।

एशले गार्डनर ने चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिलायी।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बदले हुए वजन वर्ग में उतरेंगे पहलवान रवि दहिया

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है।इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर–23 विश्व चैंपियनशिप में मिली।तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था।वहीं साल 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की थी। रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं।2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे।टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण पदक जीता था।उनके पिता राकेश दहिया तो किसान हैं, लेकिन उनके चाचा मुकेश दहिया कुश्ती से जुड़े रहे हैं।इस वजह से रवि को कुश्ती विरासत में मिली है, जिसे उन्होंने अपने प्रयासों से सफल बनाया है। रवि ने केवल 10 साल की उम्र में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में कुश्ती प्रशिक्षण के लिए दाखिला लिया।

# बांग्लादेश भी शुरु कर रहा महिला क्रिकेट लीग, भारतीय खिलाड़ियों को भी दिया आमंत्रण

ढाका ।बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) भी अब भारत के डब्ल्यूपीएल की तर्ज पर महिलाओं के लिए एक क्रिकेट लीग शुरु हरने जा रही है।इस लीग का नाम बांग्लादेश महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूबीपीएल) रखा गया है।इस लीग के मुकाबले 4 से 14 अप्रैल तक चलेंगे।ये टूर्नामेंट तीन टीमों के बीच होगा।बीसीबी ने इस लीग में खेलने का आमंत्रण भारतीय महिला खिलाड़ियों को भी दिया है।ये लीग इस उद्घाटन 4 अप्रैल को चटगांव में मुकाबले के साथ ही होगा।वहीं इसका खिताबी मुकाबला ढाका में खेला जाएगा।आईसीसी महिला टी20 विश्व कप इसी साल जून में होने वाली है और ऐसे में बीसीबी को उम्मीद है कि इस लीग से खिलाड़ियों को अभ्यास का अच्छा अवसर मिलेगा।इसके साथ ही इससे नई प्रतिभाएं भी सामने आयेंगी।बीसीबी के अनुसार उसने इसमें शामिल होने का आमंत्रण भारतीय महिला क्रिकेटरों के साथ ही सभी देशों को दिया है।लीग गवर्निंग काउंसिल की प्रमुख रुबाबा डोवला ने कहा कि किसी भी देश की खिलाड़ी पर इसमें भाग लेने कोई रोक नहीं है।हाल ही में जिस प्रकार बीसीबी के भारतीय बोर्ड से मतभेद हुए हैं।उसको देखते हुए माना जा रहा है कि बीसीबी अब भारतीय बोर्ड से संबंधों को बेहतर करना चाहता है।डब्लयूबीपीएल इस लीग के लिए नीलामी मॉडल की जगह ड्राफ्ट सिस्टम अपनाएगा।

# अभिषेक के फार्म हासिल करने पर युवराज ने खुशी जतायी, बोले बल्ले से ही आता है असली जवाब




नई दिल्ली ।पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह टी20 विश्वकप में अपने शिष्य अभिषेक शर्मा की शानदार पारी से बेहद खुश हैं।अभिषेक इस टूर्नामेंट में पहली बार अच्छी पारी खेलने में सफल रहे हैं।अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर–आठ में 55 रनों की शानदार पारी खेलकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वहीं शुरुआती तीन लीग स्तर के मैचों में वह शून्य पर ही पेवेलियन लौट गये थे जबकि सुपर–8 के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 रन ही बना पाये थे। ऐसे में वह प्रशंसकों के निशाने पर थे। वहीं अब अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शर्मा ने 30 गेंद में 55 रन बनाकर लय हासिल की है। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 4 छक्के भी जड़े। सेमीफाइनल से ठीक पहले अभिषेक के फार्म में आने से उनके गुरु युवराज बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिय में लिखा, अच्छी पारी सर अभिषेक, जारी रखो। अभिषेक ने जिम्बाब्वे के खिलाफ संभलकर खेला पर अवसर मिलते हुए बड़े शॉट भी लगा दिये। इस बल्लेबाज ने हर गेंद पर बड़े शॉट लगाने की जगह पर स्ट्राइक रोटेट करने पर ध्यान दिया जिससे भी उन्हें लाभ हुआ। इसी को देखते हुए युवराज ने लिखा, असली जवाब तब होता है जब आप अपने बल्ले को ही सारी बात करने देते हैं। अच्छी पारी, सर अभिषेक। ऐसे ही लगे रहिए।

# हम विरोधी गेंदबाजों में डर देखना चाहते थे: तिलक

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में टीम तय करके उतरी थी कि शुरुआत से ही विरोधी टीम पर दबाव बनाया जाये। तिलक के अनुसार हमारी टीम चाहती थी कि विरोध गेंदबाजों के अंदर डर का माहौल बने। जिससे कि वह सटीक गेंदबाजी नह कर पायें। भारतीय टीम ने चेन्नई में हुए इस सुपर-8 मैच में 256 रन बनाकर जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की। तिलक ने कहा, हम टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर बात की थी कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी गंवा दें तब भी आक्रामक होकर ही खेलेंगे।

तिलक ने संजू सैमसन की पारी की भी सराहना की। सैमसन ने पारी की शुरुआत करते हुए 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में ही 48 रनों की साझेदारी बनायी। तिलक ने कहा, जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी मनोबल बढ़ता है। सैमसन ने अच्छी शुरुआत की। इसके बाद हम विरोधी गेंदबाजों के अंदर डर देखना चाहते थे। और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, हमने मैच से ठीक पहले बात की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का मनोबल बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी दबाव के अपना स्वाभाविक खेल खेलने को कहा था। उन्होंने कहा, कोच कहा था कि हालात चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीजमें खेली थी।तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और कोच की बातों से बल्लेबाजों के अंदर उत्साह पैदा। उन्होंने कहा, अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं पर इस खेल में मानसिकता भी अहम भूमिका निभाती है। पहले हमारी मानसिकता यह थी कि विकेट गिरने के बाद हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय देते थे पर इस मैच में अहम अगल रणनीति से उतरे। इससे पूरा दबाव विरोधी टीम पर आ गया।




# किदांबी श्रीकांत बाहर, जर्मन ओपन में भारत का अभियान खत्म



मुल्हेम एन डेर रूहर। जर्मन ओपन 2026 में भारत की चुनौती गुरुवार को निराशाजनक तरीके से खत्म हुई, जब किदांबी श्रीकांत पुरुष सिंगल्स के दूसरे राउंड में सीधे गेम में हार गए, और टूर्नामेंट से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियनशिप सिल्वर मेडलिस्ट और मौजूदा वर्ल्ड नंबर 32 चीनी ताइपे के 11वीं रैंक वाले लिन चुन–यी से सिर्फ़ 32 मिनट में 21–14, 21–9 से हार गए।ताइवानी शटलर के खिलाफ़ इतने ही हेड–टू–हेड मुकाबलों में श्रीकांत की यह दूसरी हार थी। जनवरी में इंडिया ओपन 2026 का टाइटल जीतने वाले लिन ने इससे पहले स्विस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में श्रीकांत को तीन गेम में हराया था। श्रीकांत ने शानदार शुरुआत की, पहले गेम में 9–5 की बढ़त बना ली।हालांकि, लिन ने धीरे–धीरे वापसी की, कमी को दूर करते हुए 12–10 से आगे हो गए और फिर आराम से पहला गेम जीत लिया। इंटरवल के बाद ताइवानी शटलर का मोमेंटम मज़बूत रहा, उन्होंने दूसरे गेम में 7–1 की बढ़त बना ली और पूरे गेम में कंट्रोल बनाए रखा, जिससे श्रीकांत वापसी नहीं कर पाए।इंडियन खिलाड़ी ने इंडिया ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में क्वार्टर–फाइनल में जगह बनाने के बाद इस टूर्नामेंट में एंट्री की थी और इस महीने की शुरुआत में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में भी देश को रिप्रेजेंट किया था। बुधवार को जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा, मालविका बंसोड़ और किरण जॉर्ज के पहले राउंड से बाहर होने से भारत की चुनौती पहले ही कम हो गई थी।भारतीय शटलर अब मशहूर ऑल इंग्लैंड ओपन 2026 में हिस्सा लेंगे, जो अगले मंगलवार को बर्मिंघम में शुरू होगा।

# सेंटनर जैसा कप्तान होना हमारे लिए फायदेमंद : रचिन रविंद्र




कोलंबो ।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र ने टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह खिलाड़ियों को मजबूती का अनुभव कराते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। रचिन के अनुसार सैंटनर किसी भी परेशानी में टीम के बचाव में उतरते हैं और अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित अनुभव कराते हैं। रविंद्र ने कहा, सैंटनर काफी शांत स्वभाव के हैं पर इसके साथ ही उनका सोचने का अंदाज भी काफी सुलझा हुआ है, जैसे कि किस छोर से कैसी गेंद की जानी चाहिये। इससे भी अहम बात ये है कि वह अच्छा प्रदर्शन करके आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं। वह हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़े रहते हैं और उनका हौसला बढ़ाते हैं। मेरा मानना है कि उनके जैसा कप्तान मिलना टीम के लिए काफी फायदेमंद है।उनके नेतृत्व में मैदान पर उतरते ही आपको ऐसा अहसास होता है जैसे आप काफी सशक्त ।टीम में उनकी मौजूदगी से ही खिलाड़ी प्रेरित रहते हैं।यह केवल खिलाड़ियों को प्रेरित करने तक सीमित नहीं है।उपमहाद्वीप की पिचों पर गेंदबाजी करने का सैंटनर का अनुभव भी उन्हें विशेष बनाता है। वह अपनी स्पिनरों की हर प्रकार से सहाता करते हैं।इसीक कारण आज हमारे पास उनकी तरह के कई गेंदबाज हैं। वह हमें बताते हैं कि कैसी गेंदबाजी करनी है। इससे उभारते हुए खिलाड़ियों को काफी लाभ होता है।

# टी20 विश्व कप : जिम्बाब्वे पर जीत से सूर्यकुमार खुश, लेकिन इस विभाग में सुधार की बात की


**चेन्नई (एजेंसी)।** बल्ले से थोड़ी देर के लिए कुछ खास करने के बाद, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पूरी टीम से बहुत खुश थे, जिन्होंने सबसे जरूरी मौके पर अच्छा प्रदर्शन किया, क्योंकि पिछली चैंपियन टीम ने कल रात यहां जरूरी मैच में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप से बाहर कर दिया।

भारतीय कप्तान ने बाएं हाथ के अभिषेक शर्मा की जबरदस्त हाफ सेंचुरी से शो जीत लिया, जिन्होंने तीन बार डक के बाद अपनी बड़ी हिटिंग स्किल में वापसी का इशारा दिया, और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक पांड्या ने जिम्बाब्वे के अटैक का जमकर मजा लिया, जिससे भारत ने चार विकेट पर 256 रन बनाए, जो भारत का अब तक का सबसे बड़ा टोटल और टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। बाद में गेंदबाजों ने भी बैट्समैन के अच्छे काम में अपनी भूमिका निभाई और जिम्बाब्वे को 6 विकेट पर 184 रन पर रोक दिया, जिससे भारत ने 72 रन के बड़े अंतर से जीत हासिल की और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं।

भारत को अपने पहले सुपर आठ मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का अगला मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ मशहूर ईडन गार्डन में एक तरह से क्वार्टरफाइनल नॉकआउट होगा, जिसमें जीतने वाला लास्ट फोर ग्रेड में पहुंच जाएगा। मैच के बाद सूर्यकुमार यादव ने कहा कि सभी बल्लेबाजों का योगदान देखकर खुशी हुई, उन्होंने सब कुछ पीछे छोड़ दिया (प्रोटियाज़ के खिलाफ हार)। हालांकि उन्होंने कहा कि टीम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकती थी, लेकिन स्काई ने कहा, 'जीत तो जीत होती है और कैरिबियन के खिलाफ नॉक आउट मुकाबले से पहले शिकंजा कसने की अहमियत के बारे में बात की।'


सूर्यकुमार यादव ने जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को भी पूरा क्रेडिट देते हुए कहा कि उन्होंने बहुत स्मार्ट बैटिंग की, जिसमें ओपनर ब्रायन बेनेट 97 (834, 636) रन पर नाबाद रहे और एक ऐसे टारगेट का पीछा करते हुए अकेले ही आगे बढ़े जो नामुमकिन साबित हुआ। स्काई ने कहा, 'हम सब कुछ पीछे छोड़ना चाहते थे, पिछला गेम, ग्रुप स्टेज। सभी बैट्समैन का योगदान था और यह देखकर खुशी हुई।हम बॉल के साथ और क्लिनिकल हो सकते थे लेकिन जीत तो जीत होती है। हमें वेस्ट इंडीज मैच से पहले अपना शिकंजा कसने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा, 'मैं जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों से कोई क्रेडिट नहीं लेना चाहता। जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, वह बहुत स्मार्ट थी। बॉलिंग के नजरिए से, हम और बेहतर हो सकते थे। जब हम ऐसे हालात में होते हैं, तो हमें हिम्मत दिखानी होती है। जब हम कोलकाता पहुंचेंगे तो हम प्लान के बारे में सोचेंगे।'



# संगकारा ने श्रीलंकाई क्रिकेट में बदलाव की जरुरत बतायी

कोलंबो।श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कुमार संगकार ने अपनी मेजबानी में हो रहे आईसीसी टी20 विश्वकप से टीम के बाहर होने पर निराशा जतायी है।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये हमारे क्रिकेट भविष्य को लेकर एक चेतावनी भी है, अगर हम अभी नहीं संभले तो इसी प्रकार पिछड़ते जाएंगे। इसलिए अब हमें बड़े बदलाव की जरुरत है। संगकारा ने कहा, इस प्रकार बाहर होने सो हर तरफ बहुत दर्द है।प्रशंसक टूट चुके हैं, निराश और गुस्से में हैं। खिलाड़ी भी बेहद आहत हैं। मैं ऐसे ड्रेसिंग रूम में रहा हूं, यह आसान नहीं होता। लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करना एक जिम्मेदारी भी है और सौभाग्य भी। संगकारा ने खिलाड़ियों के जज्बे को समझते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी का हिस्सा है, लेकिन इससे उबरने के लिए बदलाव जरूरी है। संगकारा ने कहा कि इस हार से हमें सबके लेते हुए खेल ढ़ांच में बदलाव करना होगा। साथ ही कहा, हर स्तर पर हमें काफी कुछ करने की जरुरत है। हम एक जैसी गलतियां दोहराते रहेंगे तो बेहतर परिणामों की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अधुनिक क्रिकेट तेजी से बदल रहा है और हमें उसके अनुरुप ढ़लना होगा।अगर हमने अपने को नहीं बदला तो हम बाहर हो जाएंगे।





## ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने की अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म 'कश्मीर फाइल्स' फेम निर्देशक विवेक अग्निहोत्री को लेकर ऐसी चर्चा है कि वे पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों की तरफ से पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। ऐसी अफवाहों पर विवेक अग्निहोत्री ने चुप्पी तोड़ी है।
पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 आतंकी हमला हुआ था इसके बाद भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विवेक, टी-सीरीज के साथ मिलकर ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाने वाले हैं। वहीं, इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, एक बातचीत में विवेक अग्निहोत्री ने इस टॉपिक पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने और डिटेल्स बताने से मना कर दिया।
विवेक अग्निहोत्री ने ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित फिल्म बनाने संबंधी रिपोर्ट्स की पुष्टि करने या खारिज करने से मना करते हुए कहा, 'मैं किसी का नाम नहीं बता रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि मैं एक बड़े नेशनलिस्टिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा हूं और मैं अपने समय पर इसका एलान करूंगा। यह बहुत बड़ा और बहुत ही दिलचस्प प्रोजेक्ट है।

### अफवाहों को न खारिज किया, न ही पुष्टि की

पिंकविला के मुताबिक, प्रोडक्शन हाउस के करीबी सूत्रों ने बताया, 'भूषण कुमार और विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए हाथ मिलाया है। इसे टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जाएगा। विवेक अग्निहोत्री इसके निर्देशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। हालांकि, विवेक अग्निहोत्री से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बताया। उन्होंने न ही पुष्टि की, न ही खारिज किया। हालांकि, देखना दिलचस्प होगा कि निर्देशक ने अपने जिस अगले प्रोजेक्ट की बात की है, क्या वह इसी मुद्दे पर है या किसी और विषय पर फिल्म बना रहे हैं।



# मृणाल ठाकुर के एक्स बॉयफ्रेंड को थी इन एक्टर्स से इनसिक्योरिटी

**मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी यूट्यूब पर रौनक रजनी के शो में अपनी आने वाली फिल्म दो दिवाने सहर में के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बीच मृणाल ने शेयर किया कि उनका एक्स-बॉयफ्रेंड उनके को-एक्टर्स को लेकर कितना इनसिक्योर था।**

### इनसिक्योरिटी पर बोलीं मृणाल

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या वे खुद को एक इनसिक्योर मानती हैं या नहीं। तब, उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी उन्हें इनसिक्योरिटी होती है और इसके लिए उन्होंने अपने एक्स-बॉयफ्रेंड से जुड़ी एक कहानी शेयर की। मृणाल ने कहा, 'करियर के शुरुआती दिनों में, मैं ऋतिक रोशन के साथ 'सुपर 30' और शाहिद कपूर के साथ 'जर्सी' की शूटिंग कर रही थी। जो मेरा बॉयफ्रेंड था, उसे लगता था कि मैं अच्छे दिखने वाले एक्टर्स के साथ शूटिंग कर रही हूं और घूम रही हूं। इस वजह से उसे इनसिक्योरिटी होने लगी। उसने वर्कआउट करना शुरू कर दिया और 15-17 किलो वजन घटाकर मसल्स बनाए। लेकिन कुछ दिनों बाद, उसने वर्कआउट बंद कर दिया। फिर खाकर 20 किलो बढ़ा लिया। मेरे बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं थक गया हूं तुम्हारे एक्टर्स की बराबरी करने की वजह से। लेकिन असल में मैंने कभी उससे वजन घटाने को नहीं कहा। यह उसकी इनसिक्योरिटी थी, इससे मेरा कुछ लेना-देना नहीं था।

### इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस

मृणाल ठाकुर जल्द ही 'दो दीवाने सहर में' नजर आने वाली हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें वे सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। रवि उदयवार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्माता संजय लीला भंसाली हैं।




## 'अक्यूज्ड' के ट्रेलर में दिखा प्रतिभा रांटा का दमदार अंदाज

इस महीने की शुरुआत में नेटफ्लिक्स ने इस साल आने वाले अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा की थी। इसमें एक नाम शामिल था नेटफ्लिक्स की फिल्म 'अक्यूज्ड' का। कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा स्टारर इस फिल्म का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। यह एक सस्पेंस-थ्रिलर ड्रामा है।
'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है। कहानी के केंद्र में हैं डॉ. गीतिका (कोंकणा सेन शर्मा), जो एक जाने-माने हॉस्पिटल में सबसे कम उम्र की हेड ऑफ डिपार्टमेंट के तौर पर काम कर रही हैं। डॉ. गीतिका एक मशहूर एलजीबीटीक्यू गायनेकोलॉजिस्ट हैं। वह डीन बनने की तैयारी कर रही हैं। गीतिका अपनी लेस्बियन पार्टनर मीरा (प्रतिभा रांटा) के साथ मिलकर एक बच्चे को एडॉप्ट करने की प्लानिंग करती हैं। लेकिन तभी सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाता है। डॉ. गीतिका पर यौन दुराचार के गंभीर आरोप लगते हैं। उन्हें काफी कुछ कहा जाता है। इससे डॉ. गीतिका की जिंदगी और करियर, दोनों में भूचाल आ जाता है। जनता और अधिकारियों का शक बढ़ता है और सच्चाई धुंधली होती जाती है। इसके पीछे कौन है और क्या वजह है, ये फिल्म देखने पर पता चलेगा। इस सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म को अनुराग कश्यप की बहन अनुभूति कश्यप ने डायरेक्ट किया है। वो इससे पहले आयुष्मान खुराना की 'डॉक्टर जी' का भी निर्देशन कर चुकी हैं। वहीं करण जौहर के डिजिटल प्रोडक्शन हाउस धर्माटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म का निर्माण किया गया है। फिल्म की कहानी भी अनुभूति कश्यप ने ही लिखी है। फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा के अलावा आदित्य नंदा और सुकांत गोयल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। 'अक्यूज्ड' 27 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



## 'नागिन 7' में अपनी डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुईं प्रियंका चाहर चौधरी

प्रियंका चाहर चौधरी निर्माता एकता कपूर के सीरियल 'नागिन 7' में मुख्य भूमिका में टीवी पर वापस आई हैं। शुरू में लोगों ने उनकी एक्टिंग और 'नागिन' के लुक की काफी तारीफ की थी। लेकिन हाल ही में शो का एक सीन वायरल हुआ है, जिसमें प्रियंका के डायलॉग डिलीवरी पर नेटिजन्स सवाल उठा रहे हैं।

### डायलॉग डिलीवरी को लेकर ट्रोल हुईं प्रियंका

'नागिन 7' में एक सीन में प्रियंका चाहर चौधरी 'नागिन' के रूप में एक भ्रष्ट पुलिस वाले को पीटते हुए उसकी गलतियां गिनाती हैं। यह एक लंबा संवाद वाला सीन है। इस सीन को देखने के बाद कई दर्शक निराश हो गए और सोशल मीडिया पर प्रियंका की डायलॉग बोलने की स्टाइल की कड़ी आलोचना कर रहे हैं।




## मैं कभी बॉलीवुड नहीं छोड़ना चाहती थी

एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा दुनियाभर में मशहूर हैं। उन्होंने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में काम किया है और अपने करियर में कई शानदार फिल्में की हैं। अपने करियर के पीक समय में उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था और हॉलीवुड का रुख किया था। लेकिन अब प्रियंका चोपड़ा ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि वे कभी बॉलीवुड छोड़ना नहीं चाहती थीं, लेकिन परिस्थितियों ने उन्हें हिंदी सिनेमा से बाहर मौके तलाशने के लिए 'पुश' किया।' बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के अपने सफर पर बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने खुलकर अपनी दिल की बात शेयर की। प्रियंका ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं कभी बॉलीवुड छोड़ना चाहती थी। लेकिन जब मैं हिंदी फिल्मों में काम कर रही थी, तो कई वजहों से खुद को थोड़ा सीमित महसूस करती थी। मैं अपने काम का दायरा बढ़ाना चाहती थी। एक कलाकार के तौर पर मैं कुछ नया और रोमांचक करना चाहती थी। इसी सोच ने मुझे दूसरे मौके तलाशने के लिए प्रेरित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'इसी तलाश ने मुझे अमेरिका पहुंचाया। अब करीब 12 साल बाद मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उस मुकाम पर हूं, जहां मैं अपने मनपसंद और बेहतरीन प्रोजेक्ट्स चुन सकती हूं। लेकिन यह सफर बिल्कुल आसान नहीं था।'

### मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे मेरी इंडियन फिल्मों से प्यार है। मैं बहुत खुश हूं कि वापस भारत में आकर वाराणसी फिल्म के लिए काम कर रही हूं। मैं कभी भी इन दोनों में से किसी एक को चुनना नहीं चाहूंगी। मैंने कभी ऐसा किया भी नहीं। मुझे लगता है कि मैं दोनों इंडस्ट्री के बीच संतुलन बनाकर चलती हूं और मुझे दोनों इंडस्ट्री में काम करना पसंद है। दोनों जगह काम करने का तरीका कई मायनों में अलग है, ठीक वैसे ही जैसे उनकी संस्कृतियां अलग होती हैं। लेकिन अब मेरा दिमाग दोनों तरीकों से सोचने का आदी हो चुका है। यह अपने आप में एक अनोखा, शानदार और मजेदार अनुभव है।'



# अस्सी की कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से प्रेरित है

**अनुभव सिन्हा की 'अस्सी' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। देश में होने वाली दुष्कर्म की घटनाओं पर आधारित यह फिल्म अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चाओं में हैं। हालांकि, जब इस फिल्म की घोषणा हुई थी, तो लोगों को लगा था कि अनुभव सिन्हा अपने गृहनगर वाराणसी के अस्सी घाट की कहानी लेकर आ रहे हैं। लेकिन जल्द ही पता चल गया कि कहानी एक संवेदनशील और जरूरी मुद्दे पर आधारित है। फिल्म को लेकर निर्देशक का कहना है कि कहानी का मूल विचार समाचार पत्रों की सुर्खियों से ही प्रेरित है।**

### लोगों को अब अपराध की गंभीरता से फर्क नहीं पड़ता

बातचीत में अनुभव सिन्हा ने फिल्म को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि हमारे चारों ओर सूचनाओं की भरमार के कारण, दर्शकों को किसी अपराध की गंभीरता का एहसास कराना कठिन होता जा रहा है। फिर चाहे वह बलात्कार जैसा जघन्य अपराध ही क्यों न हो। अब यह उतना मायने नहीं रखता कि आपकी आंखों के सामने क्या है, बल्कि यह मायने रखता है कि क्या आकर्षक है। आप उससे विचलित हो जाते हैं। इसलिए यह कोई गपशप या सनसनीखेज कहानी हो सकती है, क्योंकि यह अब सनसनीखेज नहीं रह गई है।

### बॉक्स ऑफिस नंबर्स गपशप का विषय

बॉक्स ऑफिस नंबर्स और क्रिटिक्स की रेटिंग को लेकर निर्देशक का कहना है कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और समीक्षाओं में स्टार रेटिंग जैसी मामूली बातें भी चर्चा को एक संख्या तक सीमित कर देती हैं। जबकि असल मुद्दा चिंता का विषय होना चाहिए। ये आंकड़े गपशप का अच्छा जरिया हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इसे समझ रहे होंगे। उन्हें यह समझ नहीं आता कि दुनिया भर में कुल कमाई, भारत में कुल कमाई और भारत में शुद्ध कमाई क्या होती है। उन्हें यह नहीं पता कि निर्माता को बताई गई रकम का 50% से भी कम मिलता है। 400 करोड़ रुपये, 700 करोड़ रुपये और 800 करोड़ रुपये जैसे आंकड़े तो बहुत ही महत्वाकांक्षी लगते हैं। लेकिन मुझे उम्मीद है कि दर्शक इन आंकड़ों को गंभीरता से नहीं लेंगे। अगर मैं कर सकता तो मैं अपने आंकड़े घोषित नहीं करता, चाहे वे कितने भी अच्छे या बुरे क्यों न हों। लेकिन मैं इसे नहीं रोक सकता।

### कोर्टरूम के अंदर के माहौल से असल में हुआ वाकिफ

कोर्टरूम को लेकर अनुभव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में मेरी दो वरिष्ठ महिला वकील दोस्त हैं। हमने उन्हें कहानी सुनाई। उन्होंने कहा, 'आप लोग इतनी गंदी कोर्ट शूटिंग करते हो। आपने कभी कोर्ट देखी है?' मैंने कहा, 'जी हां, सुप्रीम कोर्ट।' तो उन्होंने कहा, 'इसीलिए! आपने वो शांत, परिष्कृत कोर्टरूम देखा है जहां हर कोई चुपचाप सुनता रहता है। लेकिन फिल्म का मामला उस कोर्ट में नहीं जाएगा। अगले ही दिन मैंने नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट का दौरा किया और वहां का नजारा देखकर दंग रह गया। मुझे एहसास हुआ कि मैंने फिल्म 'मुल्क' के कोर्टरूम सीन गलत तरीके से फिल्माए थे। यह कोर्टरूम बहुत भीड़भाड़ वाला और अव्यवस्थित है। मुझे कोर्टरूम की यह शीतलता बहुत पसंद आई। कोर्टरूम अपने काम में इतना मशगूल रहता है जबकि आपका जीवन इस पर निर्भर करता है।

### छोटे शहरों में भी देखी जाती हैं 'अस्सी' जैसी फिल्में

अनुभव सिन्हा का मानना है कि वो इस धारणा को तोड़ देंगे कि 'अस्सी' जैसी फिल्में जनता के लिए नहीं होती हैं। उन्होंने अपने जमीनी स्तर के अभियान 'चल सिनेमा चलें' के तहत भारत के 40 दूसरे दर्जे के शहरों का दौरा किया है। उनका कहना है कि यह एक गलत धारणा है। उन्होंने कहा कि अब मैं कह सकता हूं कि दूसरे दर्जे के शहरों में इस तरह की फिल्में नहीं देखी जातीं। वे सिर्फ जवान या कांतारा जैसी फिल्में देखते हैं। बेशक उन्हें वो फिल्में ज्यादा पसंद आती हैं। लेकिन इन फिल्मों में भी उनकी काफी दिलचस्पी है। दिक्कत ये थी कि हम उन्हें सही तरीके से फिल्म नहीं दिखा पा रहे थे। इसलिए इस बार मेरा पूरा अभियान घर-घर जाकर प्रचार करने पर केंद्रित है। पिछले दो महीनों से हम छोटे शहरों में फिल्म का प्रचार कर रहे हैं।



# जिसमें मन को खुशी मिले वही काम करें

हर इंसान की पसंद, जरूरतें और प्राथमिकताएं दूसरे से अलग होती हैं। इसलिए दूसरों की बिन मांगी सलाह पर अमल करने के बजाय हमें वही करना चाहिए, जो खुद को सही लगे। मैंने दिल्ली विश्वविद्यालय से जूलॉजी में एमएससी किया था। मैं बचपन से ही पढ़ाई में काफी अच्छी थी और मुझे टीचिंग का प्रोफेशन बहुत पसंद था। मैं करियर को लेकर ज्यादा महत्वाकांक्षी नहीं हूं और न ही मेरे मन में ज्यादा पैसे कमाने की लालसा है। मेरे पैरेंट्स चाहते थे कि मैं आगे रिसर्च करूं और साइंटिस्ट बनूं। इसलिए उनका मन रखने के लिए मैंने रिसर्च के लिए बीएचयू में अप्लाई कर दिया था और वहां से बुलावा भी आ गया था। इसी बीच बरेली के एक कॉलेज में भी मुझे जॉब मिल गई जिसे छोड़कर मैं बनारस नहीं जाना चाहती थी।
तब परिवार के अलावा दोस्तों और पास-पड़ोस के लोगों ने मुझे बहुत समझाया कि ऐसे मौके बार-बार नहीं मिलते और इन्हें खोना मूर्खता होगी। तुम्हें आगे रिसर्च करना चाहिए। इससे भविष्य और उज्जवल होगा। इसके लिए मुझे लोगों से कई तरह की बातें सुनने को मिलीं, पर मैं अपने फैसले पर अडिग रही। मेरा मानना है कि हमें वही कार्य करना चाहिए, जिससे हमारे मन को सच्ची खुशी मिले। अब मैं अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट हूं और मुझे अपने उस निर्णय पर जरा भी अफसोस नहीं है। मैं इस बात का पूरा यकीन करती हूं कि हर इंसान को अपने जीवन से जुड़े सभी महत्वपूर्ण निर्णय खुद ही लेने चाहिए।

## ध्यान नहीं दिया व्यर्थ की बातों पर

मैंने शास्त्रीय संगीत में विशारद की उपाधि हासिल की है, पर शादी के बाद घर-गृहस्थी की जिम्मेदारियों में व्यस्त हो गई। मैं जॉब करना चाहती थी, लोगों के सामने स्टेज पर गाना चाहती थी, जब भी मैं अपनी यह इच्छा जाहिर करती तो मेरे मायके-ससुराल वाले साथ मिलकर मुझे समझाने लगते कि ये सब बेकार की बातें हैं, बाहर की दुनिया स्त्रियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर गाने का इतना ही शौक है तो घर पर ही रियाज कर लिया करो, लेकिन मैं अपनी पहचान बनाना चाहती थी। इसलिए मैंने लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अपनी सारी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए शहर की कुछ सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर मैंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गाना शुरू कर दिया। आज जब लोग मेरे गायन की प्रशंसा करते हैं तो इससे मुझे सच्ची आत्म-संतुष्टि मिलती है। इतना ही नहीं, अब परिवार के लोग भी मेरी इस कामयाबी पर गर्व करते हैं।

## इन सात मंत्रों से रहा जा सकता है खुश

- अपनी सोच हमेशा सकारात्मक रखें। साथ ही प्रतिदिन अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। याद रखें, जिंदगी में कुछ भी असंभव नहीं है, बस पूरी शक्ति के साथ प्रयास करने की जरूरत है। नकारात्मक सोच रखने से न केवल हमारा आत्मविश्वास कमजोर होता है, बल्कि हमारा स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है।
- पुरानी यादों और बातों को भूलकर वर्तमान पर अपना ध्यान केंद्रित करें। याद रखें यदि आप सिर्फ पुरानी यादों और बातों के बारे में सोचती रहेंगी तो वर्तमान का सुख उठाने से वंचित रह जाएंगी।
- जिस जगह या स्थान में जाने पर आपके मन को सुकून मिलता हो, ऐसी जगह पर बार-बार जाएं, लेकिन जहां जाने पर आपका मन दुखी हो जाता हो, वहां बिल्कुल न जाएं।
- जब भी मौका मिले मनपसंद संगीत सुनें। कई शोध-अध्ययनों से यह बात साबित हो चुकी है कि पसंदीदा संगीत तनाव के स्तर को काफी कम कर देता है।
- न किसी ने सही कहा कि किसी को नाराज करने में एक मिनट का भी समय नहीं लगता, लेकिन किसी को हंसाने में घंटों बीत जाते हैं। इसलिए स्वयं भी हंसें और दूसरों को भी हंसने का अवसर प्रदान करें।
- आप जो खाती हैं वही आपके चेहरे और शरीर से झलकता है। खानपान या रहन-सहन में थोड़ी-सी लापरवाही का असर सीधा आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए अपने खानपान पर पर्याप्त ध्यान दें। मौसमी सब्जियों और फलों का नियमित सेवन करें। साथ ही यह भी ध्यान रखें कि आपका खानपान कलरफुल हो अर्थात आपके भोजन में हर रंग का समावेश होना चाहिए।
- विशेषज्ञों का कहना है कि संतुलित डाइट से आप हमेशा फिर रह सकती हैं। न चेहरे पर रौनक तभी आती है, जब आपके शरीर को पूर्ण विश्राम मिले। इसके लिए जरूरी है कि पर्याप्त नींद लें। पर्याप्त नींद लेने से न केवल चेहरे पर चमक आती है, बल्कि स्वास्थ्य भी सही रहता है।





# स्ट्रीट शॉपिंग में अच्छी बार्गेनिंग के लिए फॉलो करें ये स्मार्ट ट्रिक्स

**स्ट्रीट शॉपिंग में सही बार्गेनिंग करने के लिए आप कुछ आसान ट्रिक्स को फॉलो कर सकती हैं और अच्छे सामान सही दामों में खरीद भी सकती हैं।**

दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट हो या फिर मुंबई की लिंकिंग रोड मार्केट, भला किसे सस्ते दामों में अच्छे सामान की शॉपिंग करना अच्छा नहीं लगता है। यूं कहा जाए कि स्ट्रीट शॉपिंग कई लोगों की जरूरत नहीं बल्कि शौक होता है। दरअसल स्ट्रीट मार्केट ऐसे मार्केट होती है जिसमें कई तरह की अच्छी और ब्रांडेड चीजें भी सही दामों में मिल जाती हैं। जब भी स्ट्रीट शॉपिंग की बात आती है तब आप में से कई लोग दुकानदार के बताए दामों पर ही चीजें खरीद लेते होंगे और कई लोग दाम कम कराने के लिए अच्छी बार्गेनिंग भी करते होंगे।
इस तरह की मार्केट में कई बार दुकानदार किसी भी सामान के दाम मनचाहे ढंग से बताते हैं और अगर आपने ठीक तरह से बार्गेनिंग नहीं की तो वो आपको सस्ते दामों वाले सामान भी ज्यादा दामों पर बेच सकते हैं। इसलिए स्ट्रीट शॉपिंग में आपको अच्छी बार्गेनिंग की जरूरत होती है जिससे आप सही सामन उचित दामों में खरीद सकें। अगर आपको बार्गेनिंग नहीं आती है तो आप कुछ स्मार्ट ट्रिक्स से स्ट्रीट शॉपिंग में बार्गेनिंग कर सकते हैं।

## कई दुकानों और स्टालों की जांच करें

आप चाहे दिल्ली की सरोजिनी नगर में स्ट्रीट शॉपिंग कर रही हों या गोवा की फ्ली मार्केट में सामान खरीद रही हों, सबसे पहले आपको किसी एक सामान के लिए कई अलग-अलग स्टालों की जांच करनी चाहिए। ऐसा करके आप देखेंगे कि अधिकांश दुकानों और स्टालों में एक ही तरह के कपड़े और सामान हो सकते हैं। कई बार किसी कपड़े का पैटर्न, प्रिंट, कलर सब लगभग एक जैसा ही होता है लेकिन उनके दाम अलग होते हैं ऐसे में अगर आपको कोई ऐसी चीज मिलती है जो आपको पसंद है, तो कई दुकानों से उसके दाम पता करें। इससे



आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या कोई दुकानदार कीमत को ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। सामान्य तौर पर मार्केट की छोटी दुकानों की तुलना में सड़क के किनारे के स्टालों की दरें हमेशा सस्ती होंगी आप सही कीमत के हिसाब से बार्गेनिंग करके शॉपिंग करें।

## थोड़ा झूठ भी है जरूरी

स्ट्रीट शॉपिंग के समय आपके लिए थोड़ा झूठ बोलना भी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि दुकानदार आपको गंभीरता से ले, तो आपको यह दिखाना होगा कि आप अलग-अलग जगह और कीमतों से परिचित हैं। आप स्ट्रीट शॉपिंग दुकानदार से यह कह सकते हैं कि आप उस खास जगह और बाजारों में अच्छी तरह से खरीदारी करते हैं और आप हर एक सामान के सही दामों से परिचित हैं। ये स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक आपको सस्ते दामों में अच्छी चीजें दिला सकती है।

## अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें

कई बार आपको स्ट्रीट शॉपिंग में कोई ऐसा सामान मिल जाता है जो आपकी पसंद का होता है और आप उसे बहुत दिनों से ढूढ़ रहे होते हैं। ऐसे में उस सामान को देखकर ज्यादा एक्साइटेड होने की बजाय अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें। कभी भी दुकानदार के सामने ये न जटाएं कि आपको किसी सामान की बहुत ज्यादा जरूरत है। अगर दुकानदार आपकी जरूरत को समझ जाता है तो वो बढ़ चढ़ कर दाम बताता है। इसलिए आपका न्यूट्रल रिएक्शन बार्गेनिंग में मदद कर सकता है।

## दुकानदार की कीमत का आधा दाम बताएं

कुछ मामलों में यह बेतुका लग सकता है, लेकिन हमेशा जब भी आओ स्ट्रीट शॉपिंग कर रहे हों तब आप दुकानदार द्वारा बताए दाम का लगभग 50-60% कम करने से आप उस कीमत के करीब पहुंच जाते हैं, जो वास्तव में उस सामान की कीमत है। दरअसल स्ट्रीट शॉपिंग में दुकानदार अपनी इच्छा से दाम बढ़ा देते हैं जो बार्गेनिंग से कम किये जा सकते हैं।

## चीजों में ढूढें डिफेक्ट

जब आप स्ट्रीट शॉपिंग के लिए जाएं तो किसी भी सामान में कोई ऐसा डिफेक्ट ढूंढने की कोशिश करें जो वास्तव में डिफेक्ट न होकर उस कपड़े का डिजाइन या कलर ही हो। लेकिन आप डिफेक्ट के नाम पर अच्छी बार्गेनिंग करके स्ट्रीट शॉपिंग ( भारत के इन राज्यों में उठाएं स्ट्रीट मार्केट का मजा ) में चीजों के दाम कम करा सकती हैं। स्ट्रीट मार्केट में मिलने वाले बहुत से कपड़े वास्तव में ऐसे होते हैं जो होल सेल से आते हैं और इसमें कोई बहुत छोटा सा डिफेक्ट भी हो सकता है जैसे बटन का ढीला होना या किसी जगह की सिलाई खुलना। सामान सेलेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप उसके हर इंच को स्कैन कर लें। यदि डिफेक्ट ज्यादा बड़ा नहीं है तो आप इसके दाम कम करा सकते हैं। वास्तव में यह एक स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक है।

# मेहंदी का रंग चढ़ेगा गहरा जानिए आसान तरीके

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती – संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स –

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें,उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# कैसा होना चाहिए बच्चे का पूरे हफ्ते का डाइट चार्ट

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 8.30 से 9.30 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 11.30 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 4.30 से 5.30 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 7.30 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना

25 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाशते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाशते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

